

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में बने रहने के लिए देश को बांट रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 134 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## धर्म की राजनीति कर रही कांग्रेस: मोदी

● कांग्रेस की होगी करारी हार, संवैधानिक रूप से विपक्ष भी नहीं बन पाएंगे: पीएम नरेंद्र मोदी

**विपक्ष को घेरा**

**पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** लोकसभा चुनाव के चार चरण के लिए मतदान हो चुके हैं। तीन चरण अब भी शेष हैं। चुनाव जीतने के लिए सभी दल जोर लगा रहे हैं। नेता एक-दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने नासिक के डिंडोरी में एक जनसभा को संबोधित किया।

**चुनाव बाद नकली शिवसेना का नामोनिशाना नहीं रहेगा:** जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह लोकसभा चुनाव इतनी बुरी तरह से हार रही है कि उनका संविधान के तहत विपक्ष बनना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इंडी गठबंधन के एक नेता ने सुझाव दिया था कि महाराष्ट्र के छोटे-छोटे दलों को चुनाव के बाद कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। मतलब नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय कर लेंगी। जब ऐसा होगा तो मुझे सबसे अधिक बाला साहब ठाकरे याद आएंगे। बाला साहब कहते थे कि जिस दिन उन्हें लगेगा कि शिवसेना कांग्रेस बन गई है, उस दिन वे शिवसेना को खत्म कर देंगे। मतलब अब नकली शिवसेना का नामोनिशान नहीं रहेगा।

**अल्पसंख्यक का मतलब कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक:** सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15% सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया। इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है।

### नकली शिवसेना-एनसीपी का कांग्रेस में विलय पक्का: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में जनसभा की। उन्होंने कहा- आज मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। हमने कभी किसी का धर्म नहीं देखा। सबके लिए योजनाएं बनाई, सबको योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने कहा- कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें जितना बजट बनाती हैं, उसका 15% सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो, यानी धर्म के आधार पर बजट का भी बंटवारा। धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा और आज भी वो धर्म के आधार पर



भांति-भांति के बंटवारे करने में लगे हुए हैं।

मोदी ने कहा कि बालासाहेब का मानना था कि जिस दिन शिवसेना कांग्रेस की राह पर चलने लगेगी, उस दिन उनकी शिवसेना का अंत हो जाएगा। आज यह जो विनाश हो रहा है, यह बालासाहेब को सबसे ज्यादा दुखी करता होगा। बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना। कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं। नकली शिवसेना पूरी तरह से चुप है। उनकी साझेदारी पाप की साझेदारी है और उनका पाप पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है। चार चरणों के चुनाव में जनता ने उन्हें हर तरफ से हरा दिया है।

### विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं: मोदी

चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराएं हैं।

## केजरीवाल को बेल मिलना स्पेशल ट्रीटमेंट: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक बार फिर कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे। वे 2029 तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। इसके बाद भी वे हमारा नेतृत्व करेंगे। गृह मंत्री ने तिहाड़ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर कहा- मेरा मानना है कि यह कोई रूटीन जजमेंट नहीं था। देश में कई सारे लोग हैं, जिनका मानना है कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत स्पेशल ट्रीटमेंट है। शाह ने लोकसभा चुनाव, भाजपा के नेतृत्व, अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल से रिहाई, ममता बनर्जी, संदेशखाली, इंडी इलायंस, राम मंदिर, अल्पसंख्यक वोट बैंक, पाकिस्तान के परमाणु बम, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर ज्ञानवापी और मथुरा कृष्ण मंदिर विवाद समेत विभिन्न मुद्दों पर बात की। सरकार की स्थिरता देश और दुनियाभर में 130 करोड़ की जनता की इच्छा की व्याख्या करती है। मैं मानता हूं कि हमारे 400 पार के नारे को विपक्ष ने हमेशा की तरह कम दूरदृष्टि की तरह इसे पॉलिटिसाइज किया है। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि स्थिर सरकारें देश को ताकत देती हैं, निर्णायक कदम उठाने में सहायक होती हैं, गरीबों के कल्याण करने में सहायत होती है,आतंकवाद-नक्सलवाद और नेशनल सिक्योरिटी के खतरों को कुचल देने में मदद करती हैं और देश के एजेंडों को दुनिया में फैलाने में भी मदद करती हैं। केजरीवाल कह रहे हैं कि झाड़ू में वोट डलेगा तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा। यह सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट रूप से कंटेम्ट है।

**स्पष्ट किया**

**मोदी 2029 तक पीएम बने रहेंगे, उसके बाद भी वे हमारा नेतृत्व करेंगे: गृह मंत्री अमित शाह**

**आदर्श विचार**



"ज्यादा खुश होने पर और ज्यादा दुखी होने पर निर्णय नहीं लेना चाहिए।"

-श्रीमद भगवद गीता

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।" -विवेकानंद

### जंगल की आग को काबू करने में कार्रवाई चिंताजनक: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सर्वोच्च अदालत ने उत्तराखंड सरकार को बुधवार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि जंगल की आग को काबू में करने का राज्य का दृष्टिकोण चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है। पीठ में न्यायमर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल हैं। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि कई योजनाएं तैयार की जाती हैं लेकिन कदम कोई भी नहीं उठाए जा रहे हैं। साथ ही शीर्ष अदालत ने वन विभाग में भारी रिक्तियों के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि पदों को भरने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

**उत्तराखंड के यह इलाके हैं संवेदनशील:** पिथौरागढ़ वन प्रभाग में पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, बेड़ीनाग, डीडीहाट, अस्कोट, धारचूला, मुनस्यारी रेंज हैं। इसमें डीडीहाट रेंज आग की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील है। चंपावत वन प्रभाग के अंतर्गत जिले के पाटी ब्लॉक में इस बार आग की घटनाएं अधिक हुई हैं। इस प्रभाग में भिंगराड़ा चीड़ बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण अधिक संवेदनशील बना हुआ है।

## कांग्रेस ने दिया खाद्य सुरक्षा कानून: प्रियंका

**अधिकार**

**भाजपा के लोग महंगाई पर बात नहीं करते। कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन का अधिकार दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**(ऊंचाहार) रायबरेली:** प्रियंका गांधी ने बुधवार को ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के उमरान में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान मोदी सरकार पर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के लोग विकास, महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आपको राशन का अधिकार दिया इसलिए आपको राशन मिल रहा है। कांग्रेस ने मनेरगा योजना में 100 दिन के रोजगार का अधिकार दिया। प्रियंका ने कहा कि देश का गरीब किसान फसल के लिए, अपनी बेटी की शादी और बच्चों की शिक्षा के लिए कर्ज लेता है। किसान कर्ज नहीं भर पाता है। मोदी किसान का कर्ज माफ करने के बजाय 16 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का माफ कर दिया। लखीमपुर खीरी में काले कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे थे। मंत्री के बेटे ने किसानों पर कार चढ़ा दी। किसानों की मौत हुई, लेकिन मोदी ने किसानों से बात करने की जरूरत नहीं समझी। मोदी कभी मंच से नीचे उतरकर आप से नमस्ते भी नहीं करेंगे।

### गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीने का मौलिक अधिकार: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अविवाहित महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने 27 सप्ताह से अधिक की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि गर्भ में पल रहे भ्रूण को भी जीने का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि महिला के वकील से कहा कि हम कानून के विपरीत कोई आदेश पारित नहीं कर सकते हैं।

## भाजपा को वोट मतलब दलित, गरीब के खिलाफ वोट देना: मल्लिकार्जुन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायबरेली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देने का मतलब दलितों, आदिवासियों, किसानों और गरीब सवर्णों के खिलाफ वोट देना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है लेकिन मोदी को इसकी परवाह नहीं है बल्कि उनका पूरा ध्यान सत्ता बचाने पर है। सोनिया गांधी ने सत्ता ठुकरा दी थी लेकिन मोदी सबकुछ भूलकर सत्ता में बने रहने के लिए काम कर रहे हैं।



**कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है:** खरगे ने कहा कि गांधी परिवार ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। हमेशा से बलिदान देकर देश की सेवा की। कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है। भाजपा अमीरों और पूंजीपतियों को लाभ देने का काम करती है। पीएम मोदी ने कहा था कि काला धन वापस लाएंगे। गरीबों के खाते में 15 लाख रूपए भेजेंगे। सभी बड़े झूठे साबित हुए है।

**हक की लड़ाई**

**युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है लेकिन मोदी को इसकी परवाह नहीं है**

## सीएए से 14 शरणार्थी को भारतीय नागरिकता मिली



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है। गृह मंत्रालय ने बुधवार (15 मई) को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को सीएए देशभर में लागू किया था। सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। दरअसल, 10 दिसंबर 2019 को सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल लोकसभा से और अगले दिन राज्यसभा से पारित हुआ था। 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मंजूरी मिलने के बाद सीएए कानून बन गया था।

**किसे मिलेगी नागरिकता:** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।

**भारतीय नागरिकों पर क्या असर:** भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**आवेदन कैसे कर सकेंगे:** आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर पाएंगे।

**नागरिकता**

**14 लोगों को सीएए के सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने 11 मार्च को सीएए देशभर में लागू किया था**

## चाबहार डील: अमेरिका की चेतावनी के बाद जयशंकर की खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत और ईरान की कंपनियों के बीच कुछ दिनों पहले चाबहार पोर्ट के एक हिस्से के सह-प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ है। इस समझौते से भारत ईरान और कई देशों को फायदा मिलेगा। हालांकि, कई देशों के इस समझौते से मिर्ची लगी है। पिछले कई सालों से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव का माहौल है। अमेरिका ने साफ तौर पर कहा है कि जो भी देश ईरान के साथ समझौता करेगा उसपर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

**विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका को दिया जवाब:** चाबाहार पोर्ट पर हुए समझौते के कुछ घंटों के बाद ही अमेरिका ने भारत का नाम लिए बिना कहा कि जो देश ईरान के साथ द्विपक्षीय समझौता करता है उसपर हम पाबंदियां लगा सकते हैं। अमेरिका के इस धमकी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया है। किताब के बांग्ला संस्करण के लॉन्च के दौरान एस जयशंकर ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चाबहार बंदरगाह पर हुए समझौते पर लोगों को अपना संकीर्ण नजरिया छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाबहार बंदरगाह से पूरे क्षेत्र को लाभ होगा और इसके बारे में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाया जाना चाहिए। एस जयशंकर ने आगे कहा,"हमारा चाबहार बंदरगाह के साथ एक लंबा जुड़ाव था, लेकिन हम कभी भी दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर नहीं कर सके। इसका कारण यह था कि विभिन्न समस्याएं थीं... अंत में, हम इसे सुलझाने में सक्षम रहे और हम दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम रहे।



**दो टूक**

**चाबहार बंदरगाह पर हुए समझौते पर लोगों को अपना संकीर्ण नजरिया छोड़ना चाहिए: विदेश मंत्री**

## पीओके की जनता के साथ बुरा व्यवहार हो रहा: एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आम जनता सड़कों पर है। महंगाई और बिजली की दरों से परेशान पीओके की जनता ने शहबाज सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पीओके के हालात पर भारत भी नजर बनाए हुए हैं। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर से लेकर गृह मंत्री अमित शाह कई बार इस बात को दोहरा चुके गुलाम कश्मीर जल्द ही भारत का हिस्सा बनने वाला है। वहीं, मंगलवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि आज, पीओके में हलचल काफी बढ़ गई है।

**मोर्चा खोला**

**महंगाई-बिजली की दरों से परेशान पीओके की जनता ने शहबाज सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया**

### हम राजकुमार नहीं, लोगों की सेवा करने के लिए हैं: चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन (सर्वोच्च न्यायालय और संवैधानिक न्यायालयों के प्रमुखों की मीटिंग) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जज न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं। जज का काम सेवा करना है। हम सार्वजनिक पद पर बैठे पदाधिकारी हैं। कोरोना महामारी के बाद सुप्रीम कोर्ट के कामकाज का तरीका बदल गया। कोर्ट की पारदर्शिता बढ़ गई। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जानकारी प्रदान कर हम फेक न्यूज से निपटने में सक्षम हैं।

**खुलासा** तत्कालीन यूपीए सरकार के शासनकाल में उन्हें 'हिंदू आतंकवाद की थ्योरी' साबित करने के लिए फंसाया गया

## मालेगांव धमाके में हिंदू आतंकवाद साबित करने को फंसाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** मालेगांव में 2008 में हुए बम धमाके के मामले में आरोपित रमेश उपाध्याय ने एनआइए की विशेष अदालत के समक्ष कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार के शासनकाल में उन्हें 'हिंदू आतंकवाद की थ्योरी' साबित करने के लिए फंसाया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस काम को महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के जरिये कराया गया। एनआइए की विशेष अदालत में 16 साल पुराने मामले में आरोपित रमेश उपाध्याय ने निर्दोष होने का दावा किया और कहा कि उनका बम धमाके से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे इस केस में मुंबई के आतंकवाद रोधी दस्ते ने फंसाया है। चूंकि केंद्र और प्रदेश में यूपीए की सरकारों के चलते महाराष्ट्र एटीएस पर 'हिंदू आतंकवाद की थ्योरी' को साबित करने का जबरदस्त दबाव था।



**मुझ पर मनोवैज्ञानिक दबाव डाला जाता था:** उन्होंने बताया कि एटीएस ने नासिर्फ उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया बल्कि अवैध रूप से हिरासत में रखकर मानसिक प्रताड़नाएं भी दीं। उपाध्याय ने आरोप लगाया कि उन्हें धमकी दी जाती थी कि उनकी पत्नी की नग्नावस्था में परेड कराई जाएगी। उनकी अविवाहित बेटी से दुष्कर्म होगा और बेटे का जबड़ा तोड़ दिया जाएगा। मेरे मकान मालिक को एक आतंकवादी को अपना बंगला किराए पर देने से मनाकर धमकाया जाता था और मुझ पर मनोवैज्ञानिक दबाव डाला जाता था। उपाध्याय ने कहा कि जब मैंने कोई भी जुर्म मानने से इन्कार कर दिया या किसी और को इसमें फंसाने को राजी नहीं हुआ तो दिवाली की रात मुझे गिरफ्तार कर लिया गया और नाशिक की मजिस्ट्रेटी अदालत में पेश किया गया। उन्होंने मजिस्ट्रेट को अपनी शरीर पर प्रताड़ित किए जाने के निशान भी दिखाए।

**आरोप**

**एनआइए की विशेष अदालत में 16 साल पुराने मामले में आरोपित ने निर्दोष होने का दावा किया**

# हत्या के बाद बोरी में बंद कर नाले में फेंका शव, सिर में मिले चोट के निशान

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र में तिबड़ा-मानकी मार्ग पर नाले में बुधवार दोपहर एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव बोरे में था। हत्या के बाद शव को फेंकने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हुई है। शव देखकर उम्र लगभग 28 वर्ष बताई जा रही है। शव के सिर में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस अधिकारी मौके पर हैं। छानबीन चल रही है। शव पोस्टमॉर्टम को भेजा गया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं: AGCTRDT 202406 | अनुमानित लागत : रू. 27627634.60 |

**कार्य का नाम** : दिल्ली पलवल सैक्शन में एल0 सी0 गेट सं0 568 व 571 पर 2 लेन का आरओबी बनने के कारण 66 के0 वी0 की ट्रांसमीशन लाइन को स्थानांतरित करने का कार्य

**धरोहर राशि : रू. 288100/-, कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 माह। 1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 03.06.2024 को 15:30 Hrs. तक भरा जा सकता है।

850/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: i) निविदा सूचना क्रमांक 03/2024-2025 दिनांक: 10.04.2024
ii) निविदा संख्या 15235293 08.07.2024 को देय है।

01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, **प्री बिड कॉन्फ्रेंस मीटिंग की तारीख 22.05.2024 से बढ़ाकर 14.06.2024** कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वैबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1473/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: (i) निविदा सूचना। 05/2024–25 दिनांक 19.04.2024 (क्र.सं. 03)
(ii) निविदा सं 08245128 नियत तिथि 21.05.2024

उपर्युक्त निविदा के संदर्भ में, टेंडर खुलने की नियत तिथि 21.05.2024 से बदल कर 11.06.2024 कर दी गई हैं। सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित हैं।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

1472/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–टेंडरिंग**

सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा संख्या | कार्य का नामः अंबाला मंडल पर विद्युत पावर सब स्टेशन के सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। | लगभग लागतः ₹54,96,288.84 |
|---|---|---|
| 30–विद्युत–18/2024–25 (ओपन टेंडर) | | बोली प्रतिभूतिः ₹1,09,900/- |
| | | पूर्ण होने की अवधिः 04 महीने |
| | बंद करने और खोलने की तिथिः 05.06.2024 | |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉगऑन करें। 5. जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

खुली निविदा सूचना संख्याः एनआईटी–08/2024–25
दिनांक 14.05.2024

1458/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-16-T-2024-25-E3 निजामुद्दीन के अंतर्गत अखाड़धाम मंदिर के पास रेनी–वेल मे पंपिग इस्टॉलेशन के वीटी पंपो के सवर्द्धन/प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू० 161.85 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड़ नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू० 230900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 14.06.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 14.06.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1462/24

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, प्रथम/ दिल्ली अनुभाग में बहुउपयोगी वाहनों को किराए पर लेना और पी. वे सामग्री का नेतृत्व करना। 2 वर्ष की अवधि के लिए। | |
| 2. | अनुमानित लागत : रु. 1,98,39,974.49/- | |
| 3. | धरोहर राशि : रु. 2,49,200/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोटः– एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| 4. | समापन अवधी : 24 महीने | |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 07.06.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 07.06.2024 को 15:00 बजे। |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.Gem.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 8. | सामान प्रकार के कार्य | कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |

नोट :– शपथ पत्र संलग्नक–XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। पत्र संख्या :– 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्लू–I (NIT-07) दिनांक :– 14.05.2024

1460/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मुखर्जी नगर और आसपास क्षेत्र में 5 कोचिंग सेंटर सील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम ने मुखर्जी नगर व आसपास क्षेत्र में चल रहे पांच कोचिंग सेंटर को सील किया है। आग से बचाव के प्रबंध न करने वाले कोचिंग सेंटर पर यह कार्रवाई की गई है। गत 11 अप्रैल को हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के दौरान नगर निगम और डीडीए को निर्देश दिए थे कि अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटर को तुरंत सील किया जाए। इसके बाद नगर निगम सिविल लाइन जोन की टीम ने सोमवार शाम पांच कोचिंग सील किए। इनमें तीन कोचिंग सेंटर




मुखर्जी नगर और दो जीटीबी नगर में चल रहे थे।

**अधिवक्ताओं की टीम ने 20 अप्रैल को किया था निरीक्षण :** हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं की टीम ने गत 20 अप्रैल को मुखर्जी नगर और जीटीबी नगर में चल रहे कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया था। इसके बाद 11 मई को अधिवक्ताओं ने अपनी रिपोर्ट में कोर्ट ने बताया कि नगर निगम ने अपनी रिपोर्ट में कुछ कोचिंग सेंटर को बंद दशार्या था, लेकिन निरीक्षण के दौरान कई सेंटर नए प्रबंधन या नए नाम से चल रहे हैं। अधिवक्ताओं की टीम ने अपनी रिपोर्ट में कोर्ट को यह भी बताया कि कुछ सेंटर के मुख्य द्वार पर बिजली के बोर्ड लगे हैं। शार्ट सर्किट से आग लगने की स्थिति में बाहर निकलने का रास्ता अवरूद्ध हो जाएगा।

**कार्रवाई**

▶▶ आग से बचाव के प्रबंध न करने वाले कोचिंग सेंटर पर यह कार्रवाई की गई है

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाम: मालूम नही, पुत्र: मालूम नही, निवासी: मालूम नही, उम्र: लगभग 45 वर्ष, कद: 5'5", रंग: साँवला, पहनावा: ज्ञात नहीं है। जो लाल जैन मंदिर के पास, दिल्ली मे मृत पाया गया था, इस बाबत FIR No. 356/2024 दिनांक. 07.05.2024 थाना: कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है। इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
कोतवाली, दिल्ली
फोन नं. 8750870121

DP/5711/N/2024

# निशा दहिया का हवाई अड्डे पर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को साथी पहलवान निशा दहिया का इस्तांबुल, तुर्किये से लौटने पर दिल्ली हवाई अड्डे पर स्वागत किया, जहां उन्होंने महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। फेसबुक पर साक्षी ने आईजीआई हवाईअड्डे पर निशा के स्वागत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां निशा का परिवार और उनके दोस्त भी मौजूद थे। शुक्रवार को, निशा ने कुश्ती विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने के बाद ओलंपिक कोटा हासिल किया और पेरिस के लिए उड़ान भरने वाली पांचवीं महिला पहलवान बन गईं।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/ई-निविदा सूचना/एनआईटी-23-2024-25/डब्ल्यू-2 दिनांक: 14.05.2024
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता–II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/गाजियाबाद के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/जीजेडबी–I के अनुभाग में वर्ष 2024–25 में अवधि समाप्ति 30.06.2025 तक के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु वार्षिक पी.वे जोन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 07.06.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

1457/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(गति शक्ति) निविदा सूचना**

**विषयः– निविदा संख्या 17-DyCEE-GSU-DLI-24-25 आमंत्रित करने हेतु सूचना**
उप मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली 110001 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इसे दिनांक 15.05.2024 को IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य और स्थान का नामः (ए) बल्लीमारान दिल्ली में नई दिल्ली यार्ड को पार करने के लिए कुतुब रोड और श्रद्धानंद मार्ग के बीच रेलवे लाइन पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सार्वजनिक एफओबी के निर्माण के लिए (ब) दिल्ली मंडल में एबीएसएस के कारण एमओजेड स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े एफओबी का निर्माण के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। | |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 17-DyCEE-GSU-DLI-24-25 |
| 3 | बयाना धन राशि (ऑन लाइन जमा करने के लिए): रु. 2,20,000/– (रु. दो लाख बीस हजार मात्र) | |
| 4 | लगभग काम की लागतः रु. 1,39,91,685.51 (रु. एक करोड़ उनतालीस लाख इक्यानबे हजार, छह सौ पचासी और इक्यावन पैसे मात्र) | |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथिः दिनांक 15.05.2024 को आईआरईपीएस वेब साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड कर दिया जायेगा। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 06.06.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। | |
| 6 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेजः विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 23.05.2024 से 06.06.2024 उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। | |

1455/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हादसे से 15 मिनट पहले ली थी आखिरी सेल्फी...

**टीम एक्शन इंडिया**
**हापुड़ः** भयावह हादसे का शिकार छह दोस्त अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन हादसे से 15 मिनट पहले ली गई उनकी सेल्फी उनकी दोस्ती की अंतिम याद के रूप में रहेगी। अल्लाबख्शपुर से करीब तीन किलोमीटर पहले स्थित एक होटल में 15 मिनट पहले ही अनूप सिंह ने एक सेल्फी ली थी। इस दौरान सभी दोस्त खाने का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। यहां से निकलते ही उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। अनूप सिंह अपने पास दो मोबाइल रखते थे। उनके मामा के बेटे शिवम भाटी ने बताया कि पुलिस ने अनूप सिंह का एक मोबाइल उनके सुपुर्द किया है। फोन अनलॉक था, ऐसे में उन्होंने उसे खोलकर देखा तो हादसे के करीब 15 मिनट पहले यानी रात 11:45 बजे सभी दोस्तों ने एक साथ टेबल के चारों ओर बैठकर सेल्फी ली थी। अनूप सिंह द्वारा ली गई इस सेल्फी में अनूप के सामने संदीप, रोहित सैनी, राजकुमार जैन और विपिन सोनी बैठे हैं, जबकि बाकी दोस्त अनूप के बराबर में बैठे हैं। मेज खाली थी और उस पर एक पानी की बोतल रखी थी। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि सभी खाने का इंतजार कर रहे थे। यह होटल गढ़ क्षेत्र में संचालित ढाबों में से एक बताया जा रहा है। शिवम ने बताया कि सभी परिजनों के लिए सभी दोस्तों के लिए यह सेल्फी यादगार के रूप में रहेगी। उनके मुस्कुराते चेहरों को देखकर कौन सोच सकता है कि चंद मिनट बाद सभी काल का ग्रास बन जाएंगे।

**डिवाइडर कूदकर ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, छह दोस्तों की मौत**

आपको बता दें कि हापुड़ जिले के ब्रजघाट में नेशनल हाईवे 09 पर गांव अल्लाबख्शपुर टोल के पास सोमवार देर रात करीब 12 बजे अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि टक्कर होने के बाद तेज आवाज के साथ कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल है। सभी आपस में दोस्त थे। गाजियाबाद के लोनी निवासी सातों दोस्त नीम करौली बाबा के दर्शन करने के लिए कैंची धाम जा रहे थे।

## रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

रजि. कार्यालयः ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
ई-मेलः legal@regententerprises.in, सीआईएनः L15500DL1994PLC153183

**31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही एवं वित्त वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के सारांश**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2024 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31.03.2023 को पिछले वर्ष समाप्ति संगत तिमाही (अंकेक्षित) | 31.12.2023 को वर्तमान वर्ष समाप्ति पूर्ववर्ती तिमाही (गैर-अंकेक्षित) | 31.03.2024 को चालू वर्ष समाप्त (अंकेक्षित) | 31.03.2023 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 22733.88 | 17506.31 | 18105.06 | 67267.26 | 74184.73 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मदें) | 3.43 | (207.84) | (37.55) | 21.38 | (175.49) |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | 2.57 | (144.57) | 25.56 | 82.88 | (141.88) |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | (9.07) | (125.98) | 25.30 | 64.74 | (113.51) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | (9.07) | (125.98) | 25.30 | 64.74 | (113.51) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| 7. | अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाये अनुसार संरक्षित (पुनर्मूल्यांकन संरक्षण रहित) | | | | 519.75 | 455.01 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद किए गए परिचालन हेतु)- मूलभूत और तरलीकृतः | (0.03) | (0.38) | 0.08 | 0.19 | (0.34) |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 15.05.2024 को आयोजित अपनी बैठक में की गई और निदेशक मंडल द्वारा 15.05.2024 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया। पिछले वर्ष के आंकड़ों को फिर से संगठित किया गया और जहां भी आवश्यक हो, पुनर्व्यवस्थित किया गया।
उपरोक्त 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है, जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट https://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.regententerprises.in पर उपलब्ध है।

दिनांकः 15 मई, 2024

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीनः 05308192)

# मानसिक संताप और वाद व्यय का भी करना होगा भुगतान

**ग्रेटर नोएडाः** उत्पाद खराब निकलने पर कंपनी को पूरा पैसा लौटाना होगा, उसमें कोई कटौती नहीं की जा सकती है। ऐसे ही एक मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने एलईडी टीवी खराब होने पर इंफिनिटी रीटेल लिमिटेड को खरीदार से लिया पूरा पैसा लौटाने का आदेश दिया है।

आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्या अंजू शर्मा ने मामले की सुनवाई की।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैंजो कि महेंद्र सिंह पुत्र टेक चाँद निवासी खेड़ी गुज्जर तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा सगा पुत्र रणबीर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता हैं। मैं रणबीर को अपनी चल व अचल संपति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हु। आज के बाद अगर कोई भी रणवीर सिंह लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# केजरीवाल बताएं स्वाति के साथ क्या हुआ था: बीजेपी

## मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा महिला कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में ये कोई पहली घटना नहीं हुई है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्यमंत्री आवास में राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई बदसलूकी के विरोध में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री आवास पर आज धरना प्रदर्शन किया। इन महिलाओं ने केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस्तीफे की मांग भी की। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा नेता अलका गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में ये कोई पहली घटना नहीं हुई है। इससे पहले भी मुख्य सचिव के साथ भी मारपीट हो चुकी है। हैरानी होती है कि एक तरफ दिल्ली सरकार महिला सशक्तीकरण की बात करती है





**जवाब की मांग**

**प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभव कुमार के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है**

लेकिन जो महिला दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी है और अब राज्यसभा सांसद है, जब उसके साथ इस तरह की घटना हो रही है तो आम आदमी पार्टी को उस पर जवाब देना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभव कुमार के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जब तक विभव के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती तब तक भारतीय जनता पार्टी ऐसे ही प्रदर्शन करती रहेगी।

### मैं हैरान हूं कि सीएम केजरीवाल चुप क्यों हैं?': बांसुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद व दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल से मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बीजेपी इस मामले को मुद्दा बनाने में जुट गई है। ताजा मामले में नई दिल्ली से बीजेपी की लोकसभा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने कहा, "मैं इस बात से हैरान हूं कि अरविंद केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? अब तक आम आदमी पार्टी ने केवल घटना की निंदा की है, कोई कार्रवाई क्यों नहीं? अगर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी ही पार्टी की महिला सांसद की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते तो वह दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले में दिल्ली पुलिस को किसका इंतजार? यहां जानिए आगे क्या होगा

**मुख्यमंत्री आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन**
दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार द्वारा मारपीट का मामला तूल पकड़ने लगा है।

# कोर्ट की इजाजत के बगैर देश नहीं छोड़ सकेंगे प्रबीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जमानत की शर्तें तय करते हुए उनको एक लाख रुपये का मुचलका भरने का आदेश दिया। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने प्रबीर पुरकायस्थ को बिना कोर्ट की इजाजत के देश नहीं छोड़ने का आदेश दिया। इसके अलावा गवाहों और मामले के सरकारी गवाह अमित चक्रवर्ती से संपर्क नहीं करेंगे। साथ ही वह केस की मेरिट के बारे में कोई बात नहीं करेंगे। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने आज ही प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर किया कि पुरकायस्थ की हिरासत लेते वक्त उनके वकील को हिरासत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार करते वक्त गिरफ्तारी की लिखित वजह भी नहीं बताई गई। दिल्ली हाई कोर्ट ने 13 अक्टूबर, 2023 को प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

# ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार, कई मोबाईल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण जिले के साइबर थाना पुलिस ने ओएलएक्स ऐप के जरिए ओडिशा से दिल्ली एनसीआर के लोगों को निशाना बनाके ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ पाणिग्रही नामक यह व्यक्ति उड़ीसा के नयागढ़ बाजार का रहने वाला है। पुलिस टीम ने इसके पास से पांच मोबाइल बरामद किये हैं। इनमें से तीन मोबाइल का इस्तेमाल उसने ठगी की वारदात को अंजाम देने के लिए किया था। दो मोबाइल इसने ठगी के रुपये से खरीदे थे। यह भी पता चला कि वह पहले से आठ आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार ठगी की एक शिकायत साइबर थाना पुलिस को मिली थी। इसमें बताया गया कि पीड़ित को 25 एयर कंडीशनर खरीदना था। इसके लिए उसने ओएलएक्स ऐप पर सर्च किया, जहां उसे एक मोबाइल नंबर मिला। उस नंबर पर बात करने पर बताया गया कि वह मात्र 2 लाख में 25 एसी उपलब्ध करा देगा। पीड़ित ने ऑनलाइन एडवांस अमाउंट भेज दिया। रुपये भेजने के बाद उसको रिस्पांस मिलना बंद हो गया। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस में की।

# भतीजी को अगवा कर किया दुष्कर्म, कोर्ट ने दिया दोषी करार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 17 वर्षीय अपनी भतीजी को अगवा कर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में रोहिणी कोर्ट ने एक शख्स को दोषी ठहराया है। वर्ष 2017 में आरोपित अपनी भतीजी को बहला-फुसला कर घर से उत्तर प्रदेश के एक शहर में ले गया। फिर चार महीने तक किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। एडिशनल अतिरिक्त सेशन जज सुशील बाला डागर की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने पीड़िता की गवाही से आरोपों को साबित किया है। अदालत ने कहा, किशोरी की गवाही पूरी तरह से स्पष्ट और सुसंगत रही है। विश्वसनीय गवाही



से अभियोजन पक्ष ने आरोपित के खिलाफ आरोपों को साबित किया। अदालत उस शख्स के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिस पर बच्ची को बहला-फुसलाकर उत्तर प्रदेश के एक शहर में ले जाने का आरोप है, जहां उसने 2017 में चार महीने तक उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया। सरकारी वकील योगिता कौशिक दहिया ने अदालत के सामने बताया कि किशोरी का अपहरण किया गया था। आरोपित ने उसे यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया था। अदालत ने आरोपित को अगवा कर फिर दुष्कर्म मामले में सजा के प्रावधानों के साथ-साथ पाक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत सजा सुनाई। सजा पर बहस बाद में सुनी जाएगी।

**फैसला**

**वर्ष 2017 में आरोपित अपनी भतीजी को बहला-फुसला कर घर से उत्तर प्रदेश के एक शहर में ले गया था**

### स्क्रैप के गोदाम में आग, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में स्क्रैप के गोदाम में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही एक दर्जन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गोदाम की तलाशी लेने पर एक मजदूर का शव बरामद हुआ है। अग्निशमन विभाग के मुताबिक बुधवार तड़के करीब 2:30 बजे शकरपुर इलाके के एक गोदाम में आग लगने की सूचना मिली।

### बाबा बागेश्वर धाम के संत समागम में लापता बच्ची को पुलिस ने खोजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिले के नंद नगरी इलाके में मंगलवार को बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के संत समागम में अपने परिजनों के साथ आई चार साल की एक बच्ची उनसे बिछड़ गई। सूचना मिलने पर इस बच्ची को पुलिस ने दो घंटे में ढूंढ कर परिजनों से मिलवा दिया। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ जॉय टिर्की के मुताबिक समागम के मुख्य मंच पर तैनात सब इंस्पेक्टर नीलम और हेड कॉन्स्टेबल अंकित तोमर की सूझबूझ से बच्ची को ढूंढ निकाला गया। इस बच्ची को अपने साथ रखते हुए नंद नगरी थाने की पुलिसकर्मी ने दिल्ली पुलिस के मानवीय चेहरे को प्रदर्शित किया। गौरतलब है कि सब इंस्पेक्टर नीलम ने बच्ची को अपनी ड्यूटी के साथ-साथ अपने बच्चे की तरह गोद में उठाए रखा। करीब 20 हजार लोगों की भीड़ और दर्शकों में बच्ची के साथ कोई अप्रिय घटना भी घट सकती थी लेकिन थाना नंद नगरी और हर्ष विहार के स्टाफ ने सूझबूझ और मानवता का परिचय दिया। इसके बाद 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाया गया। नंद नगरी इलाका सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है।

# महिला पर कातिलाना हमले का आरोपित को किया गिरफ्तार

**काबू**

**क्राइम ब्रांच वेस्टर्न रेंज वन की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दलजीत के रूप में हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में एक महिला पर गोली चलाकर उसकी हत्या की कोशिश करने के आरोप में वांछित हमलावर को क्राइम ब्रांच वेस्टर्न रेंज वन की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान दलजीत के रूप में हुई है। जो एक फूड डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी बॉय का भी काम करता था।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि आठ मई को फायरिंग की वारदात ख्याला इलाके में हुई थी। इसमें अनीता नाम की एक महिला पर गोली चलाई गई थी। महिला कैटरिंग का कारोबार करती है और आरोपित के यहां भी किसी कार्यक्रम में उसने काम किया था। उस कार्यक्रम के लिए 20 हजार रुपये आरोपित ने महिला को दे दिया था। बाकी के रुपये नहीं दे रहा था। इसको लेकर विवाद हुआ और आरोपित ने पांच बजे सुबह महिला के घर पर तीन साथियों के साथ पहुंचा और घर के अंदर घुसकर गोली चला दी। घटना में महिला घायल हो गई। आरोपित वहां से जाते-जाते महिला को धमका गए कि यदि उसने दोबारा पैसे की मांग की या पुलिस को बताया तो उसकी और उसके बच्चे की हत्या कर देगा। महिला इस वारदात से इतनी डर गई कि उसने किसी को इस मामले की सूचना नहीं दी लेकिन दो दिन के बाद जब महिला के परिवार वालों को पता चला तब उन्होंने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। ख्याला पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की। इस मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को भी लगाया गया। एसीपी राजकुमार साहा की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कुमार की टीम ने इनफॉर्मेशन इकट्ठा किया और 24 घंटे के अंदर इस मामले में मुख्य आरोपित दलजीत को गिरफ्तार करने में कामयाब हो गई। इसे उप्र के मथुरा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।



### फोर्ड एंडेवर ने बाइक में मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन थाना इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। एक फोर्ड एंडेवर गाड़ी ने बाइक को पहले पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और फिर वह बाइक आगे जा रही बीएमडब्ल्यू गाड़ी में पीछे से जाकर टकरा गई। बाईक टक्कर लगने के बाद अनबेलेंस हो गई। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बीएमडब्ल्यू का पीछे का हिस्सा भी डैमेज हो गया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग बाइक सवार को दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल (डीडीयू) में ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुजुर्ग की पहचान 65 साल के किशन लाल के रूप में हुई है। वह साउथ दिल्ली के तिगड़ी, खानपुर के रहने वाले थे।

# सिग्नेचर कैंपेन में केजरीवाल को मिला समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने बुधवार को सिग्नेचर कैंपेन चलाया। जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत तिलक नगर में यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें पश्चिमी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के आप प्रत्याशी महाबल मिश्रा और विधायक जरनैल सिंह शामिल हुए। यहां लगे आई सपोर्ट केजरीवाल के सिग्नेचर बोर्ड पर भारी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अरविंद केजरीवाल को समर्थन दिया। महाबल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की गारंटी जुमला बन गई है, जबकि अरविंद केजरीवाल की गारंटी हर घर में दिखाई देती है। आज दिल्ली का हर वोटर अपने आप को केजरीवाल मान रहा है और वो इस सरकार को हटाने के लिए बेहद उत्साहित है। वहीं, विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से जो वादा किया, उससे ज्यादा काम करके दिखाया है।




### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी है। आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में 7 मई को सिसोदिया को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है जिस पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।






# कागज के गोदाम में लगी आग, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शकरपुर इलाके के नेहरू एन्क्लेव में मंगलवार देर रात एक कागज के गोदाम में भीषण आग लग गई। इस आग में गोदाम में बने कमरे में सो रहे एक कर्मचारी की जलकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सतेंद्र पासवान के रूप में हुई है। दमकल की आठ गाड़ियों ने करीब सात घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शकरपुर थाना पुलिस ने गोदाम के मालिक मुन्ना कुमार के खिलाफ प्राथमिकी की है। हादसे के बाद से ही आरोपित फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सतेंद्र मूलरूप से बिहार के नालंदा स्थित सिरसा गांव के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी कारी सारो देवी और आठ बच्चे हैं। सतेंद्र पिछले कई वर्षों से मुन्ना कुमार के यहां पर नौकरी कर रहे थे। मून्ना अपने परिवार के साथ गणेश नगर में रहता है।



**दो मंजिला मकान में बनाया था कागज का गोदाम:** नेहरू एन्क्लेव स्थित अपने सौ गज के दो मंजिला मकान में उसने कागज का गोदाम बनाया हुआ था। भू-तल पर बने एक कमरे में सतेंद्र रहते थे। मृतक की बहन सारो देवी गोदाम से कुछ ही दूरी पर अपने परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि रात 12:45 बजे गोदाम में आग लगी थी। आस पड़ोस के लोग जमा हो गए थे। आग की लपटे मकान से बाहर निकल रही थी। मामले की सूचना दमकल को दी गई। इतने स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गए थे। जिस घर में गोदाम बना हुआ है, उसके दो गलियों से रास्ते हैं। दोनों दरवाजों पर बाहर से ताला था। उनके भाई रात को गोदाम में बने कमरे में रहते थे। जिस वक्त आग गली वह अपने भाई को तलाश रही थी। उनका फोन भी नहीं लग रहा था। आरोप लगाया कि आग लगने की सूचना मिलते ही गोदाम का मालिक मौके पर पहुंचा, जब परिवार ने उससे पूछा कि सतेंद्र कहां पर है तो उसने कहा कि रात को गोदाम में नहीं था। सात घंटे के बाद आग पर काबू पाने पर जब दमकल ने मकान में सर्च ऑपरेशन चलाया तो सतेंद्र का शव कमरे में पड़ा हुआ मिला।

**दुखद**

**इस आग में गोदाम में बने कमरे में सो रहे एक कर्मचारी की जलकर मौत हो गई, मृतक की हुई पहचान**

# गुरूओं की शिक्षाओं पर चलकर काम कर रही भाजपाः सैनी

## पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा देने का काम किया है, आज जब हम अपने देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखते हैं तो हमारा देश बहुत मजबूत हुआ हैः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की नई दिशा और दशा तय करेगा। पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। आज जब हम अपने देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखते हैं तो हमारा देश बहुत मजबूत हुआ है। जो काम पिछले 60 वर्षो में नहीं हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन कामों को एक झटके में कर दिखाया। भाजपा सरकार गुरूओं की शिक्षाओं पर चलकर काम कर रही है। देश को अधिक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को मॉडल टाउन में वीरेंद्र सिंह द्वारा आयोजित सिख समाज के कार्यक्रम में पहुंचे। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में पूरे प्रदेश में विकास कार्यो की झडी लगी। करनाल की जनता ने 2014 से पहले का करनाल भी देखा है और अब 2024 का करनाल भी देख रही है। जमीन आसमान का अंतर साफ दिखाई देता है। करनाल में करोड़ों रुपए की लागत से सडकों को मजबूत किया गया। शहर की पार्को का विकास हुआ। पार्को में ओपन एयर जिम स्थापित करवाए गए हैं जिसका लोगों को पूरा लाभ मिल रहा है। करनाल को एलईडी लाइटों से जगमग किया गया। शहर में अवैध कालोनियों को वैध किया गया ताकि वहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित न हरें और लोगों को परेशानी न हो। केंद्र और प्रदेश सरकार ने जनता की परेशानी को अपना समझकर काम किया है। इसी कारण आज पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उन्होंन उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि विकास का पहिया यू हीं घूमता रहे इसके लिए करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतों से जिताएं।






**समर्थन की अपील**

देश को अधिक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का काम करें

इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया जगमोहन आनंद, शशिपाल मेहता, संजय बठला, भूपेंद्र सिंह असंध, गुलाब सिंह, इंद्रपाल सिंह, विजय सेतिया, सुशील जैन, रवि बेरी, इंद्रपाल सिह चोपड़ा, स. गुरनाम सिंह, जसपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरमीत सिंह हैप्पी, अजीत सिंह चावला, भूषण गोयल, राम कुमार कल्याण, ऋषिपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह मल्ली, सुरेंद्र सिंह मूनक, चरणवीर सिंह, मीत सिंह, कपिल अत्रेजा सहित अन्य मौजूद रहे।

## 'लोगों को भगवान राम की आस्था में जोड़कर एकता के सूत्र में देश को पिरोने का कार्य किया'

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाडी**

140 करोड़ देशवासियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वादे के अनुसार राम मंदिर की स्थापना करके न केवल भारतवासियों बल्कि पूरे विश्व के लोगों को भगवान राम की आस्था में जोड़कर एकता के सूत्र में देश को पिरोने का कार्य किया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहनलाल यादव बुधवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में कोसली विधानसभा क्षेत्र के बेरली में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु रहा है, आगे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु की राह पर बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वे अपने आप को बड़े भाग्यशाली समझते हैं जो यहां की धरती पर आकर आपसे मिलने का अवसर मिला,क्योंकि यहां की धरती वीर सैनिक पैदा करती है जो देश की सरहदों पर रहकर देश की रक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री मोहन लाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में देश पिछड़ता ही चला गया था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के विकास ने गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता पीएम मोदी के कार्यों से इतनी खुश है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि जनता ने इस बार भाजपा को 400 पार करने का मन बनाया हुआ है। सीएम मोहनलाल यादव ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से रोहतक लोकसभा क्षेत्र से डॉक्टर अरविंद शर्मा चुनाव जीतेंगे तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि वे नरेंद्र मोदी कैबिनेट में जरूर शामिल होंगे। सीएम मोहनलाल यादव ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में आपके कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी के पिता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा प्रदेश को धरातल में ले जाने का कार्य किया। दोबारा से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की गलती भूलकर भी मत करना। इस मौके पर रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रोहतक लोकसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुए हैं। विकास के पहिए को निरंतर जारी रखने के लिए आने वाली 25 मई को अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करें ताकि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपका वोट प्रधानमंत्री बनने में सहयोग करें। जनसभा को हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही स्वीकार करने से मना कर दिया था।

# केजरीवाल कोबरा से भी खतरनाक-देशद्रोहीः रामकुमार



**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः** नारनौंद के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि केजरीवाल कोबरा सांप से भी खतरनाक है। उसका जिसने भी साथ दिया उसी को केजरीवाल ने धोखा दिया है। वह देश के लिए खतरा है। ऐसे आदमी की पार्टी के उम्मीदवार को कभी भूलकर भी वोट मत देना। उसने राज्यसभा में सुशील गुप्ता जैसे लोगों को भेजा जिनके उसकी पार्टी से कभी कोई लेना-देना भी नहीं रहा। वे बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। दुष्यंत चौटाला के बारे में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने बस इतना कहा कि आप वह बात क्यों पूछते हैं जो बताने के काबिल नहीं है। गौतम बोले कि वे आज सिर्फ केजरीवाल के बारे में बात करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने नवीन जय हिंद, छोटेपुर और अन्ना हजारे को धोखा दिया। उसने प्रशांत भूषण और यादव को भी इस लायक नहीं समझा कि उन्हें राज्यसभा में भेज देता। उसका जो साथ देता है।

**हमला बोला**

जिसने भी साथ दिया उसी को केजरीवाल ने धोखा दिया है। वह देश के लिए खतरा

वह उसे खत्म कर देता है। उसने कांग्रेस को उजाड़ दिया। कांग्रेस का गुजरात गोवा में बहुत नुकसान किया। केजरीवाल ने सीएए और एनआरसी का विरोध किया। उसने अपने साथी रहे नवीन जय हिंद की बीवी स्वाति मालीवाल को छीन लिया और अब अपने पीए विभव कुमार से उसे पिटवा दिया। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया है कि दिल्ली बम धमाके के आरोपी देविन्दर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई के एवज में उन्होंने केजरीवाल को 134 करोड रुपए दिए। रामकुमार गोतम ने कहा कि गद्दार को वोट मत देना चाहे किसी को भी वोट दे देना।

# ट्रांसफार्मरों से बिजली के तार चोरों के गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः सीआईए**-वन पुलिस ने खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर और बिजली के तार चुराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक गाड़ी, बाइक, तमाम उपकरण, आठ हजार रुपये के अलावा ट्रांसफार्मरों से चोरी किए गए तीन क्विंटल छह किलो तांबे का तार और सबमर्सिबल बोर की 40 किलो केबल बरामद की है। बुधवार को अपने कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता में एसपी उपासना ने बताया कि चोर गिरोह के सदस्यों ने एक जुलाई 2023 से 1 मई 2024 तक 10 महीना में थाना गुहला, चीका, सीवन व सदर क्षेत्र अंतर्गत के ट्रांसफार्मर चोरी व खेत से तार चोरी की 152 वारदातों को कबूल किया है। एसपी उपासना ने बताया कि गांव दुसेरपुर निवासी रोशनलाल की शिकायत अनुसार 1 मई 2024 की रात गांव दुसेरपुर के 3 खेतों से 3 ट्रांसफार्मर का सामान अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। इस घटना की थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। मामले को सीआईए-1 के सुपुर्द किया गया था।

सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की टीम ने सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूचनाओं के आधार पर साइबर सेल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह की टीम की सहायता से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब से 7 मई को आरोपित छोटी ढिन्डोली थाना दिड़बा जिला संगरूर पंजाब निवासी अमनदीप सिंह तथा चुनागरा रोड टिब्बा बस्ती पातड़ा जिला पटियाला निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार किया था। कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई और इस आधार पर 10 मई को अन्य आरोपित चुनागरा रोड टिब्बा बस्ती पातड़ा जिला पटियाला पंजाब निवासी राजकुमार व कर्ण को गिरफ्तार किया गया। इन दोनों को भी कोर्ट से रिमांड हासिल लेकर पूछताछ की गई। एसपी उपासना ने बताया कि रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने जिला कैथल के थाना गुहला, चीका, सदर व सीवन के क्षेत्र में कुल 152 चोरी की वारदातों को अंजाम देने बारे कबूल किया। जिनमें ट्रांसफार्मर चोरी की 144 वारदात तथा खेतों से सबमर्सिबल बोर की केबल चोरी की 8 वारदातें शामिल हैं। एसपी ने बताया कि आरोपित दिन के समय बाइक पर वारदात करने के लिए खेतों में लगे ट्रांसफार्मर की रेकी करते थे तथा रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करके आरोपित पातड़ा के कबाडी और चलते फिरते कबाडियों को बेच देते थे।

**सफलता**

गिरोह ने गुहला चीका, सीवन व सदर क्षेत्र में 300 दिन के भीतर की 152 वारदातें

# रेहड़ी चलाने वाले के बेटे ने हासिल किए 94.5 प्रतिशत अंक

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबादः** इरादे मजबूत हो तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, उक्त कहावत को बदरपुर बार्डर पर चाय समोसे की रेहड़ी चलाने वाले रामकुमार के बेटे गगन ने चरितार्थ साबित कर दिया है। गगन ने 12वीं की परीक्षा में कॉमर्स विद मैथ में 94.5 फीसदी अंक लेकर न केवल अपना बल्कि अपने परिवार का नाम रोशन किया है। गगन की इस उपलब्धि पर जहां उसके पिता गौरवान्वित महसूस कर रहे है वहीं उन्हें बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। बदरपुर बॉर्डर पर ड्यूटी पर तैनात इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने लड्डू खिलाकर राम कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके बेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोदी के नाम से कांग्रेस नेताओं के छूट रहे हैं पसीनें : बंतो कटारिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूलाः** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर हमलावर रहीं। उन्होंने कहा कि मोदी के हरियाणा आगमन की सूचना से ही कांग्रेस नेताओं के पसीने छूटने लगे हैं। कांग्रेस नेताओं को लगने लगा है कि वे अब अपनी जमानत तक नहीं बचा पाएंगे। श्रीमती कटारिया ने कहा कि 60 साल तक तो कांग्रेस ने विकास और जनहित के काम किए नहीं, अब मोदी सरकार ने करके दिखा दिए तो कांग्रेस की हालत खराब हो रही है। कांग्रेस नेताओं के पास जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं है। जनता भी कांग्रेस नेताओं से सवाल करती है कि 60 साल में इतना विकास क्यों नहीं कराया, जितना मोदी सरकार ने 10 सालों में करके दिखा दिया। बंतो कटारिया के साथ-साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद



गुप्ता ने प्रचार अभियान के दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और घमंडिया गठबंधन को भी घेरा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का विरोध करना और सनातन धर्म को गाली देना इंडी गठबंधन की आदत बन गई है। बुधवार को बंतो कटारिया ने अपने दिन की शुरूआत माता मनसा देवी गौशाला में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होकर की। इस दौरान बंतो कटारिया ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.इसके बाद श्रीमती कटारिया ने हरि मंदिर सेक्टर 12, एमडीसी सेक्टर 4 व 5, सेक्टर-21,8, सूद भवन सेक्टर-10, सेक्टर-14, गांव बिल्ला, खेत पराली , सेक्टर-29 सहित लगभग डेढ दर्जन से भी अधिक कालोनियों व सेक्टरों में धूआंदार प्रचार किया। इस दौरान बंतो कटारिया का लोगों ने फूल मालाओं से जबरदस्त स्वागत किया। बंतो कटारिया जहां भी गई लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे पहले भी स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के साथ थे और आज भी साथ हैं। लोगों ने बंतो कटारिया से कहा कि 25 मई को कमल के फूल पर इतने वोट पड़ेंगे जिसकी धमक दिल्ली में गूंजेगी। लोगों द्वारा मिले समर्थन से गदगद बंतो कटारिया ने कहा कि आप लोगों का प्यार और समर्थन सदा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुख सुविधाओं और विकास के लिए वह दित रात काम करेंगी। बंतो कटारिया ने कहा कि इस समय देश में मोदी की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कोई पूछने वाला भी नहीं है। श्रीमती कटारिया ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश की जनता ने ठान लिया है कि भाजपा को 400 से अधिक सीटें देकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान श्रीमती कटारिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने मूलभूत सुविधाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाया है। 2014 से पहले बिजली और पानी को लेकर लोग सड़कों पर उतरते थे, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद गांवों में भी 24 घंटे बिजली मिल रही है और हर घर नल से स्वच्छ जल आ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा जनता को समझ में आ गया है। जनता समझ गई है कि कांग्रेस सिर्फ अपने भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है।

**स्वागत**

बंतो कटारिया को मिल रहा है अपार जनसमर्थन, हर जगह फूलमालाओं से हो रहा है जबरदस्त स्वागत

# पीएम मोदी ने बदली देश की तस्वीरः कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः पलवल में भाजपा उम्मीदवार कृष्ण**पाल गुर्जर ने कहा है पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की तस्वीर का काम किया है। पीएम मोदी के द्वारा किये गये काम देश हित में है। कांग्रेसी कहते हैं कि हम देश को बदलेंगे, पहले खुद को तो बदल लें। भाजपा सरकार आते ही देश में धमाके होने बंद हो गए, जो कांग्रेस की सकार में आए दिन होते थे। वे मंगलवार को बैंसलात सहित भूडेर के गांवों में जनसभाओं में कहा। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक देश में राज किया, लेकिन विकास के नाम पर लोगों को गुमराह किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी



पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों ने कई वर्षों तक उन्हें सत्ता की कमान सौंपी। लेकिन उन्होंने अपने गांव का विकास नहीं किया। जो व्यक्ति अपने गांव के हालात नहीं बदल सकता वह लोगों के हालात कैसे बदलेगा। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सैनिक कॉलोनी में रहते हैं, लेकिन उन्होंने सैनिक कॉलोनी का भी कभी विकास नहीं किया। भाजपा सरकार ने 17 करोड़ रुपए की लागत से आरएमसी की सड़के बनाकर और पानी की लाइन बिछाकर पिछले पांच सालों में हालात सुधारने का काम किया है। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री सीमा त्रिखा, पलवल के विधायक दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, सतबीर पटेल संजय गुर्जर, महेंद्र भड़ाना व पवन भड़ाना सहित

**वोट मांगे**

भाजपा सरकार आते ही देश में धमाके होने बंद हो गए, जो कांग्रेस की सकार में आए दिन होते थे

# अलग-अलग स्थानों से 16 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः** लोकसभा चुनाव मद्देनजर पलवल पुलिस ने जिले में नकदी और अवैध शराब को लेकर विशेष अभियान चलाया हुआ है। हथीन क्राइम ब्रांच प्रभारी दीपक गुलिया ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने करीब 16 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब सहित चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमें दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस को सूत्रों से सूचना मिली थी कि एक कैंटर गढ़ी-लालवा मार्ग पर शराब ठेके के बराबर खड़ा है, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। दीपक गुलिया ने टीम के साथ मौके पर दबिश देकर गाड़ी चालक बासवां गांव निवासी लखपत को काबू किया और शराब के बिल मांगे। लेकिन उक्त रुट पर शराब उतारने का कोई बिल उसके पास नहीं मिला। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने भी गलत तरीके से अवैध शराब होने की पुष्टि की। पुलिस ने कैंटर में अवैध रुप से भरी हुई 15 लाख कीमत की 600 शराब की पेटियों को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में सन लिप्त अन्य आरोपी की भूमिका की जांच करने में जुटी हुई है।

# विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा हैः कंवरपाल

**वोट की अपील**

कृषि मंत्री कंवर पाल ने जगाधरी में किया जनसंपर्क, बंतो कटारिया के लिए मांगे वोट



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगरः** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बुधवार को विधानसभा जगाधरी के अंतर्गत रेलवे रोड,गांधी धाम व सैक्टर 18 हाउसिंग बोर्ड में जनसंपर्क अभियान में जनसभा को संबोधित किया। अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने सभी कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वे जहां-जहां कार्यक्रम आयोजित करते हैं वहां पर प्रधानमंत्री द्वारा देश को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के विजन को जनता का पूरा आशीर्वाद भी मिल रहा है। उन्होंने चुनावी कार्यक्रमों के दौरान लोगों को देश व प्रदेश की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की नीतियों एवं योजनाओं के अन्तर्गत गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाने, बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था, गरीब परिवारों को आयुष्मान योजना के अन्तर्गत लाना, गरीब परिवारों को उज्जवला योजना के तहत मुफत गैस कनैक्शन वितरित करना, मातृ वंदना योजना के जरिये महिलाओं सहायता देना और अनेकों असंख्य लाभकारी योजनाए चलाकर गरीबों को प्रदान किया गया हैं।

# सभी लोकसभा सीट जीतकर फिर इतिहास बनाएंगेः मनोहर लाल

## विपक्ष नेतृत्व विहीन जबकि भाजपा का नेतृत्व विश्व के सबसे मजबूत नेता मोदी जी के हाथों में : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि विरोधी दल हीन भावना से ग्रस्त होकर चुनाव लड़ रहे हैं। वह अपने दूल्हे का भी फैसला नहीं कर पा रहे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी कर रहे है। वह गांव बल्ला में "म्हारा मोदी कार्यक्रम" में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रधान योगेंद्र राणा, कार्यक्रम के संयोजक सुमित नरवाल और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा विरोधी दल नरेंद्र मोदी को गिराने के लिए एकजुट तो हो रहे हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी ने 10 साल में जो काम किए हैं वह इन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचे। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस बौखला गई है और उसमें हीन भावना घर कर गई है,क्योंकि वह तीसरी बार लगातार हारने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने चुनावों की घोषणा होने के तुरंत बाद अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा को आम जनता के साथ-साथ ग्रामीण लोगों का भी सहयोग मिल रहा है।



भाजपा के स्टार प्रचारक मनोहर लाल ने कहा कि जब कोई कांग्रेस का नेता किसी के यहां चाय पर जाता है तो उसे बहुत बुरा लगता है क्योंकि उसने नरेंद्र मोदी को चाय वाला कहकर काफी अपमानित करने का काम किया है और उसके बाद जब कार्यक्रम का आयोजक उन्हें बाहर तक छोड़कर आता है और उन्हें राम-राम करता है तो भी उन्हें बहुत बुरा लगता है क्योंकि राम मंदिर के निर्माण में हमेशा इन लोगों ने कांटे बोने का काम किया है। मनोहर लाल ने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो सनातन को खत्म करने की बात करता हो वह राम-राम का शब्द कैसे सुन सकता है? उन्होंने कहा कि हरियाणा जवानों का प्रदेश है और अब भाजपा ने जय जवान जय किसान के साथ जय पहलवान शब्द को जोड़ने का काम किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जब मुख्यमंत्री का पद मिला तो कहा गया कि इन्हें अनुभव नहीं है तो उन्होंने कहा था कि उन्हें इन लोगों की तरह लूट-खसोट का अनुभव नहीं है लेकिन सेवा का बहुत अनुभव है। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने प्रदेश की जनता के फंसे हुए कामों को निकालने का काम किया है। पहले जहां नौकरियां बिकती थी अब नौकरियां मेरिट के आधार पर लगती हैं और पिछले 8 साल में 200 से ज्यादा युवाओं की गांव बल्ला में सरकारी नौकरियां लगी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 60 साल की उम्र होने के बाद प्रदेश के लोगों की अपने आप बुजुर्ग पेंशन बन जाती है। सरकार विधवा और अपंग लोगों को भी पेंशन देने का काम करती है, ऐसे मे कुछ लोगों ने कहा कि जो विधुर हो जाते हैं या जिनकी शादी नहीं होती उन लोगों को भी पेंशन दी जानी चाहिए तो सरकार ने इनकी भी पेंशन की व्यवस्था कर दी है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग एक बार फिर हरियाणा में सत्ता में आने की बात करते हैं लेकिन प्रदेश की यह जनता इन भ्रष्ट लोगों को दोबारा सत्ता में लाने वाली नहीं है। उन्होंने विपक्ष द्वारा मुफ्त बिजली के मामले में कहा कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है जिससे लोगों को न केवल मुफ्त बिजली मिले बल्कि उससे कमाई भी हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य योजना के अंतर्गत लोगों को मुफ्त बिजली तो मिलेगी ही साथ ही जो बिजली बचकर बिजली निगम के पास जाएगी उसका पैसा भी लोगों को मिलने लगेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों को मुफ्तखोर बनाने की बजाय इस प्रकार की व्यवस्था करने में लगी है कि लोग अपने पांव पर खड़े हो और अपने हक की कमाई खाने का काम करें।

**दावा**

नरेंद्र मोदी ने 10 साल में जो काम किए हैं वह इन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचेः मनोहर लाल

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा ने सिरसा के लोगों को गुमराह किया: संदीप लोट

टीम एक्शन इंडिया

**सिरसा:** बुधवार को इनेलो ने महाजनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत सिरसा के सुभाष चौक पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इनेलो उम्मीदवार संदीप लोट ने कहा कि आज विकास के क्षेत्र में सिरसा पिछड़ा हुआ है जिसकी जिम्मेदार भाजपा है। भाजपा सरकार में सिरसा का कोई विकास नहीं हुआ। सिर्फ लोगों को सुनहरे सपने दिखाए गए। सिरसा में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए नींव पत्थर तो रखवा दिया मगर आज तक एक ईंट नहीं लगाई गई है। यहां की क्षतिग्रस्त सड़कें बदहाली की तस्वीर बयां कर रही हैं। सिरसा की जनता ने बड़ी उम्मीद से पिछले चुनाव में भाजपा का सांसद बनाया था, मगर भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। एक भी ऐसा कोई उद्योग नहीं लगाया गया जहां युवाओं को रोजगार मिल सके। साढ़े चार साल तक भाजपा सांसद सिरसा की जनता से दूर रहीं। अब फिर से भाजपा नेता जनता को सपने दिखाने लग गए हैं। आज प्रदेश में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कोई नीति नहीं है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए बड़े-बड़े दावे किए गए, मगर हकीकत यह है कि भ्रष्टाचार कम होने की बजाय बढ़ रहा है। सरकारी संरक्षण में घोटाले हो रहे हैं। संदीप लोट ने कहा कि इनेलो चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलकर विकास की राजनीति करती है।

### पॉकेट एफएम का नया कमाल, 4 सुपरहीरो सीरीज ने 700 मिलियन बार सुने जाने का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** मनोरंजन के डिजिटल स्वरूप की दिन-ब-दिन




बढ़ती लोकप्रियता और सुपरहीरो जॉनर की अकूत संभावनाओं को देखते हुए ऑडियो सीरीज प्लेटफॉर्म Pocket FM ने अपनी सुपरहीरो सीरीज की सफलता को लेकर आज एक दुर्लभ उपलब्धि से लोगों को अवगत कराने का फैसला लिया. Pocket FM की ओर से बताया गया कि उनकी चार सुपरहीरो ऑडियो सीरीज ऐसी हैं जिनमें से हरेक ने 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से ज्यादा बार सुने जाने का अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है. उल्लेखनीय है कि Pocket FM इस क्रांतिकारी बदलाव में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है. 'नंबर जीरो' (140 मिलियन प्लेज), ह्यशूरवीर (250 मिलियन प्लेज), द न्यू अवतार (190 मिलियन प्लेज) और ह्यसुपर योद्धा (140 मिलियन प्लेज) जैसे पुरस्कृत शोज की अपार सफलता की दास्तां खुद-ब-खुद बयां कर रहे हैं. Pocket FM के इंडिया और न्यू मार्केट हेड सुयोग गोथि ने इस मौके पर कहा, "100 मिलियन प्ले के जश्न के इस खास मौके पर हमें यह बताते हुए बेहद खुशी? का एहसास हो रहा है कि हमारे सुपरहीरो ऑडियो सीरीज को लोगों की? ओर से अद्भुत प्रतिसाद मिल रहा है. 'सुपर योद्धा, 'द न्यू अवतार', 'शूरवीर', और 'नम्बर जीरो' जैसी सीरीज ने ना सिर्फ. लोगों का खूब मनोरंजन किया बल्कि इनके जरिए लोगों ने विभिन्न तरह से प्रेरणा भी हासिल की. उल्लेखनीय है कि सुपर हीरो और साइंस-फि क्शन संबंधित शोज अन्य शोज के मुकाबले लोगों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं और ऐसे जॉनर की कहानियां सुनने के प्रति लोगों के रूझान में तेजी से इजाफा हो रहा है. गौरतलब है कि इन ऑडियो सीरीज ने ना सिर्फ. सुपरहीरो जॉनर को आज के दौर में पुनर्भाषित किया है बल्कि इन सीरीज ने विभिन्न तरह के श्रोताओं को अपने साथ जोड़ा है, खासकर 18 से 40 आयु वर्ग के तमाम श्रोताओं को. दिलचस्प किस्म की किस्सागोई, आवाज की दुनिया में किये जा रहे आकर्षक प्रयोगों और रोचक किरदारों से लैस Pocket FM के सुपरहीरो और साइंस-फिक्शन सीरीज ने दुनिया भर के श्रोताओं के दिलों में एक खास जगह बना ली है।

# सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी है भाजपा : मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताई। सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा के नेतृत्व में सभी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, एडवोकेट विजयपाल वेदपाल व बीआर मदान विशेष रूप से मौजूद थे। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं, बल्कि कार्यकताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता अपनी मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदों पर विराजमान होते हैं, जबकि विपक्ष में परिवारवाद के कारण परिवार के लोग ही बड़े पदों पर पहुंचते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आशीष चौधरी सरपंच गांव जानी, रविंद्र गांव जानी, शेर सिंह गांव बलडी, सोनू सिंह फौजी, विजेंद्र सैनी, रतन टपराना, सनी, करनैल शेखपुरा, बिल्लू राजपुरा, गुरनाम सिंह खानपुर, लाल चंद टपराना, लखमीचंद टपराना, राजकुमार, प्रेमचंद टपराना, तारा चंद टपराना, कपिल, जुंडला, नरेंद्र गांव जानी, भाना राम गांव टपराना ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था जताई। मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का नाम दुनिया में आदर के साथ लिया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर आज भारत प्रभावी भूमिका में है। भाजपा सरकार के नेतृत्व प्रदेश का चौतरफा विकास हो रहा है। देश और प्रदेश की जनता मिलकर इस बार चार सौ सीटों का आंकड़ा पार करवाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी।

## आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने निवर्तमान पार्षद एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष बलविंद्र सिंह से सौहार्दपूर्ण माहौल में शिष्टाचारिक मुलाकात की। बलविंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बलविंद्र सिंह के साथ करनाल में विकास कार्यो को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक शिष्टाचारिक भेंट हुई है। उन्होंने करनाल में निर्माणाधीन व शेष कार्यो को आगे बढ़ाने और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा की।

**चर्चा**

▶▶ मुख्यमंत्री ने बलविंद्र सिंह के साथ करनाल में विकास कार्यो को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई

## बड़े अंतर से विजय प्राप्त करेंगे मनोहर लाल: योगेंद्र राणा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बुधवार को जुंडला मंडल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार में पार्टी के कार्यालय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। कार्यकर्ता पार्टी और संगठन की रीढ़ होते हैं। इसलिए बिना कार्यकर्ता को सम्मान दिए कोई पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती है। जुंडला में आपसी चर्चा के लिए चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल बड़े अंतर से विजय प्राप्त करेंगे और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश और प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। कार्यकताओं में अपार उत्साह है और इसी का परिणाम है कि केंद्र में एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

## मनोहर लाल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएंगे

**एक स्वर में बोले पार्षद-मनोहर लाल के शासन में कोई वार्ड नहीं रहा विकास से अछूता**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** नगर निगम के सभी पार्षदों ने एकजुट होकर एक स्वर में कहा कि वे लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के साथ हैं और उन्हें प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे। विकास कार्यो की गति बनाए रखने के लिए भाजपा सरकार जरूरी है और विकास को आगे बढ़ाने के लिए नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना बेहद जरूरी है। पार्षदों ने प्रण लिया कि वे करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ खड़े हैं और उन्हें एक बड़ी जीत दिलवाने का काम करेंगे।

करनाल के प्रेम प्लाजा होटल में सभी पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें नगर निकाय मंत्री सुभाष सुधा व करनाल की निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश में मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए हर क्षेत्र में समान विकास कार्य करवाए हैं। करनाल का एक भी वार्ड ऐसा नहीं हैं, जहां पर विकास कार्य नहीं हुए हों। मनोहर लाल ने बिना भेदभाव के काम किया। मनोहर लाल की नीतियां सभी वर्ग के लिए कल्याणकारी रही हैं। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की जनता की सेवा को तत्पर हैं।

निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता ने कहा कि पार्षदों की एकजुटता बताती है कि करनाल में जो काम 2014 के बाद हुए हैं, वह इससे पहले कभी नहीं हुए। विकास के मामले में करनाल लगातार आगे बढ़ रहा है। मनोहर लाल ने एक-एक वार्ड को चमकाने का काम किया है। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि मनोहर लाल ने जो काम कर दिए वह इससे पहले नहीं हुए हैं। अब करनाल के सभी पार्षद करनाल से मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को रिकार्ड मतों से

## रोड़ समाज ने मनोहर और सैनी का धन्यवाद कर जीत दिलवाने का किया वादा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में एडवोकेट हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाए जाने पर रोड समाज ने खुशी की लहर है। बुधवार को रोड़ समाज के लोगों ने एकत्रित होकर लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया और इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूरा समाज भाजपा सरकार के साथ है और मनोहर लाल और नायब सैनी को बड़ी जीत दिलाने का काम करेगा। समाज का एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के साथ है। बुधवार को रोड़ समाज के लोग पुराने बस स्टैंड के नजदीक रोड़ भवन में प्रधान नसीब सिंह रोड़ के नेतृत्व में एकत्रित हुए और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद कर बड़ी जीत दिलवाने का वादा किया।

प्रधान नसीब सिंह रोड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार ने रोड़ समाज को एक बड़ा मान सम्मान दिया है जिसके लिए वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हैं। सरकार ने आदर का भाव रखकर समाज का मान बढ़ाया है। रोड समाज ने एकजुट होकर कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। पूरे प्रदेश में समाज के लोगों में खुशी की लहर है। हर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर सरकार का धन्यवाद किया जा रहा है। पूरा रोड़ समाज मनोहर लाल को लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत दिलवाने का काम करेगा और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को भी प्रचंड मतों से जितवाएंगे। उपप्रधान ने कहा कि हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाए जाने से पूरा रोड़ समाज गौरवान्वित है। आज तक पूर्व की सरकारों में रोड़ समाज की अनदेखी होते आई थी। इससे पहले किसी पार्टी ने समाज को सम्मान नहीं दिया। रोड़ समाज मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को प्रचंड जीत दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा समाज।

सुरेंद्र टाया ने कहा कि हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में समाज में खुशी का माहौल है। समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने एकत्रित होकर कार्यक्रम कर सरकार का आभार जताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो काम किया है, वह एक सम्मान और समाज के लिए गर्व की बात है। भाजपा सरकार ने उन्हें पूरा मान सम्मान दिया।

इस अवसर पर प्रधान नसीब सिंह रोड़, रामपाल वरिष्ठ उप प्रधान, राजकुमार बल्डी उप प्रधान, सुरेंद्र बडसालु, धर्मवीर खेड़ी, जोगिंदर खरकाली, धीरज खरकाली, सुरेंद्र टाया, जैसलमेर, जगदीश, अरुण, सुधीर, रमन, जोनी बडथल, रामफल करनाल, साहिल, पिंकू सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

**खुशी**

▶▶ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग में एडवोकेट हिम्मत सिंह को चेयरमैन बनाए जाने पर रोड समाज ने खुशी की लहर

### छह महीने पहले हुई दोस्ती बदली प्यार में, फिर रची पिता व भाई को रास्ते से हटाने की साजिश

**गन्नौर।** सहायक पंप आपरेटर दलबीर की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपित नवीन व सुषमा छह महीने पहले ही एक दूसरे से मिले थे। नवीन छह महीने पहले ही सोनीपत के एक निजी अस्पताल में वार्ड ब्वाय नौकरी करने आया था। इसी अस्पताल में सुषमा पहले ही बतौर स्टाफ नर्स की नौकरी रही थी। इस दौरान उनकी एक दूसरे से दोस्ती हुई और कुछ ही दिनों में दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों एक दूसरे से शादी करने का मन भी बना चुके थे, लेकिन अलग-अलग जाति होने की वजह से नवीन को डर था कि उसके पिता दलबीर व भाई परमिंदर उनकी शादी को स्वीकार नहीं करेंगे। इसी डर की वजह से उसके मन में अपने पिता व भाई को रास्ते से हटाने का विचार आया। नवीन ने अपने पिता व भाई को रास्ते से हटाने की साजिश रची। 12 मई को जब वह ड्यूटी पर गया तो उसने अस्पताल से एटरा क्यूरियम इंजेक्शन चुरा लिया और अपने घर ले आया। उसे पता था कि यह इंजेक्शन जनरल एनेस्थीसिया के तौर पर काम में लाया जाता है और यदि इसे अधिक मात्रा में मरीज को दे दिया जाए तो उसकी जान भी जा सकती है। उसने सुषमा को अपनी योजना में शामिल किया और उसे कैंसर का टीकाकरण करने के बहाने अपने घर भेज दिया।

इस दौरान नवीन घर के बाहर अपनी गली में ही खड़ा रहा। जबकि सुषमा उसके पिता व भाई को इंजेक्शन लगाने के लिए उनके घर स्वास्थ्य कर्मी बन कर घुस गई। सुषमा ने नवीन के पिता को इंजेक्शन की ओवरडोज तो लगा दी, लेकिन उसके भाई ने इंजेक्शन लगवाने से मना कर दिया। इंजेक्शन लगाने के बाद नवीन सुषमा को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर उदेशीपुर गांव तक छोड़ कर आया। इस दौरान वह गांव के अड्डे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिस वजह से उनके षडयंत्र का पुलिस खुलासा कर पाई।

## चोरी के शक में चौकीदारों ने दो युवकों को पीटा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** नई अनाज मंडी में चौकीदारों ने दो युवकों को चोरी के शक में पीट दिया। गंभीर हालात में दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक का ईलाज चल रहा है।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के ब्यान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक 22 वर्षीय करण बीती रात अपने साथी पवन के साथ करनाल की नई अनाज मंडी में था। बताया जा रहा है कि वह गेहूं के चट्टों के आसपास था। चौकीदारों ने शक जताया कि करण व उसका दोस्त चोरी करने के लिए आए हुए हैं और इसी शक में चौकीदारों ने दोंनो पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। दोनों को बुरी तरह से पीटा गया। किसी ने पुलिस को कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर आज करण ने दम तोड़ दिया। मृतक करण करनाल के रामपुरा कटाबाग सूरजनगर का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## आपस में जोड़कर रखते आई है भाजपा : सुमन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भाजपा को सिर्फ सरकार बनाने के लिए लोगों को नहीं जोडना है, बल्कि देश बनाने के लिए लोगों को जोडना है। भारतीय जनता पार्टी लोगों को आपस जोडकर रखते आई है और हमेशा आपसी भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के जीवन को बदलने और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है, वह अभूतपूर्व है। सुमन सैनी बुधवार को करनाल में सरदार गुरदेव सिंह डेरा करनाल में सुखदेव सिंह, शास्त्री नगर में रणधीर पाल, गौशाला रोड नजदीक शिव मंदिर प्रवीण, सेक्टर-13 एक्सटेंशन में साहिल मदान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से जीत दिलवाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों की चिंता करते हुए अनेकों योजनाएं चलाई, जिनका लाभ पूरे देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकास को बढ़ाने के लिए और देश को विकसित बनाने के लिए भाजपा सरकार को चुनें। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को की गई जनता की एक.एक वोट सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाएगी।

## मतदान के प्रति जागरूकता लाने की प्रशासन की नई पहल

**लोकतंत्र की दीवार व हस्ताक्षर बैनर लगाकर वोट डालने के लिए किया जा रहा जागरूक**

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रशासन द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत कॉलेज, पार्कों तथा शहर के प्रमुख स्थानों पर सेल्फी स्टैंड, लोकतंत्र की दीवार व हस्ताक्षर अभियान का बैनर लगाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

यह कार्य उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में एसीयूटी योगेश सैनी के नेतृत्व में स्वीप गतिविधियों के तहत टीम द्वारा किया जा रहा है। यह सेल्फी स्टैंड विशेषकर युवा मतदाताओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए है। इन सेल्फी स्टैंड को बेहद खूबसूरत डिजाईन दिया गया है। इतना ही नहीं लोकतंत्र की दीवार पर महान स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र भी अंकित है। यह डिजाईन लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। इस सेल्फी स्टैंड के माध्यम से मतदाताओं को अहम जानकारियां देने का भी अनोखा प्रयास किया गया है। योगेश सैनी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव 2024 में स्वीप की तमाम गतिविधियों के साथ शिक्षण संस्थाओं के युवाओं को साथ जोड़ा जा रहा है। इन युवाओं द्वारा अपने-अपने शिक्षण संस्थानों के मंच पर नुक्कड़ नाटक और अन्य गतिविधियों में भाग लेकर लोगों में 25 मई के दिन वोट डालने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया यह सेल्फी स्टैंड मूवेबल है, इनको जरूरत और कार्यक्रमों के अनुसार दूसरी जगह पर भी शिफ्ट किया जा सकता है। इस सेल्फी स्टैंड पर वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 का प्रयोग करने, अपने लिए वोट करने और वोट देकर गौरवान्वित महसूस करने, चुनाव का पर्व देश का गर्व जैसे स्लोगनों से सुसज्जित करके लोगों को गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है।

**प्रेरित किया**

▶▶ लोकतंत्र की दीवार व हस्ताक्षर अभियान का बैनर लगाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है

## हर आसन में स्थिरता और सही पॉस्चर का होना बहुत महत्वपूर्ण: दिनेश गुलाटी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल।** फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मुख्य प्रशिक्षक दिनेश गुलाटी ने साधकों को योग का प्रशिक्षण देते हुए शरीर में होने वाली कई बीमारियों को दूर करने के लिए योगाभ्यास करवाए। उन्होंने योग साधकों को कमर दर्द को दूर करने के आसनों के विषय में जानकारी दी और अभ्यास किया। इन आसनों को करने की विधियां और इनकी सावधानियों के विषय में दिनेश गुलाटी ने योग कक्षा में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि कमर दर्द आज एक मुख्य समस्या बन गई है। गलत जीवनशैली और गलत पॉश्चर के कारण यह समस्या बढ़ जाती है। परंतु यदि नियमित रूप से योग किया जाए तो यह कमर दर्द को दूर करने में सहायक है। उन्होंने भुजंगासन, मर्कटासन, धनुरासन, शशांक आसन और उष्ट्रासन का अभ्यास योग साधकों को करवाया। कक्षा में शिक्षिका नीलम बटला ने कई तरह के आसनों का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी आसनों के लाभ बताते हुए कहा कि इन योगासनों से रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है और लचीलापन बढ़ता है, मोटापा कम होता है और साइटिका को दूर करने के लिए भी यह मदद करते हैं।

## संपादकीय

# पीओजेके का विलय '370' जितना ही जरूरी

**अट्ठारहवीं** लोकसभा के लिए चुनाव के बीच पाकिस्तान के जबरन कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में चल रहे जन आंदोलन से हालात नाजुक हो गए हैं। इसकी तात्कालिक वजह भले ही महंगाई है लेकिन इसमें दशकों से सरकार और सुरक्षाबलों का अत्याचार बर्दाश्त कर रहे अवाम की आवाज भी साफ सुनी जा सकती है। पाकिस्तान के कठपुतली नेतृत्व और नीतियों पर लोगों का भरोसा खत्म हो गया है। शुक्रवार से शुरू विरोध प्रदर्शन का मंगलवार को चौथा दिन था। इस दौरान मुजफ्फराबाद में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। गोलीबारी की गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। प्रतिक्रिया के तौर पर इस मामले में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सख्त इरादों का इजहार कर दिया। कह दिया कि पीओजेके भारत का था, है और रहेगा। विलय की औपचारिक घोषणा होना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ये बात कई बार कह चुके हैं। इसके अलावा सैन्य नेतृत्व समय-समय पर भारत की कमजोरी के इस कलंक को कालकवलित करने के लिए कभी भी कार्रवाई का संकेत देता रहता है। प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। माहौल को सामान्य बनाने और समस्याओं के समाधान के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 23 अरब रुपये जारी किए हैं। फिर भी बात नहीं बन रही। बदतर बर्ताव और बदनीयती से आजिज लोगों के तल्ख तेवर कभी भी तूफान बन सकते हैं। जनाक्रोश को विदेश में भी समर्थन है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी की ओर से ब्रिटेन में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ बगावत सतह पर है। जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी पाकिस्तान से आजादी मांग रही है। नियंत्रण रेखा के उस पार से कमेटी इसके लिए भारत सरकार से मदद चाहती है। दरअसल, महंगाई, बेरोजगारी, उपेक्षा, दमन से त्रस्त अवाम को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आए सकारात्मक बदलाव और विकास की बयार को देख-सुनकर उम्मीदें बेइंतिहां बढ़ गई हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी सोच और सारे सपने सच हो सकते हैं। अवाम की इस आवाज को भारत न तो अनसुना कर रहा है, न ही दर्द भरे आक्रोश व सड़कों पर रोष अनदेखी कर रहा है। हर पहलू पर सरकार की नजर है। भारत इसे संसद में पारित सर्वसम्मत संकल्प को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम मान रही है। पीओजेके को भारत का भूभाग बनाने के लिए संसद में 22 फरवरी 1994 को संकल्प लिया गया था। 30 साल हो गए हैं। 1949 में की गई तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की गलती सुधारना भाजपा का भी अहम लक्ष्य है। अनुच्छेद 370 और पीओजेके सरकार और पार्टी के लिए एक जैसे और एक ही कालखंड के हैं। अपने दूसरे प्रधानमंत्रित्वकाल में नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर पर जो अकल्पनीय और ऐतिहासिक फैसला किया, उसके बाद पीओजेके में ही नहीं, भारत में भी कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कामरूप तक उम्मीदें परवान पर हैं। माना जा रहा है कि चुनाव नतीजों में तीसरी बार भाजपा को 370 सीटें न मिलने के बावजूद उसके नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने पर पीओजेके के अवाम की भावना को मूर्त रूप देना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पीओजेके के विलय से ही जम्मू-कश्मीर की भारत से अभिन्नता के अभीष्ट की पूर्ति होगी। दक्षिण एशिया की घटना दुनिया के लिए सबक होगी।

# साइलेंट किलर की भूमिका में हाइपरटेंशन



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

"आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।"

**हाइपरटेंशन** या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारियों की जननी है, जिससे लाखों लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा या स्ट्रोक, धमनीविस्फार, दिल की धड़कन रुकना, गुर्दे संबंधित समस्याएं, आंखों की समस्या, चयापचयी समस्या, मनोभ्रंश, स्मृतिदोष जैसी जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि साधारणत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और अचानक शरीर में आघात होता है। हर साल 17 मई को दुनियाभर में "विश्व उच्च रक्तचाप दिवस" हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्थिति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और स्वस्थ भविष्य के लिए उच्च रक्तचाप के प्रभावी प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। सामान्य बीपी अर्थात रक्तचाप 120/80 या उससे कम होता है। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) तब होता है जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य से बहुत अधिक (140/90 या अधिक) होता है, यह शुरूआत होती है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक दबाव सहन करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप का पता लगाने का एकमात्र तरीका अपने रक्तचाप की जांच करवाना है। डब्ल्यूएचओ ने उच्च रक्तचाप के बारे में कुछ मुख्य तथ्य दर्शाए हैं, दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अनुमानित 46% वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से भी कम वयस्कों (42%) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग 5 में से केवल 1 वयस्क (21%) में यह स्थिति नियंत्रण में है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में असामयिक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रति वर्ष 75 लाख मौतें होती है, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 30 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

उच्च रक्तचाप में वैश्विक प्रभाव की स्थिति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, यदि उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे लोग भी अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखें तो भारत देश में 2040 तक कम से कम 46 लाख असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 37 प्रतिशत भारतीयों का ही निदान हो पाता है और उनमें से केवल 30 प्रतिशत ही इलाज करा पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह स्थिति नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक है, लगभग 30 प्रतिशत भारतीय आबादी इससे पीड़ित है।

हममें से 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे गलत खान-पान का सेवन कर रहे हैं, जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं है। तैलीय, मसालेदार, नमकीन, मैदा, मीठा और प्रोसेस्ड भोजन हमारे शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं, जो हमें घातक बीमारियों से मौत के मुँह में धकेलते है। आधुनिकता और दिखावा मनुष्य के विनाश का कारण बन गया है, आधुनिकता केवल हमारे विचारों में होनी चाहिए, ये मनुष्य समझ ही नहीं रहा है, कि भौतिक सुख सब कुछ नहीं है। भौतिक सुख-सुविधा पर निर्भरता ने मनुष्य को काफी हद तक मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर कर दिया है, जिससे मनुष्य की सहनशक्ति, विचारशक्ति क्षीण होकर तनाव, चिड़चिड़ापन, दुर्व्यवहार और स्वार्थीवृत्ति में लगातार वृद्धि हुयी है। इससे सामाजिक समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। बड़ी उम्र, आनुवंशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना, अधिक नमक वाला आहार, बहुत अधिक धूम्रपान, शराब पीना जैसी स्थिति उच्च रक्तचाप होने का खतरा बढ़ाता है।ग्रामीण आबादी के मुकाबले सुविधा संपन्न शहरी जनसंख्या अधिक बीमारियों का बोझ ढोते है। शहर में विकास के नाम पर शरीर कमजोर हो गए है। प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान, व्यसन, अनिद्रा, मिलावटखोरी, व्यायाम की कमी, संसाधनों पर निर्भरता अर्थात आधुनिक जीवनशैली ने शारीरिक और मानसिक तौर पर हमें बीमार बनाया है। अब हार्ट अटैक या स्ट्रोक उम्र देखकर नहीं बल्कि छोटे बच्चों से लेकर किसी को भी, कभी भी हो सकता है। प्रदूषित वातावरण इस हद तक बढ़ गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी गर्भ में पल रहे बच्चों में विकलांगता और जानलेवा बीमारियों में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य सम्बंधित बढ़ती समस्याओं के मूल कारण की ओर लोगों में विशेष जागरूकता नजर नहीं आती है। बीमारियां लगातार क्यों बढ़ रही है, इसके प्रति समाज और देश में बड़े पैमाने पर इतिहास रचने लायक जनजागृति और कड़े नियमों, कानूनों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने लायक कोई भी गतिविधि देश में नहीं होनी चाहिए, ये पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है और सरकार को पूरा सहयोग करने की नैतिकता जनता की है।

हाइपरटेंशन के रोकथाम में दवा और आधुनिक जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाएं, ज्यादा देर तक लगातार बैठना टाले, शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें, जैसे चलना, दौड़ना, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियां अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपने वजन को संतुलित रखें, तनाव को कम करके नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, समस्या हो तो योग्य उपचार करना आवश्यक है, चिकित्सक अनुसार देखभाल करें और औषधि लें। सकारात्मक विचारशैली, हेल्दी हॉबी, पोषक आहार, नशे से मुक्ति, स्वच्छता और रोजाना व्यायाम जैसी आदतें हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती है।

आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।

## कविता

### वोटवा हम काहे के डालीं

पालटी आपन जीतत वा तौ, वोटवा हम काहे के डालीं।
एक वोट से फरक क पड़िहै, ई सोचके हम परवाह न कइलीं।
पालटी आपन जीतत वा तौ, वोटवा हम काहे के डालीं।

अबकी नेतवा घर न अइले, न हम ऊके मलवा पहिनइले।
हमें ऊ जानै न हम पहचानै तौ, वोटवा हम काहे के डालीं।

नेतवा हमरे आगें झुकते, कुछ मिन्नत आशीष वे पइते।
नेतवन के परवाह नहीं तौ, वोटवा हम काहे के डालीं।

न संपर्क न वे पहचानै, हमें काम पड़ै तौ कैसे जानै,
उनकौ जब परवाह न तनकौ, वोटवा हम काहे के डालीं।

कान्फिडेंस हौ जीत क ओवर, चार सौ पार कर रहलवानी।
जब ई घमंड तोके हो गइल तौ, वोटवा हम काहे के डालीं।

इक वोटवा से का बिगड़ी, ई सोचके हम मतकेन्द्र न गइनीं।
अइसन करवै वाले बहुते, परसेंटेज ये ही सें बिगड़लीं।

इक लुटिया तालब न भरवै, ई सोचत कोई न डललीं।
भोरे इक्को बूंद न देखवो, तालाब सूखौ कौ सूखौ पइलीं।

अधिकार संग दायित्व समझिकै, अवश वोट डाले के पड़हीं
अब कब्भूं अइसन मत सुचिहा कि वोटवा हम काहे के डालीं।

-डॉ. महेन्द्रकुमार

## करोड़पति जन सेवक और अधनंगी जनता

राकेश

**बात** राजनीयति के इर्दगिर्द ही रहती है । रहना भी चाहिए,क्योकि मुद्दा है जहाँ ,राजनीति है वहां। आज का मुद्दा है कि दो जून रोटी के लिए सरकार पर निर्भर 85 करोड़ कि आबादी वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतनगर में जनसेवक किसे होना चाहिए और किसे नहीं ? क्या आजादी के ७७ साल बाद भी ये लोकतंत्र केवल और क्वेल धनपतियों के लिए ह। आम आदमी की इसमें हिस्सेदारी की मुमानियत है ?

लोकसभा चुनाव के चार चरणों के बाद प्रत्याशियों की मालिई हालत के बारे में पढ़-सुनकर मन हुआ कि आज इसी मुद्दे पर बात की जाए । हम हैरान हैं ,जग हैरान है कि पिछले एक दशक से देश के भाग्यविधाता बने काशी यानि बनारस के भाजपा प्रत्याशी के पास कुल जमा ले-देकर ३ करोड़ की सम्पत्ति है। जिला निर्वाचन अधिकारी के यहां नामांकन पात्र के साथ नास्ति किये गए हलफनामे के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी श्री नरेंद्र मोदी जी के पास 2022-23 में कुल आमदनी 23 लाख 56 हजार 080 रुपये थी। मोदी की कुल संपत्ति 3 करोड़ 02 लाख 06 हजार 889 है। जाहिर है कि मोदी जी ने दस साल में खुद कुछ नहीं खाया भले ही तमाम लोगों को खाने दिया और देश से बाहर जाने दिया मोदी जी के प्रमुख प्रतिद्वंदी और रायबरेली से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे राहुलगांधी के पास 20 करोड़ रुपए कि सम्पत्ति है। अकेले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरानकुल आमदनी 1 करोड़ 2 लाख और 78 हजार रुपये थी। राहुल गांधी के पास 9 करोड़ से अधिक की चल संपत्ति और 11 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति है। निश्चित तौर पर मोदी जी कि विरासत राहुल की विरासत से न केवल सियासत के मामले में बल्कि पैसे के मामले में भी कमजोर है ,फिर भी देश-दुनिया में मोदी जी का जोर है। मजे की बात ये है कि एक आदमी पिछले दस साल में हवाई जहाज से नीचे नहीं उतरा और दुसरे ने पूरा मुल्क पैदल नापने के अलावा कोई काम नहीं किया फिर भी दोनों करोड़पति है। भारत के लोकतंत्र में ही ये मुमकिन है।

मेरे पास हालाँकि देश के तमाम नाम-चिन्ह नेताओं यानि जनसेवकों की सम्पत्ति का ब्यौरा है। लेकिन मै सबका जिक्र नहीं कर सकता । आपकी दिलचस्पी है तो आप केंचुआ की वेबसाइट पर जाकर सभी कि कुंडली हंगाल सकते हैं। मै तो केवल उन प्रत्याशियों का हवाला दे रहा हूँ जो अकूत सम्पत्ति के मालिक हैं फिर भी चुनाव लड़कर जनता की सेवा करना चाहते हैं। इन करोड़पति जनसेवकों के प्रति हम गरीबों का मन कृतग्यता से लबालब है। सोचता हूँ कि यदि ये अरबपति,करोड़पति और लखपति जनसेवक न होते तो इस देश के लोकतंत्र का जनता का क्या होता ? जनसेवा का व्रत लेकर रजतपट की बदनाम दुनिया से सियासत में कदम रखने वाली कंगना रनौत को उसी तरह वालीवुड की क्वीन कहा जाता है जैसे किसी जमाने में फूलनदेवी को ' बैंडिट क्वीन कहा जाता था।

## विचार

# वाराणसी बना प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का साक्षी

मृत्युंजय दीक्षित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से लगातार तीसरी बार सांसद बनने के लिए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों व राजग गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति में, अत्यंत शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। इसके एक दिन पूर्व वाराणसी में उनके रोड शो के दौरान जिस प्रकार सड़कों पर जनसमुद्र उमड़ पड़ा वह काशी के चुनावी इतिहास में अद्भुत व अकल्पनीय रहा। वाराणसी के पूर्व ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से लेकर बिहार की राजधानी पटना तक जिस प्रकार की जन भावनाएं मोदी जी के प्रति देखने को मिली हैं उनसे यह साफ संकेत मिलता है कि अबकी बार फिर मोदी सरकार ही बनने जा रही है । अलग अलग राज्यों के अलग अलग स्थानों पर प्रधानमंत्री जी के रोड शो समाजिक समरसता दिखाते हैं, इनमें नारी शक्ति का वंदन भी हो रहा है और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उनके समाज सेवा व भक्ति भाव के विविध रूपों के दर्शन भी हो रहे हैं।रोड शो के दौरान वह भीड़ में ही बच्चो को भी दुलार कर अनेक सामाजिक व राजनैतिक संदेश तो दे ही रहे हैं साथ ही यह भी बताने का प्रयास कर रहे हैं कि आने वाले दिनों में वे बच्चों के भविष्य के लिए बहुत कुछ करने जा रहे हैं। जहां कहीं भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो निकलता है वहां से एक नया समीकरण सामने आ जाता है और विपक्ष हतप्रभ रह जाता है, उसे समझ में नहीं आता कि वह करे तो क्या करे। जब पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो निकल रहा था, उस समय उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार थे और लोगों के आश्चर्यचकित होने का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उन्होंने नितीश कुमार जी के हाथों में कमल का फूल देखा अर्थात पटना के रोड शो में बिहार के मुख्यमंत्री के हाथ में उनकी अपनी पार्टी का चुनाव चिह्न न होकर कमल का फूल था जिसे लेकर अब बिहार की राजनीति में तरह तरह के कयास लगने आरम्भ हो गये है कि लोकसभा चुनावों और उनके परिणामों के बाद बिहार का राजनीति भी किधर की ओर जाएगी। वाराणसी का रोड शो तो स्वाभाविक रूप से ही अद्भुत होना था, वाराणसी के लाडले बेटे का रोड शो जो था। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने के लिए, उन्हें देखने के लिए हर कोई बेताब था । अपने सांसद के लिए पूरा बनारसी जनसमुद्र उमड़ पड़ा। उनके स्वागत में पूरे भाव से झांकियां सजायीं, पुष्प वर्षा की, आरती की, भगवा और तिरंगे लहराये, हर हर महादेच और जय श्रीराम से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सनातन का सूर्योदय हो चुका है बस उसका तिलक ही शेष रह गया है और यह तिलक मां गांगा का बेटा नरेंद्र मोदी ही लगाने जा रहा है । रोड शो के दौरान उपस्थित उत्साहित जनमानस मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज उन नेताओं तक पहुंचा रहा था जो मोदी के विरुद्ध चुनाव लड़ना चाहते हैं कि यदि वो अपना सम्मान व जमानत बचाना चाहते हैं तो वह अभी भी समय है अपना पर्चा वापस ले लें। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पांच किमी लंबे रोड शो के माध्यम से सामाजिक, आध्यात्मिक व जातीय गुणा -गणित पूरी तरह से साध लिया है। वाराणसी की धरती पर एक लहर नहीं ,सुनामी नहीं अपितु उससे भी बड़ा तूफान आ रहा था और वह था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का जिसे देखकर हर कोई अचरज में था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय राज गठबंधन के सभी बड़े नेताओं की उपस्थिति रही, जिसमें उत्तर से लेकर दक्षिण और पश्चिम से लेकर पूर्वोतर राज्यों के सभी बड़े नेता थे। इनमें उल्लेखनीय रही बिहार की चर्चित चाचा भतीजे की जोड़ी अर्थात चिराग पासवान व पशुपति पारस की उपस्थिति। वाराणसी में दोनों की उपस्थिति व आपसी केमेस्ट्री को देखकर बिहार की सियासत में विरोधी दलों के नेताओं को तनाव हो गया है क्योंकि अभी तक बिहार के चाचा भतीजे की इस जोड़ी को लेकर मोदी विरोधी मीडिया में जो कयास लगाये जा रहे थे वे ध्वस्त हो गए हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारत में प्रसिद्ध महिला गणितज्ञ

विजय गर्ग

**युगों से,** रूढ़िवादिता ने गणित के क्षेत्र को पुरुषों से जोड़ा है। धारणाओं ने गलत सुझाव दिया है कि महिलाओं में कठिन गणना करने या एसटीईएम क्षेत्रों में खुद को स्थापित करने की मानसिक क्षमता का अभाव है। हमेशा से, महिलाओं को शिक्षण या नर्सिंग जैसी 'मुलायम' नौकरियों के लिए उपयुक्त माना गया है। माना जाता है कि इन भूमिकाओं के लिए कम मानसिक श्रम या समय की प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है, जिससे महिलाओं को घरेलू या वैवाहिक कर्तव्यों के साथ करियर को संतुलित करने की अनुमति मिलती है। भारत जैसे पारंपरिक समाज में, पितृसत्तात्मक व्यवस्था इन पूर्वाग्रहों को पुष्ट करती है। यह लोगों के जीवन में एक प्रमुख कारक रहा है और रहेगा। हालाँकि, भारतीय महिलाओं ने इन झूठे दावों को खारिज करते हुए दुनिया के सामने बार-बार अपनी वास्तविक कीमत साबित की है। यह ब्लॉग भारत की प्रमुख महिला गणितज्ञों का सम्मान करता है। यह उन आत्मविश्वासी महिलाओं के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने तमाम बाधाओं के बावजूद इस पुरुष-प्रधान दुनिया में अपने लिए जगह बनाई। 1. शकुंतला देवी शकुंतला देवीः एक मानव कंप्यूटर शकुंतला देवी का जन्म 1929 में बैंगलोर में हुआ था और उनकी असाधारण गणना कौशल के कारण उन्हें 'मानव कंप्यूटर' के रूप में जाना जाता था। उन्होंने अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए और अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा हासिल करते हुए दुनिया भर में यात्रा की। 1977 में, उन्होंने दक्षिणी मेथोडिस्ट विश्वविद्यालय में 201-अंकीय संख्या की 23वीं जड़ की गणना की। उल्लेखनीय रूप से, उसने कंप्यूटर को पछाड़ते हुए 50 सेकंड में यह काम किया। 1980 में, उन्होंने इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा यादृच्छिक रूप से चुनी गई दो 13 अंकों की संख्याओं को 28 सेकंड में गुणा किया। इससे उन्हें 1982 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली। उन्होंने अपनी 1977 की पुस्तक फिगरिंगः द जॉय ऑफ नंबर्स में अपनी कई गणितीय तरकीबें शामिल कीं। अपने बाद के वर्षों में, उन्होंने पजल्स टू पजल यू और मैथैबिलिटी जैसी कई किताबें लिखीं। उन्होंने सुपर मेमोरीः इट कैन बी योर्स भी लिखी और अपनी पुस्तक, द वर्ल्ड ऑफ होमोसेक्सुअल्स के साथ समलैंगिकता का समर्थन किया। शकुंतला देवी एक ज्योतिषी भी थीं।

## हिंदी भाषा की पवित्रता,व्यापकता

संजीव

**हिंदी भाषा न** सिर्फ करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है बल्कि विदेशों में भी करोड़ों लोगों के मध्य संवाद की भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है" हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलतः बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है। यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है। भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है। हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा "हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया" यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं।

वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है।

## न्यूज फ्लैश

### एडवोकेट हिम्मत सिंह के एचएसएससी का चेयरमैन बनने पर वकीलों ने जताई खुशी



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। एडवोकेट हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन बनाए जाने पर करनाल के वकीलों ने खुशी जाहिर की है। वकीलों ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया है। वकीलों ने कहा कि एक वकील साथी को बड़ी जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। इसके लिए सभी वकील सरकार के आभारी हैं। एडवोकेट कैलाश चौहान ने कहा कि एडवोकेट हिम्मत सिंह एक मेहनती और कर्मठ वकील है। हरियाणा सरकार ने उन्हें एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह रोड़ समाज ही नहीं वकील साथियों के लिए भी बड़ी बात है कि एक वकील को बड़े पद पर आसीन किया गया है। इसके लिए वे पुनः प्रदेश सरकार का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर संदीप चौधरी, यशवीर सिंह, नरेश बराना, रामचन्द्र टाया, धीरज खरकाली, रोबिना कैमला, प्रवीन चौधरी, योगेन्द्र मैहला, धर्मबीर खरकाली, संदीप खोखर, जगदीप, बाबूराम बड़थल, कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थी प्रतियोगिता में भागीदारी कर व्यक्तित्व विकास करें : डॉ. वैशाली शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भारत रत्न श्रीगुलजारी लाल नंदा नीति एवं दर्शन शास्त्र केंद्र, पूर्व तट ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र में बुधवार को भाषण एवं प्रेरणा गीत की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वैशाली शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को श्रीगुलजारी लाल नंदा के व्यक्तित्व को अपनाकर जीवन में धारण करने व उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मंच की विभिन्न विधाओं संगीत, भाषण में अधिकतम भागीदारी करते हुए अपने व्यक्तित्व में विकास करें। उन्होंने भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। सादगी, अनुशासन, देश भावना, परिश्रम शैली को उजागर करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि श्रीगुलजारी लाल नंदा जी हमारे देश की वह चिरपरिचित विभूति हैं जिन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान राष्ट्रपति महात्मा गांधी के नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभाई और आजादी के बाद वर्षों तक विभिन्न पदों पर रहते हुए राष्ट्रहित और जनहित के कार्यो में हमेशा सक्रिय रहे।

### ऐरो के अनोखे 'सन, स्टाइल ऐंड टी-शर्ट फेस्टिवल' के साथ गर्मियों में उठाएं आरामदायक टी-शर्ट्स पहनने का लुत्फ

**नोएडा:** अरविंद फैशन्स लिमिटेड के प्रोफेशनल मेन्सवेअर ब्रांड ऐरो ने 'सन, स्टाइल और टी-शर्ट्स डाइव इनटू द समर' नामक एक अनोखे अभियान की शुरुआत की है. यह एक ऐसा अनोखा टी-शर्ट फेस्टिवल है जो इस उत्सवी माहौल के मूड को बढ़िया ढंग से जाहिर करता है. उल्लेखनीय है कि ऐरो ब्रांड गर्मियों के हिसाब से चटख रंगों, नवीन तरह के डिजाइन्स और उपभोक्ताओं के जोश-ओ-खरोश को परिलक्षित करने वाले अभियान का हिस्सा बनने जा रहा है. मगर ऐरो की यह पहल महज स्टाइल को ध्यान में रखकर नहीं तैयार की गई है बल्कि यह लोगों की ज़िंदगी में बदलाव लाने की भी एक अहम कोशिश भी है. गौरतलब है कि ऐरो ने दिव्यांग लोगों की आजीविका के साधन के तौर पर स्थापित किये गये देश के सबसे बड़े एनजीओ एटिपिकल एडवांटेज के साथ एक विशिष्ट तरह की साझेदारी की है. इसके तहत 5000 रुपये की हर खरीद के साथ ग्राहक ऐसे तमाम लोगों की सहायता करने के? मकसद में अपना अहम योगदान दे सकेंगे. इन गर्मियों में ऐरो की टी-शर्ट्स को पहनने का भरपूर लुत्फ उठाएं. ऐरो की हरेक टी-शर्ट नवीनता और रचनात्मकता की अनूठी मिसाल होती हैं. इन गर्मियों में ऐरो की परफेक्ट पोलो को पहनें और विलासिता का अद्भुत आनंद प्राप्त करें.

# हनी सिंह ने जजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के पक्ष में किया रोड शो

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )

**पंजाबी गायक** यो-यो हनी सिंह ने बुधवार को समालखा में जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के पक्ष में बाजार में रोड शो किया। हनी सिंह ने शहरवासियों से देवेन्द्र कादियान को जीताने की अपील की। इस मौके पर पहुंचे जजपा के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि 45 डिग्री सेल्सियस व चिलचिलाती धूप में जो हौसला व जौश दिखाया है उसे देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार करनाल लोकसभा से जजपा के देवेन्द्र कादियान की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने समालखा रोड पर शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसान व कमेरे की आवाज, हरियाणवी की आवाज को संसद में पहुंचाने का इससे बढ़िया मौका नहीं आयेंगा क्योंकि भाजपा व



कांग्रेस के प्रत्याशी बाहरी है जबकि जजपा के देवेन्द्र कादियान 24 घंटे आपके बीच रहने वाले हैं। इसलिए आने वाली 25 तारीख को सुबह वोट डालने जाओं तो सुबह से ही एक चाबी चाबी रटते रहना है। वहीं जजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान ने लोगों से सहयोग व समर्थन मांगते हुए अपने पराये को देखकर वोट करने की अपील की।

जजपा का रोड शो में शामिल होने के लिए यो यो हनी सिंह करीब तीन घंटे देरी से पहुंचा जिस कारण रोड शो दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुआ। रोड शो के दौरान रेलवे रोड पर वार्ड 11 से पार्षद पति एवं जजपा नेता विपीन छाबड़ा, कुहाड़ पाना में वार्ड 9 की पार्षद के पति विकास कुहाड़ व बैनीवाल चौक पर वार्ड 7 के पार्षद विनोद वाल्मीकि व वार्ड 10 से पार्षद मनीष बैनीवाल, नरेश गाहल्याण ने जजपा नेता देवेन्द्र कादियान व दिग्विजय चौटाला का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर जजपा नेत्री फूलवती एडवोकेट, मीनाक्षी चावला,सुमन नरवाल,जजपा बीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुभाष धीमान, लेखराज खट्टर, हल्काध्यक्ष बलजीत मच्छरौली आदि उपस्थित रहे।

**हनी सिंह ने युवाओं को किया निराश**

समालखा में जजपा के पक्ष में रोड शो करने आये यों यो हनी सिंह को देखने व सुनने के लिए पुराने बस अड्डा पर लोगों की खासकर युवाओं की भुड उमड़ पड़ी। युवाओं को आशा थी कि पंजाबी गायक यो-यो हनी सिंह कुछ गाकर मनोरंजन करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। हनी सिंह जजपा नेता दिग्विजय चौटाला व प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के साथ रथ पर चढ़ गये।

## फाइबर दबाने के लिए खोदे गए गड्ढे हादसे का कारण बन रहे



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** पिछल्ले दिनों नगरपालिका रोड पर मशीनों द्वारा दबाई गई इंटरनेट फाईबर दबाने के लिए खोदे गए गड्ढे हादसे का कारण बन रहे है। इस तरफ न तो नगरपालिका का कोई ध्यान है, न ही फाईबर दबाने वाली कंपनी का। दोनो की मनमानी का खामियाजा लोगों व दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढों को भरवाया जाए ताकि दुकानदारों व लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। दुकानदार सुरेश, सतबीर, विकास ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के सामने फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढे के आसपास सड़क के साथ में बिछाई गई टायले भी उखड़ गई है। उन्होंने बताया कि रात के समय तो और परेशानी बढ़ जाती है। दुकानदारों ने प्रशासन से फाईबर दबाने के दौरान खोदे गए गड्ढों को बंद कराने की मांग की है।

## दिव्यांशु के जनसम्पर्क कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

समालखा ( कुलदीप सिंह )

**करनाल** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा बृहस्पतिवार को समालखा हल्के के गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम करेंगे उनके जन सम्पर्क कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जेजेपी छोड़ कर कांग्रेसी बने मास्टर अजमेर सिंह अपने साथी रणधीर बिहोली के साथ गांव में घूम घूम कर कांग्रेस के लिए जनसमर्थन मांग रहे हैं।

जेजेपी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर अजमेर सिंह पावटी ने बताया कि उन्होंने आज गांव करहंस, मच्छरौली व झट्टीपुर में कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के लिए वोट मांगे। उन्होंने बताया कि वह लोगों को कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र भी पढ़कर सुना रहे ओर साथ ही इन घोषणाओं को पूरा करने की गारंटी भी दे रहे हैं।

# वैज्ञानिकों ने किसानों के लिए काम करने का लिया संकल्प

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** समर फाउंडेशन की ओर से जाट धर्मशाला में हुई किसान गोष्ठी में पद्मश्री वैज्ञानिकों के साथ साथ हर फील्ड के वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों के बीच किसानों ने भी अपने अनुभव की बात रखी। ये पहला ऐसा मौका था, जब देश के शीर्ष हर विषय के जाने माने रिटायर्ड वैज्ञानिक मंच पर थे और उनकी बात सुनने के बाद किसान उनसे अपनी खेती के अनुभव साझा करते हुए उनसे रोजगार और योजनाओं की सीधी जानकारी ले रहे थे।

महाराणा प्रताप हार्टीकल्चर यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी डा. समर सिंह की समर फाउंडेशन के बड़े उद्देश्य को हल करती हुई इस



किसान गोष्ठी में बतौर मुख्यअतिथि आईसीएआर के पूर्व डिप्टी डॉयरेक्टर जनरल, व मथुरा वैटरनिटी यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी पदमश्री एमएल मदान ने समर फाउंडेशन की पहल को सराहते हुए कहा कि समर फाउंडेशन का उद्देश्य यही है कि किसानों को खेती में कैसे फायदा हो, किसान आत्मनिर्भर कैसे बनें, देश को गरीबी, भूखमरी से निजात कैसे मिले? इसके लिए हम सभी को परिवर्तन के द्वार खोलने हैं, जुबानी नहीं करके दिखाना है, पशु धन का महत्व बढ़ाना है, खेती के साथ साथ दूसरे संबंधित काम किसानों ने करने हैं, महिलाएं इसमे सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

सीएसएसआरआई के पूर्व डॉयरेक्टर और कई वरिष्ठ पदों पर रहे जाने माने वैज्ञानिक डा. गुरबच्चन सिंह ने साफ कहा कि आज से 40 साल पहले हम जहां खे थे, कुछ समस्याएं आज भी पहले जैसी हैं।

किसान कल्याण नीति बनाई गई है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। वे क्या काम सकते हैं, उन्हें कैसे लोन मिलेगा, कितनी सब्सिडी होगी, ये सब किसानो के लिए है। हम सभी धरातल पर काम करें, हमें सीधा फायदा हो, बस आज की किसान गोष्ठी इसीलिए है। खास बात यह रही किसानों ने जोहडों की समस्या, किसान गोष्ठी गांव में लगाने की बात सहित अन्य कई सवाल वैज्ञानिकों के समक्ष दागे।

## 5 हजार युवाओं ने एक साथ लिया वोट डालने का संकल्प

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

करनाल। राजकीय स्कूलों व कालेजों के लगभग 5 हजार युवाओं ने वोट डालने व मतदाताओं को वोट डलवाने के लिए जागरूक करने का सकंल्प लिया है। इस सकंल्प को पूरा करने के लिए गांवों व शहरों में मतदाता जागरूकता रैलियों का भी आयोजन किया गया है। अहम पहलु यह है कि 25 मई को शत प्रतिशत वोट पोल करवाने के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

करनाल के राजकीय स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के माध्यम से एक ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है कि करनाल का प्रत्येक मतदाता 25 मई को अपने बूथ पर पहुंचकर वोट डाल सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। करनाल में 7 अलग अलग ब्लाक के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में सुबह के समय अंबैली के दौरान स्कूलों के प्रिंसीपल व शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया। यह संकल्प लगभग सभी राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को दिलाया गया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा के अनुसार राजकीय स्कूलों के लगभग 5 हजार विद्यार्थियों ने वोट डालने व मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करेंगे। अंडर ट्रैनिंग आईएएस योगेश सैनी ने विभिन्न स्कूलों को निरीक्षण करने के उपरांत विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी जिला प्रशासन की तरफ से एक आईकान बन कर मतदाताओं को 25 मई के दिन मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करेंगे।

# सिख समुदाय हमेशा पीएम मोदी का आभारी रहेगाः गुरप्रीत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय प्रभारी सरदार गुरप्रीत सिंह आज करनाल पहुंचे। इस दौरान उनके साथ विकसित भारत विकसित हरियाणा के प्रदेश संयोजक रघुमल भट्ट भी मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगर किसी ने वास्तव में सिख समुदाय के लिए काम किया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं, जिसका आभारी हमेशा सिख समुदाय हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब गलियारा शुरू करना स्वर्ण



मंदिर में दान के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण और 1984 के सिख विरोधी दंगों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करना जैसा कदम केंद्र की मोदी सरकार की ओर से उठाए गए। पिछले प्रधानमंत्री सिख समुदाय के लिए यह सब नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो देश के सिख समुदाय के योगदान और बलिदान को बहुत महत्व देती है और उनके हितों के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सिखों की एकमात्र

**आभार**

**⏩ अगर किसी ने वास्तव में सिख समुदाय के लिए काम किया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं**

शुभचिंतक है और सिख समुदाय को लोकसभा चुनाव में नैतिक रूप से पार्टी का समर्थन करना चाहिए। सिख समुदाय के साथ प्रधान मंत्री मोदी की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन और सिख गुरुओं की जयंती मनाने जैसी महत्वपूर्ण पहलों की ओर इशारा किया। उन्होंने जनवरी 2022 में मोदी की उस घोषणा का भी जिक्र किया, जिसमें 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में नामित किया गया था, जिसकी सिख समुदाय ने सराहना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए भाजपा उम्मीदवारों को समर्थन देने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उनके द्वारा सिख मतदाताओं को एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# कम्युनिटीज थ्रू माईंडफुलनेस वर्कशॉप का किया आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को माईंडफुलनेस के साथ कम्युनिटी प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन फैकल्टी लॉज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ तिलक समारोह, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय प्रबंधन में माईंडफुलनेस के महत्व को बताना और कैसे इसमें युवा पीढ़ी महत्वपूर्ण भूमिका



निभा सकती है रहा।

इसके बाद आईएमएस के उप निदेशक डॉ. राजन शर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए प्रमुख वक्ता डॉ. दमन आहुजा का स्वागत किया। डॉ दमन आहुजा रेड रिबन एक्सप्रेस इनिशिएटिव के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, संस्थानिक नैतिकता समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान के सदस्य व कम्युनिटी विकास और माईंडफुलनेस के प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं।

## तेजधार हथियार से हमला कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर:** गांव खेड़ी गुज्जर में तेजधार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के सोहन की शिकायत पर मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। शिकायत में सोहन ने बताया कि वह अपने भाई मोहन के साथ घर आ रहा था तो रास्ते में विकास गली में अपनी गाड़ी लेकर खड़ा था। विकास ने उनके साथ गाली गलौज किया। थोड़ी देर बाद भोपाल अपने बेटे विकास, अंकित, आजाद, बिंदर, तनिष व अन्य अपने हाथों में लाठी, कुल्हाड़ी, चाकू, गंडासी व डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और आते ही उन्हें बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया।

# हर वर्ग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने को तत्पर : पुष्कर

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धार्मी ने रोहतक में कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पार्टियों का अस्तित्व बचाने के लिए है। इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार, घोटालो और तुष्टिकरण की राजनीति करके उसी वोट बैंक को आगे बढ़ाने का गठबंधन है जिसे कांग्रेस आजादी के समय से करती आ रही है। रोहतक स्थित पार्टी कार्यालय मंगल कमल में प्रेसवार्ता के दौरान उत्तराखंड के सीएम ने आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। वहीं मोदी सरकार की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिणी



और अटक से कटक तक लोग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए खड़ा है। पत्रकार वार्ता के दौरान सीएम धामकी के साथ उत्तराखंड के मंत्री वीरेन रोहिला, अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी, रोहतक लोकसभा प्रभारी राजीव जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा नेता संदीप जोशी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक,भाजपा प्रवक्ता नेहा धवन, रोहतक मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में दो प्रकार की विचारधाराएं मैदान में है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए है जो देश को प्रथम मानने वाले दल हैं और पूरे देश को परिवार मानकर काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवार को आगे बढ़ाने और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

श्री धामी ने कहा कि पीएम मोदी बिना रूके हर पल और हर क्षण देशवासियों की सेवा में लगे हुए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में भारत का मान और सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए धारा-370 को खत्म किया, तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि इन दस वर्षों में सेना का मनोबल लगातार बढ़ा है।

# उच्च गुणवत्ता का गेहूं बीज उत्पादित करेगा किसान समूह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईआईडब्ल्यूबीआर) व हार्टीकल्चर फार्मर्स प्रोड्यूसर समूह करनाल (एचएफपीसी एफपीओ) के बीच गेहूं के बीज उत्पादन को लेकर एमओयू करार हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने एचएफपीसी के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व डॉ. एसपी तोमर के साथ एमओयू साइन करते हुए खुशी जाहिर की कि यह किसान संगठन उच्च गुणवत्ता के बीजोत्पादन व प्रसार पर कार्य करेगा। डॉ. एसपी तोमर ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। डॉ. तोमर ने बताया कि इस करार के तहत एफपीओ (फार्मर्स



प्रोड्यूर्स आगेनाईजेशन ऑफ इंडिया) उन्नतशील बीजों का उत्पादन, प्रसार व प्रचार करेगा। बीजों की उच्च गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। करनाल जिले में इस एफपीओ का गठन वर्ष 2016 में नाबार्ड के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट के तहत किया गया। अब इस किसान समूह में 700 किसान जुड़े हुए हैं। किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए यह एफपीओ उपभोक्ताओं व किसानों के बीच सीधी भूमिका में है।

**खुशी**

**⏩ एचएफपीसी के चेयरमैन डॉ. डीएस मलिक व डॉ. एसपी तोमर के साथ एमओयू साइन करते हुए खुशी जाहिर की**

जैविक कृषि पर जोर दिया गया है। किसान कीटनाशकों का अनियंत्रित तरीके से इस्तेमाल करते हैं, जिस कारण खाद्य पदार्थों में जहर के अंश विद्यमान रहते हैं। इसलिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इस एफपीओ ने नाबार्ड के साथ मिलकर कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। वर्ष 2021-22 में एक परियोजना के तहत जिले में 500 किसानों की एक हजार एकड़ जमीन में बासमती धान पैदा की जिसमें वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन न्यायोचित तरीके से रसायन का इस्तेमाल किया गया। टेस्टिंग में उस चावल में जहर की मात्रा नहीं मिली।

इस प्रोजेक्ट से प्रभावित होकर कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्कालीन चेयरमैन डा. अंगामुथु 2022 में करनाल आए थे। इसके अलावा 2023-24 में नाबार्ड के साथ टमाटर पर एग्री स्मार्ट कृषि टेक्नालाजी पर प्रोजेक्ट चलाया गया। टमाटर की फसल में विभिन्न उपकरणों का इस्तेमाल करके कीटनाशकों की भूमिका नगण्य की गई। इस फसल में ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया।

# सैनिक स्कूल में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को किया

टीम एक्शन इंडिया

**रोहतक:** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं कक्षाओं के परिणाम घोषित होने पर स्थानीय सैनिक स्कूल सिंहपुरा ने मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन अशोक दलाल ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का परिणाम शतप्रतिशत रहा। स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में इस परीक्षा को पास करके स्कूल के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया और उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा की टिटौली निवासी मनु ने 96.5 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में



प्रथम स्थान प्राप्त किया इसलिए स्कूल की तरफ से एक्टिवा देकर मनु को सम्मानित किया गया। पलक ने 90 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में दूसरा व 85 प्रतिशत अंकों के साथ चिराग ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों को साइकिल व घड़ी देकर सम्मानित किया गया। वही 12वीं कक्षा की विद्यार्थी खुशी व नैंसी ने भी मेरिट लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अशोक दलाल, रेखा दलाल, 84 खाप के प्रधान हरदीप अहलावत, अत्तर सिंह, रणधीर सिंह के अलावा समस्त स्टाफ तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मतदान केंद्रों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया



**समालखा:** उपायुक्त एवम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के साथ झट्टीपुर, करहंस,मछरौली और समालखा स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक भी करें। उन्होंने सभी सहायक रिट्रनिंग अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए है कि अपने अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक उत्सव जैसा माहौल बनाए जिससे हर मतदाता को मतदान केद्र पर आकर गर्व और सुख की अनुभूति हो। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। सभी मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे। मतदान केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों के साथ-साथ अर्ध सैनिक बलों के जवान भी तैनात रहेंगे।

### पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 10 जून 2024 तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय पाठ्यक्रम जिसमें बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस व बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट में दाखिले के लिए 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट(मैन)2024 और एलईईटी 2024 की मेरिट के आधार पर होगा। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट सांइस/फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलोजी, प्लांट पैथोलॉजी, प्लांट प्रोटेक्शन-इंटोमोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, पीएचडी इन एग्रीबिजनेस मेनेंजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट शामिल है। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स शामिल है।

### सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की 11 सदस्यीय समिति का गठन

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा बनाओ अभियान ने सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सोमवीर सिंह देसवाल की अध्यक्षता में अलग उच्च न्यायालय और हरियाणा की सीमाओं के साथ हरियाणा की राजधानी के लिए कानूनी मुद्दों की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की 11 सदस्यीय समिति का गठन किया। संस्था के संयोजक एडवोकेट रणधीर सिंह बधरान ने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के कानूनी विशेषज्ञ, हरियाणा के अलग हाई कोर्ट और अलग बार काउंसिल के गठन के साथ-साथ मसौदा संशोधन विधेयक के लिए पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966 में आवश्यक संशोधनों के लिए एक संशोधन विधेयक लाने का भी सुझाव देंगे। हरियाणा विधानसभा के प्रथम संसद सत्र या शीतकालीन सत्र में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की विशेषज्ञ राय लेने के बाद भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा ताकि अलग उच्च न्यायालय और हरियाणा राज्य की नई राजधानी के लिए आगे की देरी से बचा जा सके। यह हरियाणा राज्य के व्यापक हित के साथ-साथ हरियाणा के निवासियों के हित में भी है।

# कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में दो कौशल केंद्र स्थापित करेंगे : नवीन जिंदल

## भगवान परशुराम ने 21 बार आताताई व दुष्ट राजाओं से इस धरती को खाली किया

**जन्मोत्सव**

**▶▶ नवनियुक्त पंच, सरपंचों, जिला परिषद, ब्लॉक समिति के सदस्यों ने नवीन जिंदल का किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
रेलवे रोड पर स्थित धीमान ब्राह्मण पंचायत सभा में पिछड़ा वर्ग ए, सामाजिक संस्थाओं के अधिकारियों व नवनियुक्त पंच, सरपंचों, जिला परिषद, ब्लॉक समिति के सदस्य के अलावा पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के प्रधानों के अन्य मौजिज लोगों ने आयोजित कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक समिति व पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र माजरी, अनिल धीमान के अलावा अन्य सदस्यों की अगुवाई नवीन जिंदल का स्वागत किया और सभी उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का साथ देने का वादा किया। कार्यक्रम से पूर्व नवीन जिंदल का फूल मालाओं से स्वागत किया और नवीन जिंदल व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे लगाकर मंच तक लाया गए। इस अवसर पर प्रोग्राम सह-संयोजक सुरेंद्र कश्यप माजरी एवं अनिल धीमान, श्याम लाल जांगड़ा पूर्व जज एवं लोकपाल सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सचिव मदन मोहन छाबड़ा, व सुंदर लाल धीमान, प्रधान धीमान सभा धर्मशाला, जिले ङ्कषसह पाल, इंद्र कुमार भूतपूर्व सैनिक, प्रधान, जांगड़ा धर्मशाला सभा, कुरुक्षेत्र, कर्मबीर पांचाल, पांचाल सभा धर्मशाला, अनिल कुमार धीमान प्रधान युवा विश्वकर्मा प्रगति मंच, शीतल भट्ट अध्यक्ष, ब्रह्म भट्ट सभा कुरुक्षेत्र, बक्शीश सिंह, प्रधान कंबोज सभा धर्मशाला कुरुक्षेत्र, ईश्वर सिंह रजाक धोबी, प्रधान धोबी समाज सभा धर्मशाला कुरुक्षेत्र, कश्यप धर्मशाला राजीव कश्यप, मनजिंद्र कश्यप, बलजीत, जीता राम, जसबीर एरदान ईशाक, संत राम शोरगिर, शोरगिर धर्मशाला, रामकुमार वर्मा स्वर्णकार सभा, कुरुक्षेत्र, श्री विष्णु गोस्वामी, प्रधान गोस्वामी कुरुक्षेत्र, सोरण रबारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, महामंत्री रबारी सभा, श्रीदेवी दयाल रबारी, अध्यक्ष रबारी धर्मशाला, श्याम लाल एडवोकेट, राई धर्मशाला कुरुक्षेत्र, सरदारा राम जोगी व सूरजभान जोगी मौजूद रहे।

# चालक प्रशिक्षुओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में निरंतर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज प्रातः हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षत्र के बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के साथ एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में 110 चालक प्रशिक्षुओं के साथ बस अड्डे पर खड़े अनेक लोगों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए चर्चा करते हुए कहा कि एक और जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है वहीं दूसरी

**शपथ दिलाई**

**▶▶ युवाओं के साथ एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया**

और तम्बाकू उत्पाद और मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। नशे के प्रभाव में व्यक्ति कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल और केवल नशा है। उन्होंने एक कविता नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है के गायन से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई।

# मतदान करने के लिए दिव्यांग जनों को किया गया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला प्रशासन एवं जिला रेड क्रॉस समिति कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में दिव्यांग जनों को लोक सभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सेक्रेटरी डाक्टर सुनील कुमार सचिव ने अपने उद्बोधन में दिव्यांग जनों से अपील की कि सभी को लोक सभा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपने मत का प्रयोग करना है। जो दिव्यांगजन आज इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए उन्हें भी अपने मत का प्रयोग करने बारे मे बताना है ' जिला प्रशासन की और से लोक सभा चुनाव के मतदाता




जागरूकता अभियान के लिए नियुक्त यूथ एंबेसडर श्रीमती गायत्री कौशल ने इस अवसर सभी दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करते हुए यह नहीं सोचना है कि मेरे वोट देने से क्या फायदा होगा,सभी दिव्यांग अपने अपने मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करें। उपस्थित सभी दिव्यांग जनों द्वारा शपथ भी ली गई कि वे सब इस बार मतदान केन्द्र पर जाकर कर अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर श्रीमती कौशल ने दिव्यांग जनों की सभी बातों को ध्यान से सुना और उनकी बातों को प्रशासन तक पहुंचा कर उनके हित के कार्य करवाने का आश्वासन दिया।

# हार निश्चित देखकर कांग्रेस खेमें में बौखलाहट : रणजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि अपनी हार निश्चित जानकर कांग्रेस खेमें में बौखलाहट है। कांग्रेसियों को अब पूरी तरह से आभास हो गया है कि जनता उनको घास नहीं डाल रही। रणजीत सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उचाना विधानसभा क्षेत्र के काकड़ोद की ब्राह्मण चौपाल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उचाना विधानसभा के उदयपुर, दुर्जनपुर, नचार खेड़ा, काकड़ोद व मखंड सहित डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी दौरा करके जनता से वोटों की अपील की। उचाना पहुंचने पर पार्टी नेताओं, कार्यकताओं व अन्य ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बौखलाहट इसी बात से



सिद्ध हो जाती है कि कांग्रेस के उम्मीदवार अब जगह-जगह वोटरों को धमकाने लगे हैं। यदि कोई उनसे सवाल पूछे तो उनको सीधा जवाब देने की बजाय वे धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल करते हैं, जो निंदनीय है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर उनका विरोध हो रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के इस दावे को हास्यास्पद बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि हिसार से जयप्रकाश को जितवा दो, हरियाणा में सरकार बना देंगे। उन्होंने कहा कि भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को अच्छी तरह से पता है कि ये चुनाव लोकसभा का है, यहां पर प्रधानमंत्री का चुनाव होना है और जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान ली है। ऐसे में हुड्डा के पास ऐसी कौन सी जादुई छड़ी है, जिसके चलते एक एमपी जीतने पर वे हरियाणा में सरकार बना

**निशाने पर**

**▶▶ वरिष्ठ नेताओं के तूफानी दौरों के बाद व पार्टी नेताओं के प्रचार-प्रसार के चलते उनकी जीत निश्चित है**

दें। ये सब गुमराह करने वाली बातें हैं और हुड्डा को पता चल चुका है कि वे रोहतक सहित हरियाणा की सभी सीटें बुरी तरह से हार रहे हैं। ऐसे में वे अब अपने कार्यकताओं को रोके रखने के लिए ऐसी उल-जुलूल बातें कर रहे हैं। अन्य वरिष्ठ नेताओं के तूफानी दौरों के बाद व सभी विधानसभा हलकों में पार्टी नेताओं के प्रचार-प्रसार के चलते उनकी जीत निश्चित है।

### रोडवेज बस चालक ने यात्रियों की जान जोखिम में डाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** बुधवार को जिले के शहर टोहाना में रोडवेज बस चालक ने लापरवाही बरतते हुए बस में सवार यात्रियों की जान को जोखिम में डाल दिया। बस चालक ने अपनी जगह एक युवक को बस का स्टेयरिंग थमा दिया। इस पर जब लोगों ने बस को रुकवाकर हंगामा किया तो बस चालक के पसीने छूट गए। लोगों के गुस्से को देख तुरंत युवक ने ड्राइवर सीट छोड़ी और आनन फानन में चालक सीट पर आकर बैठ गया। इस दौरान लोगों ने वीडियो भी बना ली। पहले चालक द्वारा खुद बस चलाने की बात कही तो बस के यात्रियों ने उसे झूठा बता दिया।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बाइक और ट्रैक्टर रैली निकाली गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** युवा किसान रैली थीम पार्क से शुरू होकर मलिक मेडिकल हॉल से होते हुए दर्रा खेड़ा ,बाहरी मोहल्ला दबखेड़ी ,बलाही बगथला और अन्य कई गांवों से होते हुए बगथला में सम्पन्न होगी। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल और युवा भाजपा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने स्कूटी चलाकर रैली की अगुवाई की। बातचीत में जिंदल ने कहा कि वे युवाओं के लिए कुरुक्षेत्र दो बड़े स्किल सेंटर बनाएंगे, जिसमें 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे



उनको किसी भी कंपनी में आसानी से रोजगार मिल सकेगा। खेलों को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेशनल लेवल का स्टेडियम बनाया जाएगा। वहीं स्कूल में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए भी योजना लाई जाएगी। यह सब वादे उनके संकल्प पत्र में भी किए गए हैं। रैली में युवा किसानों की भारी भीड़ को देखकर लोकसभा कुरुक्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल गदगद हो गए । युवा किसान रैली में भाजपा कार्यकताओं ने जय श्रीराम के जोर जोर शोर से नारे लगाए और कहा की अबकी बार 400 पार । युवा किसान रैली में उपस्थित गांव कैंथला खुर्द के के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि नवीन जिंदल का कोई मुकाबला नहीं है।

### कार्यकाल को आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा के डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कार्यकाल में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि प्रो. सुनील ढींगरा के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी का कार्यकाल 17 मई 2024 से आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इस अवसर पर प्रो. सुनील ढींगरा ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस अहम जिम्मेवारी का निवर्हन सच्ची निष्ठा से करेंगे।

# दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**
सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जी.वी.एम इंटरनेशनल विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार होने पर सभी विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। राधेश्याम जांगड़ा चेयरमैन गीता एजुकेशन सोसाइटी ,डायरेक्टर विशाल जांगड़ा ने परीक्षा परिणाम शानदार होने पर स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी। डायरेक्टर विशाल जांगड़ा ने बताया कि स्कूल के दसवीं के छात्र लक्षित ने (478 अंक) 96%(प्रथम), छात्रा शुभ्रा (477) 95.4% (द्वितीय),छात्रा



कशिश ने (453)91 % और महक ने(455अंक) 91 % अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 12वीं में छात्र मनप्रीत (454)91 % अंक से टॉप करके पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल मनप्रीत कौर ने बताया कि दसवीं कक्षा में 66 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी जिसमें 17 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में नाम दर्ज किया और 28 विद्यार्थियों ने 70% से ज्यादा अंक लिए ।कक्षा 12वीं में 18 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी जिसमें 4 बच्चों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज किया और 12 विद्यार्थियों ने 70% से ऊपर अंक लिए व विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए अध्यापक व बच्चे बधाई के

**बधाई दी**

**▶▶ स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी**

पात्र हैं।
उनके अथक प्रयासों से यह सब सार्थक हुआ। जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल की यही पहचान उत्तम शिक्षा उत्तम ज्ञान । इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष राधेश्याम जांगड़ा, डायरेक्टर विशाल जांगड़ा मैनेजर राहुल जांगड़ा प्रिंसिपल मनप्रीत कौर, सीमा सैनी और स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

# अपनी डयूटी के प्रति ईमानदारी और सजगता दिखाए पीठासीन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** लोकसभा आम चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए फतेहाबाद, रतिया और टोहाना विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किए गए प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स (पीओ) तथा अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स (एपीओ) व चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अन्य टीमों को डीपीआरसी हॉल और एमएम कॉलेज फतेहाबाद में रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।
कर्मचारियों के प्रशिक्षण शिविर के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि तीन दिन मेगा रिहर्सल आयोजित की गई है। जिला के विधानसभा क्षेत्र के सभी पीओ-एपीओ को उनके प्रत्येक कार्य और



जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। इस दौरान पीओ-एपीओ को वीडियो के माध्यम से ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गई।
जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार ने कहा कि पीओ व एपीओ की जरा सी चूक गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए अपनी ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझते हुए सजग रहें और किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। ट्रेनिंग के दौरान बताया कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें

**प्रक्रिया**

**▶▶ टीमों को डीपीआरसी हॉल और एमएम कॉलेज फतेहाबाद में रिहर्सल में चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया**

लगवाई जाएं। सीईओ सुरेश कुमार ने मतदान से जुड़ी हर जानकारी को विस्तार से समझाया और कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराने के लिए यह आवश्यक है कि मतदान से पूर्व की जाने वाली तैयारियां मॉक पोल, मतदान से पहले एवं बाद में समय-समय पर भिजवाने वाले संदेश, मतदान सामग्री इत्यादि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर लें।

# सोच समझकर सौ प्रतिशत मतदान करें : डॉ. प्रीतम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** देश की कमान मजबूत हाथों में हो इसके लिए सोच समझकर मतदान करने व सौ प्रतिशत मतदान करने के लिए बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के सहायक निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र अपने अभिभावकों को प्रेरित करें कि 25 मई को सभी मतदाता देशहित के लिए मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर जरुर जाएं। देश के प्रति प्रत्येक छात्र व व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि एक मजबूत व



अच्छी सरकार के चयन के लिए चुनाव पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने चुनाव में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई नई पहल शुरू की है। इस बार विशेष रूप से स्कूल के छात्रों को चुनाव पर्व से जोड़ने के लिए सैल्फी योजना शुरू की है। जिसके अनुसार छात्र अपने माता-पिता व परिवार के सदस्यों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे तथा मतदान के बाद छात्र अपनी परिवार के सदस्यों के साथ अपनी फोटो चुनाव आयोग की साइट पर अपलोड करेंगे।

# 16 मई को कुरुक्षेत्र लोकसभा के दौरे पर रहेंगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डाः डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथलः** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 16 मई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कुरुक्षेत्र लोकसभा में पांच जनसभा करेंगे। सुबह साढ़े 10 बजे लाडवा, 11:40 बजे शाहाबाद, 12:50 बजे गुहला और 2:45 बजे कलायत और 3:45 पर पूंडरी के पाई की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इन विधानसभाओं में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस



विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री और कार्यकर्ता हमारे साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के पेहवा, लाडवा, शाहाबाद और रादौर में किए गए रोड शो में अरविंद केजरीवाल को जनता का भरपूर समर्थन मिला। रोड शो में अरविंद कजरीवाल ने 10 गारंटी दी। जिसमें 24 घंटे मुफ्त बिजली, वर्ल्ड क्लास शिक्षा व्यवस्था, मुफ्त इलाज, चीन से कब्जा मुक्ति सेना को पूर्ण स्वतंत्रता, अग्निवीर योजना को बंद करना, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू, भ्रष्टाचार मुक्त देश, जीएसटी पीएमएलए से बाहर होगी, दो करोड़ नौकरियां और

**समर्थन**

**लाडवा, शाहाबाद और रादौर में किए गए रोड शो में अरविंद केजरीवाल को जनता का भरपूर समर्थन मिला**

किसानों को स्वामीनाथन रिपोर्ट के हिसाब से एमएसपी की गारंटी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के सुनहरे भविष्य का विजन लेकर चल रहा है। बीजेपी पिछले 10 साल से सत्ता में बैठी है, लेकिन उनके पास 10 काम बताने के लिए नहीं है। बीजेपी केवल जाति और धर्म के नाम पर चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने हर वर्ग पर लाठियां बरसाने का काम किया। बीजेपी 10 साल लोगों को धोखा देती रही और अब फिर मौका मांग रहे हैं। जनता ने गांव में बॉर्ड लगा दिए हैं कि बीजेपी और जेजेपी का घुसना मना है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल उस पार्टी का झंडा उठाकर घूम रहे हैं जिन्होंने हरियाणा में 9500 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है। जिनके नेताओं पर नकली शराब पिलाकर 52 लोगों की जान लेने का आरोप है। 2020 में एसआईटी तो गठित की परंतु एसआईटी ने कोर्ट में लिखकर दिया कि इनके नेताओं के दबाव के कारण जांच नहीं हो पा रही। यहां से नकली शराब बनकर गुजरात तक जाती है।

# स्वयं मतदान करने के साथ-साथ दूसरों को भी मतदान के लिए करें जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबादः** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरवाल नरवाल और पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई और अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीडीपीओ रविंद्र दलाल, सीएमजीजीए सुरभि साहू, डीआरओ राज कुमार और रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि जिलावासी लोकतंत्र के पर्व (लोकसभा चुनाव) को उत्साह व हर्षोल्लास से मनाएं और लोकतंत्र का पर्व-देश का गर्व के संकल्प के साथ शत प्रतिशत मतदान करें। जिला में स्वीप अभियान के तहत सभी विभाग व धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं आगे आएं और अधिक से अधिक मतदान की अपील करें क्योंकि मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। उपायुक्त ने आह्वान किया कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति मतदाता के पास होती हैं। मतदान के समय हर वर्ग, अमीर, गरीब का एक-एक वोट बेहद अमूल्य होता है, जिसका उपयोग मतदाता को निष्पक्ष होकर करना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### छात्रा वंशिका ने बी.ए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में विश्वविद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त किया



पानीपत/कमाल हुसैन
**आई** बी महाविद्यालय की छात्रा वंशिका ने बी.ए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पांचवां स्थान एवं छात्रा शालू ने बारहवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया । इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय गर्ग ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के परिणाम आने वाले जीवन में उन्हें सफलता दिलवाने में सहायक होता है । छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय कला संकाय के सभी शिक्षकों को देते हुए उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। प्रबंधक कमेटी के महासचिव एल एन मिगलानी ने छात्रा को आशीर्वाद दिया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय गर्ग, प्रबंधक कमेटी के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, डॉ. किरण मदान, डॉ. निधि एवं डॉ. जोगेश ने इन मेधावी छात्राओं व उनके परिवार को बधाई दी ।

### एस.पी. विद्या मंदिर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला :** अंबाला स्थित रणजीत नगर, अंबाला शहर एस पी विधा मंदिर स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैट्रिक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा ।इसमें अनामिका ने 500/488 97.6% अंक प्राप्त कर-के अंबाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हरप्रीत कौर ने461(92.2%) चारु 456(91.2%) रिया 416(83.2%) बबीता 412(82.4%) गुरजोत 411(82.2%) मनीष411(82.2%) तिनिषा 410(82%) साहिल गौतम 408(81.6%) मन्नत 408 (81.6%)रमनदीप 407(81.5%) वृंदा 402(80.4%) उपरोक्त 12 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की। इसी विद्यालय के पांच विद्यार्थी रतन ,गगन, सुमित, आरती, सागर ने 70% से ऊपर अंक प्राप्त किए। शेष विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।इस परिणाम के लिए माता-पिता एवं विद्यालय का स्टाफ बधाई के पात्र हैं ।विद्यालय के एम डी पूर्व प्रिंसिपल गोल्ड मैडलिस्ट शंकर कश्यप ने विद्याथीयी को पुरस्कार देकर किया सम्मानित । विद्यालय प्रिंसिपल सुमन भाटिया व प्रतिमा वालिया ने विद्यालय के सभी पास विद्याथीयी को दी बधाई । प्रिंसिपल प्रतिमा वालिया ने विद्यालय स्टाफ की इस कड़ी मेहनत के लिए सभी स्टाफ सदस्यों की सराहना की ।

### खेत में जा रहे एक व्यक्ति को बंधक बना कर की मारपीट

**गन्नौर :** राजलू गढ़ी गांव में कुछ व्यक्तियों ने खेत में जा रहे एक व्यक्ति के साथ बंधक बना कर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपितों ने उसे व उसके भतीजे रितिक को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में राजलू गढ़ी गांव के बिजेंद्र ने बताया कि वह 13 मई की दोपहर को अपने खेत में जा रहा था। रास्ते में केनरा बैंक के पास राजपुर निवासी सुल्तान मिल गया। जब वह सुल्तान से बात कर रहा था तो पीछे से गांव के संजय, कुलदीप, मंदीप, कालू, सुमन व अन्य ने उस पर हमला कर दिया। आरोपित उसे बंधक बनाकर अपने घर ले गए और रस्सी से बांध कर उसकी पिटाई कर दी। जिससे उसके हाथ व पैर पर गंभीर चोटें आई।

# मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया एवं अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. पंकज यादव के मार्गदर्शन में सिस्टेमेटिक तरीके से लोगों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने के आभियान के तहत कैंपेनर डॉ. हितेश चंद शर्मा ने बुधवार को आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में स्वीप प्लान कार्यक्रम के तहत पेंटिग, वोटिंग सॉन्ग कंपोजिंग, नुक्कड़ नाटक, डिबेट, स्पीच, फिल्म



प्रसारण, बैग्स पर आकर्षक मतदान स्लोगन युक्त स्टिकर्स द्वारा सभी मतदाताओं, अभिभावकों, माता पिता, सम्बंधी को वोट डालने का संदेश विधार्थियो द्वारा दिया गया। शिक्षाविद् डॉ. हितेश चंद शर्मा ने बताया की आज बदलते समय, प्रौद्योगिकी विकास के दौर में ये स्वीप प्रतियोगिताएं निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने और निर्वाचनों को सही मायने में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, सुगम ओर मतदान के लिए सहभागी बनाने के हमारे निरंतर प्रगतिशील अनिवार्य मतदान तंत्र के साक्षी भी है। यूवा पीढ़ी जब राष्ट्र निर्माण, लोकतन्त्र की मजबूती पर चिंतन एवं मनन करने के साथ छोड़ के अपने सारे काम, आओ चलो करे मतदान का कार्य में जुट जाएंगे तो निसंदेह रिकॉर्ड वोटिंग पानीपत जिले की होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आओ संकल्प को दोहराए, पानीपत को सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाला जिला राज्य में बनाए यूवा पीढ़ी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय पर्व पर घर से बूथ की ओर निकले, साथ में पड़ोसी, रिश्तेदारों सहित मतदान करे। अतः पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण हेतु मतदान एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु चरित्र निर्माण नही भूलना चाहिए। आरोही मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य हेमलता बालियान, स्वीप इंचार्ज डा गजल चोपड़ा, दीपिका शर्मा ने स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर बच्चों को उनके माता पिता से 25 मई को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

# मतदान केंद्रों का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल**
उपायुक्त एवम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के साथ झट्टीपुर, करहंस,मछरौली और समालखा स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक भी करें। उन्होंने सभी सहायक रिट्रनिंग अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए है कि अपने अपने क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक उत्सव जैसा माहौल बनाए जिससे हर मतदाता को मतदान केद्र पर आकर गर्व और सुख की अनुभूति हो।



पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

# वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म कहानी का किया गुणगान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण जन्म कहानी का गुणगान किया गया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने वामन अवतार के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि त्रेतायुग के प्रारंभ होने में देवी अदिति के गर्भ में उत्पन्न हुए। इसके साथ ही भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव अवतार रुप में प्रकट हुए। भगवान राम अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु के 10

**बांके बिहारी**

**वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में 7वां अवतार भगवान राम को माना जाता है**

अवतारों में 7वां अवतार भगवान राम को माना जाता है। कृष्ण जन्म के बारे में बताया कि कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार मे हुआ था जो माता देवकी और पिता वासुदेव की 7वीं संतान थे। श्रीमद्भागवत के वर्णन अनुसार द्वापरयुग में भोजवंशी राजा उग्रसेन मथुरा में राज करते थे।

# आईटीआई जा रहे दो भाइयों के साथ मारपीट, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः** चिरस्मी रोड पर आईटीआई में पढने जा रहे बाइक सवार दो भाइयों के साथ गाड़ी सवार युवकों ने मारपीट कर दी। छात्रों ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी है। शिकायत में चिरस्मी गांव के रितिक ने बताया कि वह अपने भाई नवदीप के साथ बाइक पर गन्नौर आईटीआई में पढ़ने जा रहा था। इस दौरान एक गाड़ी उनकी बाइक के सामने रुकी और उसमें से दो लड़के उतरे। जिन्होंने उनके साथ गाली-गलौज की। उन्होंने विरोध किया तो उसके कुछ साथी भी वहां आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# 25 मई को मतदान करके निभाएं देश के प्रति अपना कर्त्तव्यः एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** अतिरिक्त उपायुक्त व स्वीप एक्टीविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में 25 मई को मतदान कर-के देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं।

उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें



गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। एडीसी अपराजिता ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है।

# जन जन तक उच्च शिक्षा पहुँचाना इग्नू का उद्देश्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू 306 शैक्षिक, रोजगार मूलक, जागरूकता सृजन करने वाले और कौशल उन्मुखी अध्ययन कार्यक्रम संचालित कर रहा है ये शैक्षिक कार्यक्रम सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक उपाधि, स्नातकोत्तर उपाधि और डॉक्टरेट उपाधि स्तर के है शैक्षिक कार्यक्रमों, पात्रता, अवधि, अपेक्षित क्रेडिट और शिक्षा माध्यम से सम्बंधित जानकारी इग्नू की व ` ब ा स ा इ ट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटइग्नूडॉटएसी



डॉटइन पर उपलब्ध है लोगों और विशेष रूप से समाज के सुविधा वंचित वर्गों के लोगों की विभिन्न शैक्षिक एवं रोजगार संबंधी जरूरतों को पूरा करना इन कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र बिंदु है व्यावसायिक वृद्धि के लिए नौकरीपेशा लोगों को सतत शिक्षा और प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेकों

**सतत शिक्षा**

**सतत शिक्षा और प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए अनेकों कार्यक्रम तैयार किये**

कार्यक्रम तैयार किये गए है इग्नू ज्योतिष, उर्दू, संस्कृत, ड्राइंग और पेंटिंग, उद्यमिता, सुचना सुरक्षा, विकास संचार, स्मार्ट सिटी विकास, संप्रेषणात्मक संस्कृत, डायस्पोरा और प्रवासन, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य, नवीनीकरण ऊर्जा, वैदिक अध्ययन और योग के क्षेत्र में अनेकों नवीनतम कार्यक्रम इग्नू चला रहा है। उन्होंने बताया की इन कार्यक्रमों की अच्छी बात यह है की ये कार्यक्रम वैश्विक स्तर के मानकों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के अंतर्गत 14 शैक्षिक कार्यक्रमों में लेटरल एंट्री के विकल्प के साथ अब मल्टीपल एंट्री, मल्टीप्ल एग्जिट वाले 25 शैक्षिक कार्यक्रम चला रहा है इग्नू अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से अपने शिक्षार्थियों तक महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है वैश्विक मजबूती रखने के साथ साथ इग्नू यह सुनिश्चित करता है की नई शिक्षा नीति 2020 के मूलभूत स्तम्भों, पहुँच, वहनीयता,समता, गुणवत्ता और जवाबदेयता की आवश्यकताओं को पूरा किया जाये।

# बरोदा के लोगों को कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा : सतपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने बुधवार को बरोदा हल्के के जागसी, बुटाना,बिचपड़ी, बुसाना, चिड़ाना, मुँडलाना,मातंड, गंगाना,छतेहरा सहित दो दर्जन गांवों में चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस पार्टी के लिए वोटों की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीणों को सम्भोदित करते हुए सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि 4 साल पहले हुए बरोदा उप चुनाव के समय हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य नुमाइंदों ने बरोदा की जनता से ढेरों लोक लुभावने वायदे किये थे, लेकिन 4 साल बीत जाने के बाद भी बरोदा वासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**वोट की अपील**

**भाजपा करती है झूठ की राजनीति, बरोदा उप चुनाव में की गई घोषणाएं साबित हुई झूठ का पुलिंदा**

और अन्य मंत्रियों ने बरोदा में धज्जा राम महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में अपग्रेड करने, रिंडाना में बहुउद्देशीय हाल खोलने, राजकीय कॉलेज खोलने , बरोदा को इंडस्ट्रियल हब बनाने, खेतों से जल भराव की निकासी जैसी घोषणाएं की थी, लेकिन वर्तमान में किसी भी कार्य को शुरू नहीं किया गया है।

# पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का किया गया आयोजन

**पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा 12वीं का रिजल्ट तो आ गया परंतु असली इम्तिहान अब शुरू होगा जीवन में आगे क्या करना है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य उद्देश्य 12वीं कक्षा के रिजल्ट आने को लेकर था इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा 12वीं का रिजल्ट तो आ गया परंतु असली इम्तिहान अब शुरू होगा जीवन में आगे क्या करना है आपको उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए किस शहर एवं स्टेट में जाना है आपको किस तरह का माहौल चाहिए आप क्या बनना चाहते हैं कामयाबी हासिल करने के लिए किन परिस्थितियों का आपको सामना करना पड़ेगा यह सब अभी बाकी है



राजीव परुथी के अनुसार स्कूल की चार दिवारी में पड़कर जो शिक्षा प्राप्त की इसकी डिग्री तो मिल जाएगी परंतु अब जीवन में आगे कहां जाना है क्या करना है कौन सा कॉलेज अच्छा है कौन सी फील्ड में हमें कामयाबी मिलेगी यह सब शिक्षा को जानने का इम्तिहान अब शुरू हुआ है इन सभी बातों को देखते हुए राजीव परुथी ने काउंसलिंग की

**जागरूक किया**

**आपको उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए किस शहर एवं स्टेट में जाना है आपको किस तरह का माहौल चाहिए**

शुरूआत की यदि आप अपने बच्चों को काउंसलिंग करवाना चाहते हैं तो वह फ्री काउंसलिंग की शुरूआत पीसीसी अकैडमी में शुरू हो चुकी है हमें बड़ों की सलाह लेनी है समझकर भविष्य को निर्धारित करना है जल्दबाजी में फैसला नहीं लेना है अपने अंदर टैलेंट को पैदा करना है अपनी आवाज के अंदर ताकत एवं आत्मविश्वास की भावना लानी है जब हम दूसरी स्टेट में या किसी अन्य कॉलेज में जाएंगे तो वहां आपकी पहले फर्स्ट इंप्रेशन इस द लास्ट इंप्रेशन ही होगा इस मौके पर बच्चों ने पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी का धन्यवाद किया एवं अकैडमी में पढ़ रहे बच्चों ने भाइयों को एवं बहनों को संदेश दिया कि वह भी पीसीसी अकैडमी में आकर अपने काउंसलिंग करवा सकते हैं इस मौके पर शिल्पा परुथी पलक सहगल अंजलि सिमरन संजना मनीषा सुरेखा अंजू आदि उपस्थित रहे।

# खादी ग्रामोद्योग संघ का विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ के सचिव एवं संचालक सतपाल सैनी ने बताया कि उनका संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा सहयोग एवं प्रेरणा के लिए कार्य करता है। यही कारण है कि समय समय पर विभिन्न स्कूलों, कालेजों एवं तकनीकी संस्थानों से विद्यार्थी मार्गदर्शन एवं जानकारियां हासिल करने के लिए उनके खादी संस्थान में आते हैं। उन्होंने बताया कि खादी ग्रामोद्योग संघ ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अभियान चलाया हुआ है। अभी सी.बी.एस.ई. का परीक्षा



परिणाम आया है। इस में कुरुक्षेत्र जिला के बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक हासिल किए हैं। मंगलवार को खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर से जिन बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर 94 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली हरमन सैनी, युक्ता हेतल जाह्नवी और 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली गीत सहित अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया।

# जेपी अग्रवाल के समर्थन में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किया विशाल रोड शो





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव प्रचार के दौरान मिल रहे सभी वर्ग के लोगों के जबरदस्त समर्थन से चुनाव में उनकी जीत पक्की मानी जा रही है। जयप्रकाश अग्रवाल की जीत सुनिश्चित करने और जीत का मार्जिन बढ़ाने के मकसद से दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने अग्रवाल के समर्थन में रोड शो कर प्रचार किया और जनता से तानाशाही मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने और चुनाव में गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया।

**दस साल तक मोदी ने की जुमलेबाजी:** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिवाय जुमलेबाजी और नाटकबाजी के अलावा कुछ नहीं किया मोदी के नाम पर वोट मांग जीतने वाले दिल्ली के बीजेपी सांसद अपने-अपनी निर्वाचन क्षेत्र से गायब रहे। उन्होंने संसद में दिल्ली के विकास और यहां के लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर कभी आवाज नहीं उठाई इतना ही नहीं मोदी सरकार ने हमें दिल्ली के विकास और जनता के लिए लाई गई योजनाओं को लागू करने में कई अड़ंगे लगाए। केजरीवाल ने कहा कि अब समय आ गया है बदलाव का और तानाशाह सरकार को बदलने का। यह तभी संभव है जब लोग अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा वोट दें और इंडिया गठबंधन को मजबूत करें। अरविंद केजरीवाल व जयप्रकाश अग्रवाल का रोड शो क्षेत्र स्थित सिगरेट वाला बाग, लाल बाग मॉडल टाउन से शुरू हुआ जो मॉडल टाऊन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों संगम पार्क, आजादपुर मेट्रो स्टेशन, जहांगीरपुरी के विभिन्न ब्लॉकों से गुजरा। अग्रवाल ने कहा कि देश के नागरिक विशेष कर युवा जुमलेबाजी, राजनीति, बेरोजगारी ,महंगाई के साथ-साथ अपने अधिकारों को भली भांति समझता है और वह जान गया है कि देश की तरक्की और विकास के लिए जुमलेबाजी और नाटक बाजी अब नहीं चलेगी।

## दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण, एक्यूआई 243 के पार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पराली जलाने के मामलों में बढ़ोतरी के चलते राजधानी दिल्ली में एक बार फिर प्रदूषण का स्तर खराब श्रेणी में पहुंच गया है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई ) 243 दर्ज किया गया। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब कमेटी ने आपात बैठक बुला कर स्थिति की समीक्षा की। जीआरएपी की उप-समिति ने वायु गुणवत्ता परिदृश्य की व्यापक समीक्षा करने के बाद एनसीआर के संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी)/समिति और संबंधित हितधारकों/एजेंसियों को तत्काल एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया। आयोग ने धूल निवारण उपायों और उनकी निगरानी पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्र के प्रमुख प्रदूषण हॉटस्पॉट पर गहन अभियान चलाने, क्षेत्र में पानी के छिड़काव और यांत्रिक सड़क सफाई उपकरणों की संख्या बढ़ाने, एनसीआर और उसके आसपास आग लगने की घटनाओं और खुले में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) जलाने पर कड़ी नजर रखने और सभी निवारक उपाय सुनिश्चित करने के साथ सीपीसीबी के वैधानिक निर्देशों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## आरके इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सीबीएसई** की ओर से जारी 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में नरेला के सफियाबाद रोड स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सीबीएसई की ओर से जारी 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरके इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। दसवीं के परीक्षा परिणाम में तृप्ति बंसल 97.6% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान पर रही, निशिल ने 95.6% के साथ द्वितीय स्थान व अशु ने 94.4% के साथ स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं के परीक्षा परिणाम में धर्मेंद्र ने 96.8% प्रतिशत के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल वर्मा ने 94 6% के साथ दूसरा स्थान वहीं स्नेहा ने 94% के साथ स्कूल में तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दी, और कहा आरके इंटरनेशनल स्कूल का शत- प्रतिशत परीक्षा परिणाम अभिभावकों और शिक्षकों के अलावा छात्रों के सतत प्रयास से संभव हो पाया है। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्कूल के छात्र ऐसे ही आगे बढ़ते रहेंगे और विद्यालय, परिवार, जिला व देश का नाम रोशन करेंगे। स्कूल डायरेक्टर आकाश शर्मा ने छात्र-छात्राओं से बात की और उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। स्कूल प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए समस्त शिक्षकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सभी शिक्षक स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# खंडेलवाल के रोड शो से राममय हुआ संगम पार्क, लगे जय श्री राम के नारे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जैसे-जैसे दिल्ली में गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे चुनावी माहौल भी अपने चरम पर है। इस झुलसाने वाली गर्मी के बीच मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित संगम पार्क वार्ड के लाल बाग में चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में रोड़ शो निकाला गया, जिसमें हज़ारों से ज्यादा पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए।

**हज़ारों की संख्या उमडा जन सैलाब:** रोड शो के दौरान प्रवीण खंडेलवाल के साथ-साथ चांदनी चौक लोकसभा चुनाव संयोजक अशोक गोयल देवराह, मध्य प्रदेश से हुकूम चंद प्रवासी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद, निगम पार्षद विकेश सेठी, वार्ड-67 से मंडल अध्यक्ष वीरपाल, वार्ड-68 से मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी, वार्ड-69 से मंडल अध्यक्ष बदलूराम, श्वेता जैन, वीना बहल, पूनम तिवारी, मोहिनी शर्मा, रंजना, मंजू अग्रवाल, रश्मि बजाज, मनी बहल, वंदना गुप्ता, अनीता ठाकूर, सुमन गर्ग, देवेंद्र, हरीशंकर रावत, अनील यादव, सनी जेतिया, गोलू सोनकर, दीप चंद, पींटू अलावा जिला व मंडल के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता रोड शो मे शामिल रहे।





**लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत:** इस मौके पर खंडेलवाल ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद लोगों की मुलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही कहा कि भाजपा की एक ही नीति है और वो नीति है लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस मौके पर जगह-जगह खंडेलवाल का स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास करके दिखाया है आज भाजपा के राज में देश में नई-नई योजनाएं लागू हुई हैं, जिससे देश के लोग काफी खुश हैं और विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस मौके पर श्वेता जैन ने कहा कि भाजपा की नीतियों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे हैं वहां के लोग भाजपा से काफी खुश नज़र आ रहे है, और दिल्ली की जनता भी भाजपा के समर्थन मे पूरी तरह से नज़र आ रही है।

## अवैध पार्किंग-होर्डिंग को लेकर संघ ने मेयर से मांगा इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने मेयर दिल्ली नगर निगम से अवैध यूनिपोल,अवैध पार्किंग पर कार्यवाही नहीं करने पर इस्तीफा मांगा है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि मुंबई में होर्डिंग की वजह से बड़ा हादसा हो गया। वहीं दिल्ली में अवैध होर्डिंग, अवैध पार्किंग की भरमार है और हर नगर निगम वार्ड ओर जोन क्षेत्र में संबंधित विभाग के अधिकारी नियुक्त है। जिनके पास अभी तक अवैध पार्किंग, यूनिपोल की जानकारी ना होना दर्शाता है कि उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करना चाहते।



**अवैध पार्किंग से दिल्लीवासी परेशान:** दिल्ली नगर निगम की इसी लापरवाही की वजह से अवैध पार्किंग, यूनिपोल की वजह से फुटपाथ,

**मांग**

**▶▶ अवैध पार्किंग की भरमार है और हर नगर निगम वार्ड ओर जोन क्षेत्र में संबंधित विभाग के अधिकारी नियुक्त है**

सड़कों और चौराहे पर जाम लगा रहता है। इसलिए दिल्ली में सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई की बात होती है। सिर्फ इसमें घोषणा होती है। जैसे मेयर साहिबा ने दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीणों के हाउस टैक्स माफ की झूठी घोषणा की। ऐसे ही अवैध यूनिपोल पार्किंग के खिलाफ दिखावा हो रहा है। इसलिए दिल्ली की मेयर साहिबा को दिल्ली देहात, गांव, ग्रामीणों और दिल्ली की जनता से माफी मांगते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने उपराज्यपाल दिल्ली से मांग की कि एक माह में अवैध पार्किंग, अवैध यूनिपोल होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई हो,और संबंधित अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में दौरा कब किया और उनके अपने क्षेत्र में अवैध विज्ञापन होर्डिंग व अवैध पार्किंग कितनी मिली और इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। इस पर रिपोर्ट लेकर कार्रवाई हो।

## मतदान केंद्र पर रात्रि प्रवास मानसिक प्रताड़ना जैसा: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली के कार्यालय द्वारा एक आदेश जारी कर कहा गया कि 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव से पूर्व रात्रि को पोलिंग पार्टी मतदान केंद्रों पर रुकेंगी। आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने कहा कि मतदान से पूर्व रात्रि को पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर रोकना उनके साथ प्रताड़ना करने जैसा है।

इस संबंध में यादव ने मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि चुनाव में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी अधिकांश शिक्षक होते हैं। इन शिक्षकों में भी महिला



शिक्षकों की संख्या पुरुषों से अधिक होती है। सभी चुनाव ड्यूटी दे रहे शिक्षकों की ड्यूटियां उन्हीं के लोकसभा क्षेत्रों में लगाने की व्यवस्था की गई है, अर्थात पोलिंग पार्टी का कोई भी सदस्य अपने मतदान केंद्र से अत्यधिक दूरी से नहीं आएगा और हर बार की तरह आसानी से प्रातः

**मांग**

**▶▶ मतदान कर्मियों के लिए ईवीएम मशीनों के साथ लगेज/बैगेज ले जाना भी संभव नहीं होता**

मतदान केंद्र पर पहुँच सकता है। इसलिए पूरी रात्रि प्रवास का आदेश निरर्थक है। पूर्व में भी एक बार इस तरह की व्यवस्था की गई थी जो कि असफल साबित हुई थी क्योंकि मतदान अधिकारियों को रोकने के लिए जो बिस्तर आदि की व्यवस्था की जाती है वह बहुत ही गंदे, बदबूदार और उपयोग करने लायक नहीं होते। मतदान केंद्रों पर उचित शौचालय व स्नानघर भी नहीं होते और मतदान कर्मियों के लिए ईवीएम मशीनों के साथ लगेज/बैगेज ले जाना भी संभव नहीं होता। एक रात्रि पूर्व मतदान केंद्र पर रहना, बिना ब्रेक पूरे दिन मतदान कराना और अगली रात्रि को ईवीएम जमा कराकर कागजात अधिकारियों को सुपुर्द करना लगभग 36 घंटे की ड्यूटी होती है। शारीरिक रूप से बुरी तरह थके होने के कारण मतदान अधिकारियों से गलती होना भी संभव है। गौरतलब है कि मतदान कर्मियों की एक छोटी सी गलती से भी मतदान रद्द होने की आशंका बढ़ जाती है। अर्थात मतदान कर्मियों की ड्यूटी सबसे संवेदनशील है।

# जेपी अग्राल के समर्थन में लाल बाग में किया गया डोर टू डोर कैंपेन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त संगम पार्क वार्ड नंबर-67 स्थित लाल बाग, बड़ा बाग, चौकी नंबर चार में जेपी अग्रवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

**जेजे क्लस्टर में चलाया गया जनसंपर्क अभियान:** जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों संपर्क साधा गया, इस दौरान जय प्रकाश अग्रवाल के साथ-साथ मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, नत्थुराम नागर, संगम पार्क वार्ड नंबर-67 के पूर्व पार्षद रिंकू माथुर, कांग्रेसी नेता जानकी दास भारद्वाज, मनोज मछला, अमन शर्मा, वीरेंद्र वर्मा, डा. चौबे लाल, हनुमान प्रसाद, सुदामा पासवान, अशोक, राजू सहित कांग्रेस की कई महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी इस पदयात्रा में शामिल हुई।

**मोदी राज में धरातल पर नहीं कागजों में हुआ विकास:** कैंपेन के दौरान जय प्रकाश अग्रवाल ने मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन दस सालों में देश का विकास होना तो दूर की बात है बल्कि मोदी सरकार की नाकामी की वजह से भारत कई वर्ष पीछे चला गया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में विकास केवल कागजी रूप और मौखिक रूप से ही हुआ है, धरातल पर इसकी सच्चाई बिल्कुल विपरित है। वहीं उन्होंने यह भी कहा की युवाओं को रोजगार देने के वायदे, युवाओं को उनका हक देने के इरादे सब झूठे साबित हुए है पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ना तो दिल्ली में अच्छे उद्योग ला पाई और ना ही रोजगार का सृजन कर पाई।

## चीनी सुपर लीग : अपने दो घरेलू मैच बंद दरवाजों के पीछे खेलेगा क़िंगदाओ हैनियू

एजेंसी

**बीजिंग।** चीनी फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) ने मैच अधिकारियों पर प्रशंसकों के हमले के बाद क़िंगदाओ हैनियू को अपने अगले दो घरेलू चीनी सुपर लीग (सीएसएल) मैच बंद दरवाजों के पीछे खेलने का आदेश दिया है। सीएफए ने एक बयान जारी कर कहा कि, सीएसएल मैच में जहां क़िंगदाओ पक्ष ने पिछले शुक्रवार को नानटोंग ज़ियुन की मेजबानी की थी, घरेलू प्रशंसकों ने मैच अधिकारियों पर दो बार हल्की वस्तुएं फेंककर हमला किया, दर्शकों द्वारा एक पानी की बोतल भी रेफरी पर फेंकी गई, जो उनकी छाती पर लगी। बयान में कहा गया है कि जब मैच अधिकारी खेल के बाद चले गए, तो कुछ अनियंत्रित प्रशंसकों ने उन पर पानी की बोतलों जैसी चीजों से हमला किया।सजा के तौर पर, सीएफए ने फैसला सुनाया कि क़िंगदाओ हैनियू को अपने अगले दो घरेलू मैच बिना दर्शकों के खेलने होंगे। इसके अलावा उपर्युक्त खेल के आयोजकों पर 200,000 युआन (लगभग 28,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया।

## ला लीगाः रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से हराया

**मैड्रिड।** ला लीगा चैंपियन रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से करारी शिकस्त दी। रियल, जिसने चार मैच शेष रहते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया था, ने सप्ताह की शुरुआत में चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने के बाद स्पेनिश राजधानी में मंगलवार को अपने प्रशंसकों के साथ अपने 36वें लीग खिताब का जश्न मनाया। जश्न मनाने के बाद खेल शुरू हुआ। मैच के 10वें मिनट में ही जूड बेलिंगहैम ने गोल कर मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद विनीसियस जूनियर ने मैच के 27वें मिनट में गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। फेडे वाल्वरडे ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में एक शक्तिशाली शॉट के साथ गोल कर मध्यांतर तक अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। बेलिंगहैम के पास के बाद विनीसियस जूनियर ने 69वें मिनट में अपना दूसरा व टीम का चौथा गोल किया और रियल मैड्रिड की बढ़त 4-0 हो गई। मैच के 81वें मिनट में अर्दा गुलेर ने गोल कर अपनी टीम की 5-0 से जीत सुनिश्चित कर दी। यह हाल के हफ्तों में गुलेर का तीसरा गोल था।

एक अन्य मैच में गिरोना की दूसरे स्थान पर रहने की संभावनाओं को उस समय बड़ा झटका लगा, जब उन्हें विलारियल से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो सीज़न की उनकी दूसरी घरेलू हार थी।इस हार के साथ गिरोना बार्सिलोना से एक अंक पीछे रह गया है, जिसने एक मैच कम खेला है, जबकि विलारियल के पास अभी भी अगले सीज़न में यूरोप के लिए क्वालीफाई करने का मौका है।

## एमएस धोनी को अमेरिका जाना है बेहद पसंद,माही ने वजह बताकर किया हैरान



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने खुलासा किया कि दुनिया में उन्हें अमेरिका घूमना सबसे ज्यादा पसंद है। जहां अमेरिका अपने लुभावने परिदृश्यों और समृद्ध संस्कृति के लिए कई लोगों के सपनों की मंजिल होती है, वहीं धोनी को यहां गोल्फ, भोजन और दोस्ती मिलती है। चेन्नई सुपरकिंग्स के एक प्रमोशनल इवेंट में एमएस धोनी ने खुलासा किया कि अमेरिका में न्यू जर्सी शहर उनकी सबसे पसंदीदा जगह है। माही ने कहा कि वो वो न्यू जर्सी में अपने दोस्त के घर जाते हैं और फिर वो लोग घंटों गोल्फ खेलते हैं। ब्रेक में अच्छे खाने का लुत्फ उठाते हैं। ऐसा नहीं कि हम बहुत काम करते हैं। हम न्यू जर्सी में जाकर गोल्फ खेलते हैं। मैं अपने दोस्त के घर जाता हूं और वहां से गोल्फ की जगह करीब ढाई मिनट की दूरी पर है। इवेंट के एक सदस्य ने मजाकिया लहजे में पूछ लिया कि वो दोस्त कौन है पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने जवाब से सस्पेंस बरकरार रखा। धोनी ने कहा, मेरे दोस्त के साथ। ज्यादा लोग उसे नहीं जानते। 42 साल के धोनी ने कहा कि उन्हें छुट्टी में कुछ करना पसंद नहीं है, लेकिन गोल्फ खेलना और भोजन का आनंद उठाना पसंद है। धोनी को क्रिकेट की आपा-धापी के बाद ऐसे में काफी शांति और राहत महसूस होती है। हम चार से साढ़े चार घंटे गोल्फ खेलते हैं। फिर बैठते हैं अपना खाना खाते हैं और अगले दिन फिर यही करते हैं। तो कुछ नहीं करना और बस 15-20 दिन गोल्फ खेलना व खाना खाने का आनंद उठाना अच्छा लगता है। क्लब में मेंबर-मेंबर टूर्नामेंट होता है तो उसमें हिस्सा लेते हैं और वापस आ जाते हैं। मेरे लिए यह बेस्ट 15-20 दिन होते हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि धोनी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान अमेरिका जाएंगे। रोहित ने मजाक में कहा कि धोनी को भारतीय टीम के पास बुलाने के लिए राजी करना आसान नहीं है। बता दें कि एमएस धोनी इस समय चोटिल होने के बावजूद आईपीएल में खेलना जारी रख रहे हैं और अपने प्रदर्शन से फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

# बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में हारे

एजेंसी

**रोम।** रोहन बोप्पाना और मैथ्यू एबडेन की इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को एक बार फिर क्ले कोर्ट पर अपना पैर जमाने के लिए संघर्ष करना पड़ा क्योंकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को इटालियन ओपन में घरेलू पसंदीदा सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी ने सीधे जीत के साथ हरा दिया। 2-6 और 4-6 के सेट.यह नवीनतम हार उनके संघर्ष को तीन टूर्नामेंटों तक बढ़ा देती है। वे धीमी सतह पर अपनी लय हासिल करने में असमर्थ रहे हैं और जैसे-जैसे फ्रेंच ओपन नजदीक आ रहा है, उनका संघर्ष चिंता का कारण बन गया है।इस जोड़ी ने सीज़न की जोरदार शुरुआत की और हार्ड कोर्ट पर ऑस्ट्रेलियन ओपन और मियामी ओपन खिताब जीते। हालाँकि, ऐसा लगता है कि उनकी टीम वर्क क्ले पर लड़खड़ा गई है। वे लगातार जीत दर्ज करने में सफल नहीं हो सके हैं। जबकि इटालियन ओपन में हार घरेलू टीम



की जोड़ी से हुई थी, क्ले पर हालिया प्रदर्शन अनुभवी जोड़ी के लिए अंतर्निहित संघर्ष का सुझाव देता है।उन पर बोलेली और वावास्सोरी ने दबदबा बना लिया, जिन्होंने बोपन्ना और एबडेन की असंगतियों का फायदा उठाया। उन्होंने इटालियन ओपन के शुरुआती दौर में पासारो/अर्नाल्डी में एक और इतालवी जोड़ी को 6-2, 6-2 के स्कोर से हराया।क्ले कोर्ट टेनिस के शिखर फ्रेंच ओपन के साथ, बोपन्ना और एबडेन को जल्दी से लाल मिट्टी पर अपना पैर जमाना होगा क्योंकि सीजन का दूसरा ग्रैंड स्लैम ओपन टूर्नामेंट 20 मई से शुरू हो रहा है। पिछली बार टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसीसी जोड़ी, सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबोल के खिलाफ मुकाबला हुआ था और वे अपने हालिया फॉर्म में सुधार करना चाहेंगे।

# U20 पुरुष फुटबॉल राष्ट्रीय : मिजोरम, मेघालय के लिए जीत की मांग

एजेंसी

**नारायणपुर।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल कर मिजोरम स्वामी विवेकानंद 20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में ग्रुप एफ में शीर्ष पर पहुंच गया। जहां महाराष्ट्र पर 3-2 की कड़ी जीत से मिजोरम के दो मैचों में छह अंक हो गए, वहीं बाद में दिन में राजस्थान पर समान अंतर से मेघालय की जीत से तीन टीमों के समापन के दिन छह-छह अंकों के साथ समाप्त होने की संभावना बढ़ गई। गुरुवार को ग्रुप मैच के.

मेघालय और राजस्थान दोनों के अब तीन-तीन अंक हैं और इस ग्रुप से क्वार्टरफाइनल में एकमात्र स्थान मिजोरम का राजस्थान से और मेघालय का महाराष्ट्र से गुरुवार को मुकाबला होने के बाद ही तय हो सकता है। मेघालय के खिलाफ अपने पहले मैच के विपरीत, जिसे उन्होंने बड़े अंतर से जीता था, मिजोरम को महाराष्ट्र के खिलाफ जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हारने वाली टीम दो बार बराबरी पर वापस आई, लेकिन मिजोरम ने 87वें मिनट में गोल करके मामला अपने नाम कर



लिया। उनके अब दो मैचों में छह अंक हैं। हाफ टाइम का स्कोर मिजोरम के पक्ष में 1-0 था।मिजोरम ने 8वें मिनट में बढ़त बना ली जब महाराष्ट्र के गोलकीपर निहार समीर आप्टे ने दाईं ओर से फ्री किक लेने की कोशिश में गड़बड़ी कर दी। वह केवल अनाड़ी ढंग से गेंद को ताड़ सका और मार्कस माल्सावमजुआला ने रिबाउंडर को हेडर में डाल दिया। महाराष्ट्र ने 55वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली, जिसका सारा श्रेय दाहिनी ओर के अदियता कल्लोली को गया। उसने गेंद ली, डिफेंस को तेजी से पार किया और एक कोणीय शॉट के साथ नेट हासिल किया। मिजोरम को फिर से बढ़त लेने के लिए 78वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा, जो कुछ मिनट तक ही कायम रहा। जबकि स्थानापन्न एमानुएल लालहुएजेला ने महाराष्ट्र के गोल के सामने हाथापाई का पूरा फायदा उठाते हुए गेंद को गोलकीपर के ऊपर फेंक दिया, मोहम्मद जाफर अल्ताफ ने दो मिनट बाद जवाबी हमला करके स्कोर 2-2 कर दिया। यह एक व्यक्तिगत प्रयास था जिसने उन्हें दाईं ओर दौड़ते हुए देखा और मिजोरम के गोलकीपर एच लालरिनजुआला को एक मापा ग्राउंडर से हराया।

# दिल्ली ने लखनऊ को 19 रनों से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स धमाल कर दिया है. दिल्ली टीम ने मंगलवार (14 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्त) के खिलाफ मैच खेला, जिसमें 19 रनों से जीत दर्ज की. प्लेऑफ के लिहाज से यह दिल्ली के लिए करो या मरो का मैच था. ग्रुप स्टेज में दिल्ली के सभी 14 मैच हो गए हैं, जिसमें से उसने 7 में जीत दर्ज की. पॉइंट्स टेबल में 14 अंक के साथ दिल्ली टीम अब पांचवें नंबर पर पहुंच गई है. उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्रा), चेन्नई सुपर किंग्स (ष्ट्स्य) और लखनऊ टीम की हार की दुआ करनी होगी. हालांकि इन सबके बावजूद दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल लग रहा है. इसका कारण उसका खराब नेट रनरेट है. करारी हार ने भी लखनऊ टीम का गणित पूरी तरह से बिगाड़ दिया है.



दूसरी ओर लखनऊ टीम का अभी आखिरी मैच बाकी है. उसने अब तक 13 में से 6 मैच जीते हैं और उसके 12 अंक हैं. लखनऊ 7वें नंबर पर है.दिल्ली के खिलाफ इस यही कारण है कि आखिरी मैच जीतने के बावजूद लखनऊ टीम का भी प्लेऑफ में जाना मुश्किल है. इसका कारण भी उसका खराब नेट रनरेट है.मौजूदा मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 209 रनों का टारगेट सेट किया. जवाब में लखनऊ टीम 9 विकेट पर 189 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया. लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने 27 गेंदों पर सबसे ज्यादा 61 रन बनाए. आखिर में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरशद खान ने 33 गेंदों पर 58 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली, मगर कोई भी लखनऊ टीम को मैच नहीं जिता सका. यह इस टीम की लगातार तीसरी हार है. दूसरी ओर दिल्ली के लिए तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. खलील अहमद, अक्षर पटेल, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला.

## काउंटी चैंपियनशिप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स इस सप्ताह काउंटी चैंपियनशिप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। स्टोक्स डरहम के लिए लंकाशायर के खिलाफ मैच से वापसी कर रहे हैं। स्टोक्स का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच मार्च की शुरुआत में भारत दौरे का अंतिम मुकाबला था। आईपीएल से हटने के बाद, स्टोक्स ने बाद में खुद को अगले महीने के टी20 विश्व कप के लिए अनुपलब्ध बना लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह टेस्ट समर में बल्ले और गेंद से पूरी भूमिका निभा सकें। नवंबर में उनके बाएं घुटने की सर्जरी हुई थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले लगभग दो महीने बचे हैं, स्टोक्स शुक्रवार को ब्लैकपूल में अपना अभ्यास शुरू करेंगे। डरहम एक जीत और तीन ड्रॉ के साथ डिवीजन वन में पांचवें स्थान पर है।मुख्य कोच रेयान कैंपबेल स्टोक्स के अपनी टीम और पूरी प्रतियोगिता पर पड़ने वाले प्रभाव से काफी उत्साहित थे। कैंपबेल ने बीबीसी रेडियो न्यूकैसल से बातचीत में कहा, हम अपने सीज़न की शुरुआत करना चाहते हैं और हम इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का पहली बार अपनी टीम में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं - यह बिल्कुल अद्भुत होगा। मेरा सुझाव है कि यदि आपके पास सप्ताहांत में कुछ दिन हैं तो आप ब्लैकपूल जाएं और डरहम के लिए महान बेन स्टोक्स की वापसी देखें। उन्होंने कहा, खिलाड़ी हमेशा प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हैं।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया टीम इंडिया के प्रशंसकों के लिए सभी स्थानों पर फैन जोन स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पिछले कुछ वर्षों में सर्वश्रेष्ठ श्रृंखलाओं में से एक बन गई है और प्रतिद्वंद्विता का अगला क्रम नीचे होने वाला है, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय प्रशंसकों के लिए एक विशेष पहल की है। ऑस्ट्रेलिया में खेल की सर्वोच्च संस्था प्रशंसकों को अधिकतम सुविधा प्रदान करने के लिए सभी पांच स्थानों पर समर्पित बैठने की जगह बनाएगी।हालांकि वे अभी तक बिक्री पर नहीं हैं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने प्रशंसकों से आग्रह किया है कि वे फैनज़ोन टिकटों की बिक्री शुरू होने के बाद जितनी जल्दी हो सके अपनी सीट सुरक्षित कर लें। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सुझाव दिया कि प्रशंसक अपने साथ ढोल या तुरही जैसे पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र भी ला सकते हैं ताकि उनका देखने का अनुभव बेहतर हो सके। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एनआरएमए टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी, इसके बाद दूसरा गुलाबी गेंद या दिन-रात टेस्ट एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होगा। इसके बाद




कार्रवाई 14 दिसंबर को ब्रिस्बेन के गाबा में स्थानांतरित हो जाएगी, जबकि बॉक्सिंग डे टेस्ट अनिवार्य रूप से मेलबर्न द्वारा आयोजित किया जाएगा।इस बीच, टीम इंडिया पिछले दो मौकों पर 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर विजयी हुई।यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑस्ट्रेलिया ने 2015 के बाद से भारत को टेस्ट श्रृंखला में नहीं हराया है। हालांकि, पैट कमिंस और कंपनी। जून 2023 में लंदन के ओवल में ICC विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान उनसे बेहतर प्रदर्शन किया।

## जिन टीमों में कोच पर्दे के पीछे काम करते हैं और खिलाड़ियों को आजादी देते हैं वे बेहतर प्रदर्शन करती हैं- रायुडू

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू को इसमें कोई संदेह नहीं है कि आईपीएल टीमें जो अपने खिलाड़ियों को स्वामित्व लेने के लिए सशक्त बनाती हैं, वे उन टीमों की तुलना में अधिक सफल होती हैं जो निर्णय लेना कोचों के हाथों में छोड़ देते हैं।टीम के माहौल को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए, इस पर चर्चा में, भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर गौतम गंभीर का उदाहरण दिया। जिस तरह से गंभीर अपने खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने की आजादी देते हैं, वह उन्हें पसंद है और उनके अनुसार, यह इस सीजन में अब तक दो बार के आईपीएल चैंपियन की सफलता की कुंजी रही है।÷अगर कोच पीछे की सीट लेते हैं और पर्दे के पीछे काम करते हैं, और खिलाड़ियों को स्वामित्व लेने देते हैं, और खिलाड़ियों को मैदान पर प्रदर्शन करने की आजादी देते हैं, तो ऐसी टीमें ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, और यही है केकेआर क्या कर रहा है, '55 एकदिवसीय और छह टी 20 आई के अनुभवी रायुडू ने मंगलवार को स्टार स्पोर्ट्स को बताया। गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल विजेता केकेआर इस सीज़न



में प्लेऑफ़ में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई और वर्तमान में नौ जीत के बाद 19 अंक पर है।गंभीर इस सीज़न में केकेआर के मेंटर के रूप में लौटे और उनकी उपस्थिति को लगभग एक दशक के बाद टीम के पुनरुत्थान का श्रेय दिया जा रहा है।छह आईपीएल विजेता टीमों का हिस्सा रहे रायुडू ने कहा, ÷गौतम गंभीर सिर्फ उन्हें सुविधा प्रदान कर रहे हैं और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन कर रहे हैं... यदि आप इसे सरल रखते हैं, तो यह आसान है। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने टीम जीत या हार के बावजूद ड्रेसिंग रूम में सकारात्मकता लाने के लिए केकेआर के पूर्व कोच ब्रेंडन मैकुलम की सराहना की।÷जब मैं केकेआर का हिस्सा था, ब्रेंडन वहां थे। शानदार कोच। मैंने अब तक जिन शीर्ष लोगों के साथ काम किया है उनमें से एक। वह उस ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक थे। चाहे आप जीतें या हारें, वह वैसे ही बने रहे। उस सीज़न की शुरुआत में हम लगभग 6-7 गेम हार गए, और हम फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए।

# बाबर आजम ने तीसरे टी20 में तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड

एजेंसी

**डबलिन।** पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में 75 रन की आतिशि पारी खेली और भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाबर आजम ने डबलिन में खेले गए निर्णायक मैच में नंबर-3 पर आकर केवल 42 गेंदों में छह चौके और पांच छक्के की मदद से 75 रन बनाए।

बाबर आजम ने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का 39वां अर्धशतक जमाया। 29 साल के बाबर आजम ने इसके साथ ही टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक जमाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। बाबर आजम ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 38 टी20 इंटरनेशनल अर्धशतक ठोके हैं।

**रिजवान-वॉर्नर भी क्लब का हिस्सा**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में सबसे ज्यादा अर्धशतक जमाने वालों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर काबिज हैं। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहति शर्मा ने 34 अर्धशतक जमाए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान इस



स्पेशल क्लब में चौथे स्थान पर काबिज हैं। रिजवान ने 29 अर्धशतक जमाए हैं।

रिजवान ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में 38 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 56 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वॉर्नर टॉप-5 की लिस्ट को पूरा करते हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज वॉर्नर ने 27 अर्धशतक जमाए हैं।

**टी20 इंटरनेशनल प्रारूप में सबसे ज्यादा अर्धशतक जमाने वाले बैटर**

39 - बाबर आजम
38 - विराट कोहली
34 - रोहित शर्मा
29 - मोहम्मद रिजवान
27 - डेविड वॉर्नर

**पाकिस्तान की दमदार जीत**

बता दें कि बाबर आजम (75) और मोहम्मद रिजवान (56) की उम्दा पारियों के दम पर पाकिस्तान ने मंगलवार को तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में आयरलैंड को 18 गेंदें शेष रहते 6 विकेट से मात दी। डबलिन में खेले गए मैच में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 17 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

**टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी**

पाकिस्तान के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी के लिहाज से यह सीरीज महत्वपूर्ण थी। अब 22 मई से पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेलकर वर्ल्ड कप की अपनी तैयारियों को पुख्ता करेगी। वैसे, पाकिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अब तक अपने स्क्वाड की घोषणा नहीं की है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले सप्ताह में कभी भी टीम की घोषणा संभव है।

## भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने नॉर्थम्पटनशायर के साथ किया करार

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल अगले तीन काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए अल्पकालिक सौदे पर नॉर्थम्पटनशायर में शामिल होंगे।नॉर्थम्पटनशायर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, सिद्धार्थ ने 284 प्रथम श्रेणी विकेट, 16 प्रथम श्रेणी पांच विकेट हॉल लिए हैं और वह अपनी नई काउंटी के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। 33 वर्षीय कौल ने 2018 में तीन टी20 और तीन वन-डे मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज और लॉर्ड्स में दो बार विकेट नहीं ले पाए। हाल ही में, कौल ने रणजी ट्रॉफी में पंजाब का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 31.26 के सीज़न औसत से 15 विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशायर के हवाले से कौल ने कहा, मैं नॉर्थम्पटनशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां आकर बहुत खुश हूं और टीम को मैच जीतने और पदोन्नति के लिए प्रेरित करने में मदद करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे विश्वास है कि मैं मैच में किसी भी स्थिति में अपने साथियों को जीतने में मदद करने के लिए अपनी सकारात्मक मानसिकता और अनुभव लाऊंगा।

# महिला क्रिकेट : बीसीसीआई ने की दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे के कार्यक्रम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की भारत दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

घरेलू श्रृंखला क्रमशः 16, 19 और 23 जून को बेंगलुरु में होने वाले वनडे मैचों के साथ शुरू होगी। वनडे श्रृंखला 2022-2025 आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा हैं।

इसके बाद दोनों टीमें चेन्नई जाएंगी, जहां 28 जून से 1 जुलाई तक एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। इसके बाद टी20ई श्रृंखला होगी।

**दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम के भारत दौरे के कार्यक्रम-**

अभ्यास मैच-

13 जून- अभ्यास मैच-दक्षिण अफ्रीका बनाम बोर्ड प्रेसिडेंट एकादश-बेंगलुरु

**एकदिनी श्रृंखला**

16 जून- पहला वनडे- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-बेंगलुरु

19 जून- दूसरा वनडे- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-बेंगलुरु

23 जून- तीसरा वनडे- भारत बाम दक्षिण अफ्रीका-बेंगलुरु




टेस्ट-

28 जून से 1 जुलाई- एकमात्र टेस्ट-भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-चेन्नई

**टी-20 श्रृंखला**

5 जुलाई- पहला टी-20-भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-चेन्नई

7 जुलाई- दूसरा टी-20-भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-चेन्नई

9 जुलाई- तीसरा टी-20-भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका-चेन्नई

## राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्सःतजिंदरपाल ने अपना खिताब बचाया, जेसविन ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

**ओडिशा।** भारतीय एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर ने ओडिशा के भुवनेश्वर में चल रहे नेशनल फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में अपने पुरुष शॉट पुट खिताब का बचाव किया।

दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन ने अपने तीसरे प्रयास में 20.38 मीटर का सीज़न का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और लगातार चौथे वर्ष पुरुषों के शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता।

पिछले साल भुवनेश्वर में भारतीय चैंपियनशिप में 21.77 मीटर का थ्रो दर्ज करने के बाद तजिंदर ने पुरुषों के शॉट पुट में एशियाई और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

हालाँकि, उनका प्रयास आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए एथलेटिक्स क्वालिफिकेशन विंडो 1 जुलाई, 2023 को खुलने से पहले दर्ज किया गया था। उन्हें अभी भी 21.50 मीटर के ओलंपिक शॉट पुट क्वालिफिकेशन मानक को हासिल करना बाकी है। समरदीप सिंह गिल ने 18.93 मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता, जबकि आर्यन त्यागी ने 18.07 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। जेसविन एल्ड्रिन, जो एक अन्य राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, पुरुषों की लंबी कूद में एक्शन में थे। उन्होंने सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग 7.99 मीटर दर्ज की, लेकिन इस साल एक बार फिर 8.0 मीटर का आंकड़ा छूने से चूक गए।जेसविन, जिन्होंने 2023 में इंडियन ओपन जंप प्रतियोगिता में 8.42 मीटर के प्रयास के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मानक से आगे बढ़ने में भी असफल रहे। आर्या एस ने 7.83 मीटर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पिछले साल राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन बने मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.81 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भाला फेंक स्पर्धा में, बिबिन एंटनी, विकास यादव और विवेक कुमार सभी ने पुरुषों की भाला फेंक क्वालीफायर में 70 मीटर का आंकड़ा पार किया और शीर्ष तीन में रहे। बुधवार को भाला फेंक फाइनल में उनका मुकाबला ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा, एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता किशोर जेना और सात अन्य से होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 16 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने घर से किया मतदान

**सिरसा: भारत निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन की ओर से दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर से ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में बुधवार से ऐसे मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो कि 20 मई तक चलेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि बुधवार को सिरसा लोकसभा क्षेत्र में दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने घर से अपने मत का प्रयोग किया। इन मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया के लिए 26 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जो कि घर जाकर ऐसे मतदाताओं का मतदान करवाएंगी। यह मतदान प्रक्रिया 20 मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि जिला सिरसा से 293 दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 742 मतदाताओं ने घर से वोट डालने के लिए फार्म 12-डी भर कर आवेदन किया है।

## लोस चुनाव: 10 प्रत्याशियों के नामांकन वैध

**मीरजापुर:** लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 79 मीरजापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को पूरी हुई। 36 उम्मीदवारों ने कुल 49 सेट में नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की गहन जांच के बाद 10 उम्मीदवारों के पर्चे वैध पाए गए, जबकि 26 के पर्चे विभिन्न कारणों से निरस्त हो गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग आफिसर प्रियंका निरंजन ने नामांकन पत्रों की संवीक्षा जांच की। संवीक्षा के पश्चात 10 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के वैध अभ्यर्थियों में अनुप्रिया पटेल अपना दल सोनेलाल, मनीष कुमार बहुजन समाज पार्टी, रमेशचंद्र समाजवादी पार्टी का नामांकन पत्र वैध मिला। वहीं राष्ट्रीयकृत राजनैतिक दल के अभ्यर्थी (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) वैध अभ्यर्थियों में से अनिल कुमार एकलव्य समाज पार्टी, दौलत सिंह अपना दल कमेरावादी, रामधनी राष्ट्रीय समाज पक्ष, सत्य देव पूर्वांचल महापंचायत, समीर सिंह आल इंडिया फारवार्ड ब्लाक का नामांकन पत्र वैध मिला।

# बुंदेलखंड हुआ माफिया मुक्त : सीएम

## बुंदेलखंड के डिफेंस कॉरिडोर से बनी तोप से पाकिस्तानी की पैंट होगी गीली: योगी आदित्यनाथ

निशाना साधा

▸▸ पिछले 10 सालों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुंदेलखंड के विकास को गति मिली: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौन:** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जालौन में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बुंदेलखंड को गुंडों और माफियाओं के हवाले कर दिया था। इसका नतीजा यह नतीजा यह हुआ कि यहां का किसान और नौजवान पलायन कर रहा था। लेकिन पिछले 10 सालों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुंदेलखंड के विकास को गति मिली और एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ और अब डिफेंस कॉरिडोर बनने जा रहा है। यहां के कोरिडोर में बनी तोप से पाकिस्तानी की पैंट गीली हो जाएंगी। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उरई के राजकीय इंटर कॉलेज दोपहर 3 बजे पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा और मोदी सरकार को दोबारा जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में जो भी चमत्कार हो रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। एक्सप्रेसवे निर्माण के बाद अब यहां डिफेंस कॉरिडोर बनने जा रहा है। पिछले 10 वर्ष में मोदी जी ने बिना रुके बिना झुके, बिना डरे किसानों महिलाओं के हित में काम किया है। उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान पर पल भर करते हुए कहा कि यह चुनाव ध्रुवीकरण का नहीं बल्कि राम भक्तों और राम विरोधियों के बीच हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह जो रामद्रोही है यह केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं इनको न जाति की चिंता है न प्रदेश की चिंता है न देश की चिंता है न आपकी आस्था की चिंता है न गरीब की चिंता है न किसी की चिंता है न महिलाओं की चिंता है ना बेटी की चिंता है न व्यापारी की चिंता है इनको केवल अपने परिवार की चिंता है।

कांग्रेस जो समाजवादी सरकार में आतंकवादी हमले होते थे। भाजपा सरकार में कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान अपनी सफाई देने लगता है।

## सामंतवादी और परिवारवादी मोदी का कर रहे विरोध: केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थनगर:** इस चुनाव में मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी प्रधान सेवक हैं। वे गरीबों के सेवक एवं नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य तथा महिलाओं के सम्बल हैं। वे पिछड़े वर्ग के गरीब परिवार से हैं। सामंतवादी,परिवार वादी ,भ्ष्टार्चारी उनका विरोध कर रहे हैं। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के ललिता इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित जनसभा में दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर होगी। सपा सरकार में गुंडे खाली जमीन कब्जा कर लेते थे। यूपी में योगी की सरकार बनते ही गुंडई समाप्त हो गई।

## अब सत्ता से बाहर जाने की भाजपा की बारी: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**बांदा:** जिले में अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पहुंची। उन्होंने मंच से कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ज्यादा समय तक कांग्रेस सत्ता में रही। गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा सरकार के सत्ता से बाहर जाने की बारी है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अभी तक नहीं भरा गया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी और भाजपा को ब्राह्मण विरोधी करार दिया। मायावती ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को ही मालामाल कर रहे हैं, गरीबों की उनको कोई फिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एंजेसियों का



राजनीतिकरण कर दिया है। उन्होंने भाजपा और इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र को हवा-हवाई बताते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी इसी वजह से घोषणा पत्र नहीं बनाती, पार्टी जो कहती है वह करती है। एक अकेले बसपा को छोड़ सभी दलों ने करोड़ों रुपये का चंदा पूंजीपतियों से वसूला है। मायावती ने कहा कि यदि बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी तो युवाओं को नौकरी मिलेगी और मुस्लिमों का उत्पीड़न तो रुकेगा ही साथ-साथ जिस तरह पार्टी ने प्रदेश का विकास किया था उसी तर्ज पर देश को विकास की धारा से जोड़ा जाएगा।

## देश में डर का माहौल, हमारा सरकार से मोहभंग: सरस्वती



**टीम एक्शन इंडिया**

**अलवर: जगदगुरू** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बुधवार को अलवर में पत्रकारों से बातचीत में केन्द्र की मोदी सरकार, भाजपा, कांग्रेस व आप सहित अन्य पार्टियों पर भी खूब बरसे। उन्होंने कहा कि इस बार वाराणसी में गौसेवक आंध्र प्रदेश के पोलीसती के शिवकुमार ने सबसे पहले नामांकन दाखिल किया है। वे गौमाता गठबंधन में शामिल हैं और उनके अधिकत प्रत्याशी हैं। अब वाराणसी के मेयर उनके प्रस्तावकों को डरा उनसे हटने के लिए दवाब डाल रहे हैं। भाजपा का प्रयास है कि प्रस्तावकों को हटाकर गौसेवक शिवकुमार का नामांकन खारिज कराने का है। उन्होंने कहा कि गौमाता की रक्षा के लिए उनकी ओर से देश में कई जगह प्रत्याशी खड़े किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गौहत्या पर रोक लगाने के लिए पांच महीने पहले भाजपा, कांग्रेस, आप सहित अन्य बड़ी पार्टियों से शपथ देने को कहा था, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

**देश में एक लोकसभा चुनाव ही नहीं, हर रोज होते हैं कोई न कोई चुनाव:** जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि हम लोग गौमाता की रक्षा की बात उठा रहे हैं। यह प्रयास कोई लोकसभा चुनाव के लिए नहीं है, बल्कि हर रोज कोई न कोई चुनाव होते हैं। इस कारण हम देश में 35 करोड़ मतदाताओं को गौमाता की रक्षा के लिए संकल्पित कर रहे हैं।

**खूब धमकियां मिल रही, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे:** शंकराचार्य ने कहा कि उन्हें खूब धमकियां मिल रही है, उन्हें बोलने से रोका जा रहा है, मारने की बात कही जा रही है, मठ उजाड़ने, नकली शंकराचार्य खड़े करने की बात हो रही है, लेकिन देश में गोमाता की रक्षा के कार्य से वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे किसी पार्टी के खिलाफ नहीं है।

जुबानी हमले

▸▸ इस बार वाराणसी में गौसेवक आंध्र प्रदेश के पोलीसती के शिवकुमार ने सबसे पहले नामांकन दाखिल किया

## सियासी घमासान: सज गया पंजाब का रण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर मुख्य रूप से 52 दिग्गजों में सियासी घमासान होगा। 17 मई को नाम वापसी के साथ तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी, लेकिन चार प्रमुख पार्टियों आप, कांग्रेस, शिअद व भाजपा के उम्मीदवारों के लिए सियासी अखाड़ा पूरी तरह से तैयार है। इन पार्टियों के 52 प्रत्याशी चुनावी दंगल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जालंधर की सीट पर एक रूप से समधी आमने-सामने हैं। जालंधर सीट से कांग्रेस से प्रदेश के पूर्व सीएम रह चुके चरणजीत चन्नी मैदान में हैं। वहीं शिअद से मोहिंदर सिंह केपी भी मैदान में हैं। मोहिंदर केपी की बेटी की शादी चन्नी के



भतीजे के साथ हुई है। ऐसे में ये दोनों समधी भी हैं। दोनों दलित नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। भाजपा से प्रत्याशी इस सीट पर आप के टिकट से सांसदी जीत चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आप ने रिंकू को अपना चेहरा बनाया था, लेकिन वह टिकट लौटाकर भाजपा में शामिल हो गए। आप में शामिल होने से पहले रिंकू कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जालंधर में रिंकू अच्छी पकड़ रखते हैं। जालंधर सीट पर शिअद ने भी मजबूत और अनुभवी प्रत्याशी उतारा है। यहां मोहिंदर सिंह केपी को शिअद ने उतारकर कड़ी टक्कर दी है। वह दोआबा क्षेत्र में दलित नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। 1992 और 1995 में कांग्रेस सरकार में मंत्री और 2009 में जालंधर से सांसद रह चुके हैं। दक्षिणी जालंधर से केपी 1985, 1992 और 2002 में विधायक रह चुके हैं।

प्रचार पर जोर

▸▸ 17 मई को नाम वापसी के साथ तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी, होगा सियासी दंगल

## केजरीवाल 16 से पंजाब में करेंगे प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को पंजाब दौरे पर आ रहे हैं। सबसे पहले वह अमृतसर पहुंचेंगे और यहां से पंजाब में लोकसभा चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल करीब दो माह बाद पंजाब आ रहे हैं। 21 मार्च को शराब नीति मामले में ईडी ने उनको गिरफ्तार किया था। जानकारी के मुताबिक वह गुरुवार को शाम 6 बजे अमृतसर में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल के पक्ष में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे।

## स्वाति आये समाने, मान-सम्मान-स्वाभिमान से बड़ा कुछ नहीं: जयहिंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ नवीन जयहिंद ने स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना को एक स्कैंडल बताते हुए कहा कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास गटर हाउस है जिससे बड़ी गन्दी बदबू आ रही है। गटर हाउस में हुई ये घटना एक गहरी साजिश और बहुत बड़ा स्कैंडल है।इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। क्योंकि उसके घर पर ये घटना हुई है। जिसने इस घटना को अंजाम दिया है उसकी इतनी औकात नहीं है कि वो एक राज्य सभा सांसद के साथ इस तरह की घटना को अंजाम दे। जयहिंद ने स्वाति की जान को खतरा बताते हुए कहा कि उसे डराया जा रहा है और धमकाया जा रहा है। नहीं तो कोई पीसीआर को फोन कर बुलाता और न ही वो थाने में जाती। अब भी उसे चुप कराया जा रहा है डराया जा रहा है। जयहिंद ने कहा कि ये मामला पूर्व पत्नी का नहीं है सिर्फ , लाखों महिलाओं का मान -सम्मान और स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। अगर पूर्व पत्नी का मामला होता तो अब तक जो हाथ स्वाति पर उठे वे हाथ टूट चुके होते और जिसने अपनी जुबान से इस साजिश के आदेश दिया है उसकी जुबान निकल चुके होते।

## गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पहुंचे सर्वाधिक तीर्थयात्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है। जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालु पहुंचे। इससे धाम में खासी चहल-पहल देखने को मिली। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई। चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों के रिकॉर्ड था। लेकिन इस साल गत दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है।

## कार्रवाई: स्माइलौक्स कंपनी का नारकोटिक ड्रग लाइसेंस रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**


**बरोटीवाला (सोलन):** ड्रग लाइसेंस अथॉरिटी ने स्माइलैक्स फार्मा कंपनी का नारकोटिक ड्रग (नशीली दवाओं) का लाइसेंस रद्द कर दिया है। नोटिस का जवाब न मिलने पर ड्रग लाइसेंस अथॉरिटी ने यह कार्रवाई की है। इसी कंपनी की दूसरी इकाई बायोजेनिटक कंपनी को भी नोटिस दिया है। अगर वह भी समय पर जवाब नहीं देती तो उसका भी लाइसेंस रद्द किया जाएगा। विभाग ने बीते सप्ताह ही कंपनी को नोटिस



जारी किया था, मगर कंपनी प्रबंधकों ने कोई जवाब नहीं दिया। मोहाली में प्रतिबंधित दवाएं मिलने के बाद पंजाब के नारकोटिक सेल व एसटीएफ की टीम ने बद्दी की स्माइलैक्स फार्मा कंपनी में दबिश दी थी। यहां पर टीमों को प्रतिबंधित दवाओं के साथ-साथ ट्रामाडोल और कफ सिरप में इस्तेमाल होने वाला कोडिन भी मिला।

झटका

▸▸ दूसरी इकाई बायोजेनिटक कंपनी को भी नोटिस दिया है। जवाब नहीं देती तो उसका भी लाइसेंस रद्द किया जाएगा





चुनावी रण

सपा-भाजपा की टक्कर के बीच बेबस दिखा बसपा का हाथी

## कन्नौज में खिलेगा कमल या बढ़ेगी साइकिल की रफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्नौज :** लोकसभा चुनाव निपट चुका है। कन्नौज संसदीय क्षेत्र की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। उनका फैसला ईवीएम में कैद होकर सुरक्षा के घेरे में है। अब चार जून को ये तय होगा कि इत्रनगरी का सांसद कौन होगा, हालांकि यह तय है कि सपा और भाजपा में इस सीट पर जोरदार टक्कर देखने को मिली। बसपा सिर्फ मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में ही जुटी रही। सपा जहां अपने इस गढ़ पर फिर से काबिज होने के लिए जोर लगाती दिखी तो भाजपा अपनी पिछली कामयाबी को दोहराने की कोशिश में रही। इन दोनों की लड़ाई में बसपा मैदान से बाहर



दिखी। सपा और भाजपा की आमने-सामने की टक्कर में बसपा सिर्फ अपने काडर वोट तक ही सीमित दिखी। अखिलेश यादव के खुद मैदान में उतरने से सपा और उसके कार्यकर्ताओं का बढ़ा हुआ मनोबल वोटर को बूथ तक लाने में कामयाब दिखा। पिछली बार नजदीकी मुकाबले में भाजपा से मिली हार की कसक को दूर करने के लिए सपा ने खूब जोर दिखाया। अखिलेश यादव के मैदान में आने से यहां सपा सदर विधानसभा और छिबरामऊ विधानसभा में बेहतर हालत में दिखी, हालांकि इन दोनों ही सीट पर कई जगह भाजपा का खूब जोर दिखा। तिर्वा सीट पर भी सपा और भाजपा में कड़ी टक्कर की खबर है। भाजपा के सुब्रत पाठक अपनी कामयाबी दोहराने के लिए लगातार क्षेत्र में रहे। बूथों पर उसका असर दिखा है। सिर्फ चुनाव के ही दौरान मैदान में उतरने वाली बसपा इस बार सिर्फ किसी करिश्मे की ही उम्मीद में दिखी।

**अपने गढ़ में बढ़त पर दिखी सपा, भाजपा भी लगाती रही जोर:** लोकसभा चुनाव में कन्नौज संसदीय सीट की पांच विधानसभा सीटों में से सदर विधानसभा के वोटरों ने खूब जोश दिखाया। इस सीट के सभी 485 पोलिंग बूथ पर सोमवार सुबह से ही लोकतंत्र का त्योहार मनाने के लिए लाइन लगी रही।